बड़ौदा डायनामाइट षड्यंत्र

विद्रोह का अधिकार

बड़ौदा डायनामाइट षड्यत्र

वि द्रो ह का अ धि का र

सी० जी० के० रेड्डी

अनुवाद गिरधर राठी

मूल्य बीस रुपये (20 00)

प्रथम संस्करण 1977
BARODA DYNAMITE CONSPIRACY VIDROH KA ADHIKAR
(Hindi version of Baroda Dynamite Conspiracy The Right to Rebel)
by C G K Reddy

पत्नी विमला को

जिसके साहस और धय न मुझे
जेल से जीवित न निकल पान की सभावना का
शांति और प्रसन्नता के साथ
सामना करन का बल दिया

आभार

मन्न तथा उदार आर चद्रचूड़न का मैं ऋणी हू जिन्होंने अतिम रूप से प्रूफ इत्यादि देखे इस कहानी में वह भी शरीक थे। दिल्ली मे वह जार्ज फर्नांडीस के मेज़बान थे जिसके कारण उन्हे अपना पद खोना पडा।

मीना शर्मा एम श्रीनिवासन और डोरीन मेनेजोज धन्यवाद के पात्र हैं जिन्हाने बहुत दक्षता से मेरा डिक्टेशन लिपिबद्ध किया।

दो शब्द

खुद को जन्मजात विद्रोही कहूं या नहीं पर जहां तक मुझे याद पड़ता है मैं हमेशा रीति रिवाज परंपरा धर्म और सत्ता के खिलाफ रहा हूं। मूर्तिभंजन में मुझे हमेशा आनंद और संतोष मिला है और तथाकथित महापुरुषों या नायकों का खोखलापन टटोलने की मेरी आदत भी रही है। बचपन में इन प्रवृत्तियों को खुलकर खेलने का मौका नहीं मिल सका था। लीक से हटने में जोखिम था। खुली बगावत की कल्पना असंभव थी। परिवार में सबसे छोटा था, लिहाजा अपने भाई बहनों पर भी अपने मन के राज नहीं खोल सकता था। उस उम्र में मेरी बातें समझने वाला कोई दोस्त भी मुझे नहीं मिला।

किशोर अवस्था में प्रवेश से पहले ही ईश्वर में मेरी आस्था खत्म हो चुकी थी। उन्हीं दिनों मैं ब्रिटिश विरोधी हो गया, और निरंकुशता के हर रूप—मां बाप शिक्षक या सरकार—का विरोधी भी। सन '40 के आसपास जब मैं प्रशिक्षण जहाज डफरिन में कैडेट बना, ब्रिटिश सरकार के प्रति मेरा रोष इतना बढ़ गया था कि मैं बड़ी झंझट में पड़ गया। 1938 में नौसेना में मेरा चयन सर्वश्रेष्ठ कैडेट के रूप में होना चाहिए था, पर जब वैसा नहीं हुआ, तो मुझे घोर निराशा और हैरत हुई। आजादी मिलने के बाद जब भारतीय अफसर प्रशिक्षण जहाजों के कर्त्ताधर्ता बने तब इसका भेद खुला। ब्रिटिश कप्तान सुपरिंटेंडेंट ने अपनी गोपनीय रिपोर्ट में लिख दिया था कि मैं गांधीवादी हूं— भरोसे के लायक नहीं।' यह टिप्पणी न केवल मेरे नौसेना में प्रवेश पर निषेध के लिए बल्कि मेरा करियर चौपट करने के लिए भी काफी थी। बहरहाल उन्होंने मुझे प्रशिक्षण लेकर कलकत्ता में अप्रेंटिस बन जाने दिया जिसके बाद मैं उन दिनों की प्रसिद्ध ब्रिटिश इंडिया स्टीम नेवीगेशन कंपनी में जूनियर इंजीनियर बन गया।

कलकत्ता में ही 1938 40 के बीच राजनीति में मेरी सक्रियता और प्रतिबद्धता की शुरुआत हुई। उन दिनों जैसा कि आज भी कुछ हद तक है बंगाल एक महान राजनीतिक विद्यालय जैसा था, खासकर संवेदनशील नवयुवकों के लिए। बंगाल के क्रांतिकारियों के सहवास में उन्हीं दिनों मैं भारत की आजादी और समाजवाद के प्रति प्रतिबद्ध हो गया। एलेनबाय रोड पर हमारी 'चमरा' (बासा) और एल्गिन रोड पर सुभाषचंद्र बोस का घर बिलकुल एक दूसरे के पीछे थे। अन्य युवकों की तरह मैं भी वैचारिक रूप से उनके करीब था और भौतिक रूप से भी नजदीक रह रहा था। इस कारण मैं एकाधिक बार उनके संपर्क में आया। मेरे कहने पर कुछ सहकर्मी भूतपूर्व कैडेट मेरे साथ उनके पास गए और

युवा नौसैनिक अफसरो की भूमिका पर उनकी राय हमन दरयाफ्त की। उसके बाद उनसे कोई सपक नही हुआ पर जब वह देश स पलायन कर गए तो कलकत्ता की पुलिस ने मुझे गिरफ्तारी का सम्मान दिया—उनका खयाल था कि बोस के भागने मे मेरा भी हाथ था!

पर नताजी से मेरा सबध वही खत्म नही हो गया। अप्रेंटिस रहन के बाद मैं जब जहाजी इजीनियर के रूप म काम कर रहा था मेरे जहाज चिलका को माच 1942 म जापानी पनडुब्बियो न हिन्द महासागर म डुबा दिया। नौ दिनो तक एक लाइफबोट म भयानक यात्रा के बाद मैं सुमात्रा के तट के पास एक छोटे से द्वीप नियास तक जा पहुचा जहा मुझे पता लगा कि जापानी उस पूरे भूभाग पर कब्जा कर चुके है जहा आज इडोनेशिया है।

भारत छोडने से पहले मुझे पता था कि सुभाष बाबू जमनी गए है। सुमात्रा म मैंने सुना कि वह दक्षिण-पूर्व एशिया म बसे भारतीयो को अग्रेजो के खिलाफ सगठित करने आ रहे हैं। उनके आने से पहले ही आजाद हिन्द फौज गठित हो चुकी थी और इडियन इडिपेंडेंस लीग ऐसे युवको की तलाश म थी जिन्हे प्रशिक्षण देकर भारत मे अग्रजो के खिलाफ प्रतिरोध सगठित करन भेजा जा सके जो विदेशों से मदद प्राप्त करें तथा तालमेल कायम करें। मेरी शिक्षा-दीक्षा और सुभाष बाबू स मेरे मामूली से सपक के कारण बीस युवको के पहले दस्ते म मुझे भारत भेज दिया गया। सितबर 1942 म बर्मा की सीमा पर चिटगाव जिले के टेकनाफ गाव म मैंने प्रवश किया। उसस पहल मेरे कुछ साथी पश्चिमी तट पर पनडुब्बियों से आ चुके थे और कुछ अय इम्फाल के रास्ते देश मे आए थे। जसा कि इन परिस्थितियो मे होता है, उनम से एक गिरफ्तार हो गया और सरकार स जा मिला। पुलिस को मेरे आन का पता चल चुका था इसलिए जब मैं कलकत्त के रास्त म था मुझे पकड लिया गया।

हममे स 19 लोगों को लालकिला दिल्ली मे और मद्रास की कालकोठरिया मे रखा गया। हम पर सम्राट के विरुद्ध युद्ध छेडने और शत्रुदूत अधिनियम' के अतगत मुकदमा चला। सशन जज श्री ई० मक न, जो बाद म मद्रास हाईकोट के जज बने फसला सुनाया। कानून की भाषा मे हम सभी अपराधी थ पर शायद जज को 19 नौजवानो को फासी पर लटकाने म हिचक हुई अत चार को फासी दी एक को पाच साल की कद और बाकी को छोड दिया। मैं दिसबर 1945 तक नजरबद रहा।

9 अगस्त 1943, भारत छोडो आदोलन की पहली सालगिरह के दिन, भोर म चार नवयुवक मद्रास म कालकोठरियों से मौत की ओर चल पडे। उन्हे घसीटना नही पडा न रास्ता दिखाना पडा। गव स उनके सिर उठे हुए थ और भारत माता की जय' 'महात्मा गाधी की जय के नारे लगाते हुए वे चले जा रहे थ।

केरल के अब्दुल कादिर बगाल के सतीश वधन, पजाब के फौजा सिंह और केरल के ही आनदन—य चारा जवान गव और बहादुरी के साथ मौत स जा मिले। चलत समय उन्हान हमे साहस रखन और उनपर नाज करन का सदश दिया। जब उनक गले म फन्दा पडा और पैरो के नीचे स कुए का दरवाजा हटाया गया उनके होठों पर ये आखिरी शब्द थे, 'भारत माता की जय'। उस सुबह मैं आसू नही रोक सका, और मौत का डर बिलकुल खत्म हो गया। इन चार साथियो शहीदो की मौत से मुझे विश्वास हो गया कि जीवन का तब तक कोई अथ नही है कोई मूल्य नही है जब तक कि वह सम्मान और सकल्प के साथ न जिया जाए।

तीन साल से अधिक के जेल प्रवास म मेरा मस्तिष्क प्रौढ हुआ, और मेरे सकल्प दढतर। उस समय तक मुझमे जो युवा सुलभ वामपथी रुझान मात्र था, वह अब समाजवाद के प्रति सुचिंतित आस्था म बदल गया। मैंने अपनी आखों काग्रेसी नताओ का असली रूप भी देख लिया। कहते हैं शराब से ढोग की झीनी परत घुल जाती है। उसी तरह जेल मे भी मनुष्य का असली स्वभाव सामने आ जाता है। पहली पात के नेताओ को दखने का अवसर मुझे नही मिला, लेकिन दूसरी पात तो पूरी सामने थी। घणित स्वाथपरता, कमीनापन, बेईमानी, ढोग और निम्नतम प्रवत्तिया सबके सामने उजागर थी। तभी से हमारे आज़ादी के आदोलन के 'महाबलियो' पर स मेरी आस्था उठने लगी। जेल से बाहर आने पर मैं आराम से काग्रेस पार्टी म शामिल हो सकता था। जल्दी ही प्रतिष्ठा और सत्ता के ऊचे पदा पर पहुचने की योग्यता और क्षमता भी मुझमे थी। पर उसका अथ होता अपनी मान्यताओं को एक ध्येय के प्रति समपणभाव को तिलाजलि देना। इसीलिए मैंन कमोबेश स्थाई रूप से विद्राही की भूमिका अपनाई।

इसी मनोदशा म सौभाग्य से मेरी मुलाकात कलकत्ता म डाक्टर राममनोहर लाहिया से हो गई जो अप्रैल 1946 म जेल से छूटे थे। तब स लेकर 1967 मे उनकी मृत्यु तक हमारे बीच एक घनिष्ठ सबध बना और कायम रहा—मेर मन मे उनके लिए श्रद्धा थी, और उनके मन म स्नेह और विश्वास। डाक्टर लोहिया से ही मैंने राजनीतिक सूझबूझ जिज्ञासा और खोजबीन की भावना और बिना समझे-बूझे किसी चीज़ को स्वीकार न करने की आदत सीखी। अन्याय और असत् से लडने की सकल्पशक्ति भी मैंन उन्ही स पाई। गाधीजी क बाद देश मे पैदा हुए वह सबसे बडे राजनीतिक विचारक थ, और उन सबस अधिक मानवीय, जिन्ह मैंने अब तक जाना है या जानूगा।

डाक्टर लोहिया ने ही मुझे जवाहरलाल नेहरू की बेइमानी और छल को समझने लायक बनाया, जिन्ह कि तब तक और उनकी मृत्यु तक भी देश को गौरव दिलान वाले महान पुरुष के रूप म पूजा जाता था। अब जाकर, उन दोनो की मृत्यु

के वरसों वाद आज देश इस मिथक को छोडने को तैयार हो रहा है कि नहरू एक महान जनवादी समाजवादी और मुक्तिदाता थ और देश अब उस व्यक्ति के दभ, क्षुद्रता और कूटनीतिज्ञता को समझने लगा है। नेहरू पूजा के दौर म, जिसम समाजवादी भी शामिल थ अकले लोहिया ने नहरू के रूप म मूत्त बुराई को समझा था। समाजवादी नेतत्व क निचल तवका म जिन कुछ लागा न लोहिया द्वारा किए गए नेहरू तथा उनकी सरकार के मूल्याकन का स्वीकार किया उनम से एक मैं भी था। पहली लोकसभा म दोनो सदनो म अकले मैंने नहरू तथा उनकी नीतियो पर प्रहार किया। मुझ अच्छी तरह याद है कि उनकी विदेशनीति जिस तब चारो ओर स अत्यत नैतिक और प्रभावशाली बताया जा रहा था उस जब मैंने बजर और निरथक निरूपित किया तो सदन म चेहरे देखने लायक थे — और सदस्यो की तिरस्कार भरी चीख पुकार भी।

डॉक्टर लोहिया से ही मैंने गाधीजी की महानता उनका एतिहासिक महत्त्व तथा प्रासगिकता को पुन समझा 1940 म जब भारत क नौजवान सुभाप के व्यक्तित्व से आकृष्ट थ तथा उन्ह काग्रेस स निष्कासित-सा करने के लिए महात्मा को कोस रहे थे मैं भी गाधी को तिलाजलि दे चुका था। लोहिया के कारण ही मैं मार्क्सवाद पर अधविश्वास स बच गया और अविकसित देशों म विकेन्द्रीकरण तथा आत्मनिर्भरता का महत्त्व समझ सका। विदेश नीति क मामल म भी मैंन देखा कि लोहिया की तीसरी दुनिया—तीसरे शिविर की परिकल्पना ही कुछ महत्त्व रखती है। उनके अन्य सभी विचारो की तरह ही पहले तो इसका मजाक उडाया गया फिर उसकी नकल की गई और अतत उसे भोडा बनाकर छोड दिया गया। नेहरू की गुटनिरपेक्षता एक विरूपण मात्र था—निरथक बजर देशहित से रहित।

सोशलिस्ट पार्टी म भी मैं पूरी तरह से लोहिया के साथ था और उनके साथ तत्कालीन राष्ट्रीय नेतत्व की दृष्टि क छिछलेपन पूवग्रह और सिद्धातहीन तिकडमो का भडाफोड करता रहा। 1953 म बतूल म जहा नहरू से गठबधन करने की जे० पी० की नीति एव अशोक मेहता की अविकसित देशो की राज नीतिक विवशताओ वाली थीसिस पर हमल हुए मैं आग आगे था और मुझ पर जिम्मेदार लोहियावादी करार दिया गया। वही से चलकर नागपुर म 1954 म हमने केरल की पट्टम थाणु पिल्ल सरकार की पुलिस द्वारा गोली चलाए जाने पर उसके इस्तीफे की माग उठाई जिसम कुछ वोटा स हम हार गए और अतत हैदराबाद म 1956 म समाजवादी पार्टी की स्थापना हुई।

तब तक मैं सक्रिय राजनीति स विदा ले चुका था। 21 वप की आयु से 14 वप तक मैंने कुल मिलाकर बमुश्किल दो साल जीविका अर्जित की होगी। 1954 म जब मैं राज्य सभा से रिटायर हुआ मेरी आर्थिक स्थिति विकट हो

चुकी थी, और एक परिवार का भार मुझ पर था। मैं यह भी बर्दाश्त कर लेता पर जब मैंने देखा कि पार्टी के भीतर लोहियावादी तक, जो सैद्धांतिक रूप से अडिग और जुझारू दीखते हैं अनुशासन या कठोर मेहनत की आदत या क्षमता से सर्वथा वंचित हैं तो मुझे सख्त निराशा और वितृष्णा हुई। सत्ता हथियाने में वे भी प्रसोपा के उन्हीं नेताओं की तरह जल्दबाज समझौते करने को तैयार दीखते थे जो अंततः कांग्रेस की शरण में ऊंचे पदों पर जा बैठे। लोहिया को मेरे निर्णय से दुख हुआ पर उन्होंने मेरी स्थिति को समझा। मुझे इसका अफसोस हमेशा रहेगा कि मैं उनकी स्नेहपूर्ण प्रत्याशा के बावजूद जनता और सोशलिस्ट पार्टी को दृष्टि कर्म तथा उपलब्धियों के पथ पर लाने की—**फावड़ा जेल और वोट की**—संघर्षपूर्ण राजनीति में उनका सहयोग देने वापस नहीं आया।

लोहिया की मृत्यु के बाद, राजनीति में सक्रिय हिस्सा न सही, पर सक्रिय रुचि के लिए भी मुझपर जो थोड़ा-बहुत दबाव था वह भी नहीं रहा। तेजी से मैं ऐशो-आराम और अर्थहीन जीवन की गिरफ्त में फंसता गया। शराब और जुए से मैं अपनी शर्म और ग्लानि छिपाता रहा। अपने पेशे में मुझे जो नेतृत्व की स्थिति मिल गई और देश विदेश में समाचारपत्रों के संचालन-कौशल में जो सम्मान मिला, उसने आत्मा में कभी कभी उठने वाली कसक भी शांत कर दी। और मैं उसी जीवन में बंधा रहा। राजनीतिक समझौतों से विमुख लेकिन निजी समझौतों में लिप्त। शायद कई लोग इस स्थिति को बहुत बड़ी नियामत मानते हैं। अधःपतन अपने लिए बहाना खुद खोज लेता है।

26 जून 1975 ने मेरी और मेरे जीवन की स्वार्थपरता निर्ममता और अर्थहीनता मोड़ दी और समर्पण ध्येय साहस तथा निष्ठा के जीवन में मेरा कायाकल्प कर दिया। मैं श्रीमती गांधी का आभार मानता हूं कि उन्होंने मेरे भीतर वे भावनाएं पुनः जागृत कर दीं जो मुझमें बचपन में ही जाग चुकी थी मगर आगे चलकर खो गई थीं। मैं जार्ज फर्नांडीस का भी आभारी हूं जिन्होंने मुझे आत्मोद्धार का अवसर दिया।

के बरसो बाद आज देश इस मिथक को छोडने को तैयार हो रहा है कि नेहरू एक महान जनवादी समाजवादी और मुक्तिदाता थे और देश अब उस व्यक्ति के दभ क्षुद्रता और कूटनीतिकता को समझने लगा है। नेहरू पूजा के दौर म, जिसम समाजवादी भी शामिल थ अकेले लोहिया ने नेहरू के रूप म मूर्त बुराई को समझा था। समाजवादी नतत्व के निचले तबको म जिन कुछ लोगो ने लोहिया द्वारा किए गए नेहरू तथा उनकी सरकार के मूल्याकन को स्वीकार किया उनम से एक मैं भी था। पहली लोकसभा म दोना सदना म अकेले मैंने नेहरू तथा उनकी नीतियो पर प्रहार किया। मुझ अच्छी तरह याद है कि उनकी विदेशनीति जिस तब चारो ओर से अत्यत नतिक और प्रभावशाली बताया जा रहा था उसे जब मैंने बजर और निरथक निरूपित किया तो सदन म चेहरे देखने लायक थे—और सदस्यो की तिरस्कार भरी चीख पुकार भी।

डाक्टर लोहिया से ही मैंने गाधीजी की महानता उनका ऐतिहासिक महत्त्व तथा प्रासगिकता को पुन समझा 1940 म जब भारत के नौजवान सुभाष के यक्तित्व से आकृष्ट थे तथा उन्ह काग्रेस स निष्कासित-सा करने के लिए महात्मा को कोस रहे थे मैं भी गाधी को तिलाजलि दे चुका था। लोहिया के कारण ही मैं मार्क्सवाद पर अधविश्वास स बच गया और अविकसित देशो म विकेन्द्रीकरण तथा आत्मनिर्भरता का महत्त्व समझ सका। विदेश नीति के मामले म भी मैंने देखा कि लोहिया की तीसरा दुनिया—तीसरे शिविर की परिकल्पना ही कुछ महत्त्व रखती है। उनके अन्य सभी विचारो की तरह ही पहले तो इसका मजाक उडाया गया फिर उसकी नकल की गई और अतत उसे भोडा बनाकर छोड दिया गया। नेहरू की गुटनिरपेक्षता एक विरूपण मात्र था—निरथक बजर देशहित से रहित।

सोशलिस्ट पार्टी म भी मैं पूरी तरह से लोहिया के साथ था और उनके साथ तत्कालीन राष्ट्रीय नेतत्व की दृष्टि के छिछलेपन पूवग्रह और सिद्धातहीन तिकडमो का भडाफोड करता रहा। 1953 म बतूल म जहा नहरू स गठबधन करने की जे० पी० की नीति एव अशोक मेहता की अविकसित देशा की राज नीतिक विवशताओ वाली थीसिस पर हमले हुए मैं आग आगे था और मुझ पर जिम्मेदार लोहियावादी करार दिया गया। वही से चलकर नागपुर म 1954 म हमने केरल की पट्टम थाणु पिल्ल सरकार की पुलिस द्वारा गोली चलाए जाने पर उसके इस्तीफे की माग उठाइ जिसम कुछ वोटो से हम हार गए और अतत हैदराबाद म, 1956 म समाजवादी पार्टी की स्थापना हुई।

तब तक मैं सक्रिय राजनीति से विदा ले चुका था। 21 वष की आयु से 14 वष तक मैंने कुल मिलाकर बमुश्किल दो साल जीविका अर्जित की होगी। 1954 म जब मैं राज्य सभा स रिटायर हुआ मेरी आर्थिक स्थिति विकट हो

चुकी थी और एक परिवार का भार मुझ पर था। मैं यह भी बर्दाश्त कर लेता, पर जब मैंने देखा कि पार्टी के भीतर लोहियावादी तत्व, जो सैद्धांतिक रूप से अडिग और जुझारू दीखते हैं अनुशासन या कठोर मेहनत की आदत या क्षमता से सर्वथा वंचित हैं तो मुझे गम्भीर निराशा और वितृष्णा हुई। सत्ता हथियाने में वे भी प्रसोपा के उन्हीं नेताओं की तरह जल्दबाज, समझौते करने को तैयार दीखते थे जो अंततः कांग्रेस की शरण में ऊंचे पदों पर जा बैठे। लोहिया को मेरे निर्णय से दुख हुआ पर उन्होंने मेरी स्थिति को समझा। मुझे इसका अफसोस हमेशा रहेगा कि मैं उनकी स्नेहपूर्ण प्रत्याशा के बावजूद जनता और सोशलिस्ट पार्टी को दृष्टि, कर्म तथा उपलब्धियों के पथ पर लाने की—**फावड़ा जेल और वोट की**—संघर्षपूर्ण राजनीति में उनको सहयोग देने वापस नहीं आया।

लोहिया की मृत्यु के बाद राजनीति में सक्रिय हिस्सा न सही पर सक्रिय रुचि के लिए भी मुझपर जो थोड़ा बहुत दबाव था वह भी नहीं रहा। तेजी से मैं ऐशो-आराम और अर्थहीन जीवन की गिरफ्त में फंसता गया। शराब और जुए से मैं अपनी शर्म और ग्लानि छिपाता रहा। अपने पेशे में मुझे जो नेतृत्व की स्थिति मिल गई और देश विदेश में समाचारपत्रों के संचालन कौशल से जो सम्मान मिला उसने आत्मा में कभी कभी उठने वाली कसक भी शांत कर दी। और मैं उसी जीवन में बंधा रहा। राजनीतिक समझौतों से विमुख लेकिन निजी समझौतों में लिप्त। शायद कई लोग इस स्थिति को बहुत बड़ी नियामत मानते हैं। अधःपतन अपने लिए बहाने खुद खोज देता है!

26 जून 1975 ने मेरी और मेरे जीवन की स्वार्थपरता निर्ममता और अर्थहीनता मोड़ दी और समर्पण ध्येय साहस तथा निष्ठा के जीवन में मेरा कायाकल्प कर दिया। मैं श्रीमती गांधी का आभार मानता हूं कि उन्होंने मेरे भीतर वे भावनाएं पुनः जागृत कर दीं जो मुझमें बचपन में ही जाग चुकी थी मगर आगे चलकर खो गई थी। मैं जार्ज फर्नांडीस का भी आभारी हूं जिन्होंने मुझे आत्मोद्धार का अवसर दिया।

चित्र

अनुक्रम

परिशिष्ट

1
जजीरों में जकड़ा राष्ट्र

26 जून, 1975 को सुबह उठने पर उसी रात और सुबह देश म हुई भयानक घटनाओ की खबरो ने झकझोर दिया। किसी न कल्पना न की थी कि हमारे देश म ऐसी चीजें होगी और हम अपने यहा तानाशाही का दिन देखना पड़ेगा। हम तो इस गुमान म जी रह थे कि हमने आज़ादी की लम्बी लडाई लडी है और सोचत थे कि लोकतान्त्रिक परम्पराओ की जडें हमन बहुत मज़बूत कर दी है इसलिए कोई एक व्यक्ति या समूह देश पर क जा करके जनत त्र नष्ट कर दे यह बिलकुल असम्भव है।

मुझे यकीन नही हो रहा था कि जयप्रकाश नारायण, मोरारजी देसाई, मधु लिमय और अशोक मेहता जसे लोगो को प्रतिपक्ष की समूची नेतत्व मण्डली को, सैकडा छात्रा शिक्षको वकीला का हजारो अ य लोगों के साथ देश भर म गिरफ्तार करके जेला म ठूसा जा सकता है। मुझे यकीन था कि श्रीमती गाधी ने जो कदम उठाया है वह उन्हें नष्ट कर देगा, और जनता तानाशाही के इस नग्न प्रयत्न को चुपचाप बर्दाश्त नही करेगी। नई और पुरानी दिल्ली का चक्कर लगाते हुए मैं आशा कर रहा था कि बस अभी भीड की भीड आएगी, उत्तेजित और क्रुद्ध और उस प्रधानम त्री को हटाकर दम लेगी जिसने जाहिरा तौर पर सिफ अपनी और अपने पद की रक्षा क लिए यह कारवाई की है।

मुझ अपनी आशा पर शक होन लगा जब मैंन पाया कि कही विरोध का कोई निशान नही है सडका पर लोगा के हुजूम तक नही है जो दश पर आई इस विपत्ति पर बहस कर रह हो उत्तेजित हा। कही मैं ही ता मुगालत म नही हू ? यह दिन और दिना जसा ही था। लोग दफ्तर जा रह थे, काम धधे म लगे थे। कारोबार पहल जैसा चल रहा था। मैंने सोचा कि अभी शायद सदमे की हालत है। यो ज्या दिन चढेगा उन लाखा लोगा म से कुछ ता जरूर सगठित होकर इस खुली तानाशाही का विराध करन निकलेंगे जा अभी कल रात हा जे० पी० की सभा म उस प्रधानम त्री को हटाने का सकल्प कर रह थे जिस यायालय ने पदच्युत कर दिया है! दिन ढल गया पर मरी आशा प्रत्याशा धरी रह गइ।

बहरहाल मैं घूमघूमकर किसी एस व्यक्ति की तलाश म लगा रहा जो मेरी तरह विचलित हो और जनता को सघष म प्रवृत्त करन क लिए कुछ करने को तयार हो। चूकि मैं सक्रिय राजनीति से अलग था इसलिए मेरे सपकसूत्र केवल सोशलिस्ट पार्टी और अ य पार्टियों क वरिष्ठ सहयोगियों मे ही थे जो सबके सब पकड और जल म डाले जा चुके थ। मुझे ऐसा कोई व्यक्ति सूझ नही रहा था

जो मेरे साथ मिलकर कुछ प्रतिरोध सगठित करने को तयार हो। दिल्ली मे जितने लोगो को जानता था उनम से सिफ एक को मैं पा सका जो सरकार की आलोचना मे मुखर और दढ था।

तीसरे पहर मैं उससे सपक साध पाया, वह अपने घर म गहरी नींद सो रहा था! उस भयानक दिन कोई उस जैसा आदमी जिसे मैं प्रबल जुझारू मानता था, सो सकता है यह देखकर मैं हक्का बक्का रह गया। मुझे यह पता लगाते देर नही लगी कि उसका सारा गजन तजन सतह तक सीमित था और वह ज़रा सा भी जोखिम उठाने को तयार न था! वह मुझे उन लोगो से मिलान को भी तयार नही हुआ जो शायद शिकंजे से बच गए हो और प्रतिरोध सगठित करने मे यथा शक्ति लगे हो तथा जिन्ह वह जानता रहा होगा। वह इतना भयभीत था कि मुझ जसे आदमी स बात भी नही करना चाहता था जो कि उस स्थिति को कबूल नही करना चाहता था और कुछ न कुछ करना चाहता था। तो यह हालत थी। उसी की तरह लोग वाग निरे भयभीत थे।

उनम से अधिकाश लोग जो कुछ घण्टे पहले तक बडे बहादुर और दढसकल्प दीख रहे थे श्रीमती गाधी को हटाने की कसम खा रहे थ और आखिरी दम तक सिद्धात पर लडने को आमादा दीखते थे—उनका यह हाल था। यह समझने म मुझे ज्यादा दिन नही लगे कि आतक और भय इतना गहरे पैठ गया है कि जनतत्र को थोडा बहुत वापस लाने के लिए सोचने तक को बहुत कम लाग तयार है। मैंने पाया कि तथाकथित बुद्धिजीवी और राजनेता सबसे ज्यादा डरपोक निकल और व उस स्थिति म रहने को तैयार हैं। जो यह ढोग रच रहे थे कि उनके आत्मा है व खुद को और मुझको अपनी निष्क्रियता के कारण बताने लगे। वे खुद को उस दिन के लिए बचाकर रखना चाहत थ जब सब कुछ सामान्य हो जाएगा। व इतन बेशकीमती थे और देश को उनकी इतनी बडी ज़रूरत थी कि उनका बलिदान मूर्खता होती!

आपातकाल क पहल कुछ दिनो का अनुभव दो तरह से चोट पहुचा रहा था। पहला तो इस बात का सदमा था कि श्रीमती गाधी ने इतनी धष्टता के साथ सारे जनतात्रिक अधिकार खत्म कर दिए और जनता के जीवन और स्वातत्र्य पर अपना निरकुश अधिकार जमा लिया। दूसरा इस बात का कि जनता न इस सबको स्वीकार कर लिया—बिना किसी विरोध क चू तक नही की!

बीस साल पहले मैंने राजनीतिज्ञो खासकर प्रतिपक्ष के राजनीतिज्ञों के तौर तरीको स खिन्न और हताश होकर राजनीति छोडी थी क्योकि व वतमान बुराई के खिलाफ अनवरत लडाई करन के बजाय सिफ वाक युद्ध म तल्लीन दीखते थे। डाक्टर लोहिया की मृत्यु के बाद विपक्षी नेता जिस तरह व्यवहार कर रह थे उस एक बाहरी व्यक्ति के नात देखकर मुझे गुस्सा आता था। मुझे यह कल्पना भी

न थी कि देश म प्रतिपक्ष अपना सारा पौरुष खो चुका है और उसमे अब कोई जान नही है। जे० पी० आन्दोलन से देश की राजनीति म एक नई खूबी पैदा होगी जनता अत्याचार और बुराई के खिलाफ लडन मे अधिक साहस और सकल्प जगाएगी मेरी यह आशा और कल्पना उस समय छिन्न भिन्न हो गई जब मैंने यह देखा कि श्रीमती गाधी की कार्रवाई उन्होंने चुपचाप स्वीकार कर ली है। क्या नेहरू वश के राज ने जनता की, खासकर प्रतिपक्ष की यह गति कर दी थी ?

देश म चाहे जो स्थिति रही हो और तब तक के अगुआ प्रतिपक्षी चाहे जितने कायर निकले हों मैंने तय कर लिया था कि मैं उसे कबूल नही करूगा। मैं इस स्थिति में नही जी सकता था। पर मैंने देखा कि मेरे तो कोई सपर्क ही नहीं हैं और इसलिए कुछ भी महत्त्वपूर्ण काम करना असम्भव है। मैंने तय किया कि अगर मैं कुछ भी न कर सका तो कम से कम जेल जरूर जाऊगा। जेल जाने के लिए कोई बडी कोशिश करनी नही थी। बस, मुह खोलने की देर थी। मुझे खुशी है कि मैंने ऐसा करने का निर्णय नही लिया, क्योकि उससे मुझे क्षणिक मानसिक सन्तोष तो हो जाता पर उसका कोई अर्थ नही निकलता। इस निश्चय म मुझे मेरी पत्नी ने प्रभावित किया जो ऐसे मामलो मे हमेशा सूझ बूझ से काम लेती हैं और जिन्होंने मुझे हडबडी म मूर्खतापूर्ण कदम उठाने से हमेशा रोका है। मेरी मनोदशा पर वह भी स्वभावत व्याकुल थी पर उन्होने मुझे सलाह दी कि मैं मात्र मानसिक सन्तोष की खातिर जेल जाने का विचार छोड दू।

2
भूमिगत संपर्क की शुरुआत

जून के अन्त म मैंन सुना कि जाज फर्नाडीस गिरफ्तारी से बच निकल हैं और भूमिगत होकर काय कर रहे है। पर समस्या थी कि उनस सपक कसे हो। मेरे सपकसूत्र जसाकि मैंने बताया पकड़े जाकर जल म ब द थ। नय लोगो को मैं लगभग नही जानता था। यदि मैं उनक जरिए सपक करना चाहता तो सबसे पहले उन्हे खोजना होता जिनका जाज से सपक था अपना परिचय देना पडता और उन्हे अपनी प्रामाणिकता का विश्वास दिलाना हाता। गुप्तचर सेवा के असख्य लोग जाज क पीछे पड होगे और किसी को क्या पता कि मैं भी उ ही म से एक पुलिस एजेण्ट हू या कोई और। श्रीमती गाधी के असख्य भूतपूव विरोधी राता रात उनके कट्टर समथक बन गए थे और वे आपातकाल के शुरू के दिनो म अपनी वफादारी का सबूत दने की जी तोड कोशिश कर रह थ। उनम ऐसे लागो की भी कमी नही थी जो अपने दोस्ता और सहयोगियो को बेचने तक को तयार थे।

मेरे स्थायी सम्पक, जिन्हे मुझपर भरोसा हो सकता था बगलौर म थे जो मेरी राजनीतिक गतिविधि का के द्र रहा था। जाज न जिनसे सपक किया होगा ऐसे लोगो में वेंकटराम—सोशलिस्ट पार्टी के भूतपूव सयुक्त सचिव और स्नहलता तथा उसके पति पट्टाभि डा० लोहिया के पुराने मित्र की सर्वाधिक सभावना थी।

आपातकाल लागू हाने के कुछ दिन बाद मैं बगलौर जा पहुचा। पर यह यात्रा बेकार गई क्योकि न वकटराम को न पट्टाभि दम्पति को जाज का कोई अता पता था। पर मैं अपना नाम छोड आया और मुझ विश्वास दिलाया गया कि यदि जाज ने सपक किया तो मुझे अवश्य बता दिया जाएगा।

बगलौर स लौटकर मैंने अपने पत्रकार मित्रो के सहयोग स एक भूमिगत समाचार बुलटिन निकालने का प्रयत्न किया। पर एक छापाखाना या कोई और पुनमुद्रण यवस्था की तलाश एक समस्या थी। उससे भी बडी समस्या थी उसके वितरण के लिए किसी सगठन या तरीके की खाज। इन समस्याओ के रहत वह बुलटिन नही निकल पाई। पर जुलाई के पहले हफ्ते म मुझे ऐस लोग मिल गए जो यही करना चाहत थे। उनके लिए मैंने थोडा बहुत लिखा और उनके जरिये तमिलनाडु के द्रविड मुनेत्र कषगम के प्रस्ताव करुणानिधि क भाषण वगरह वितरित कराये तथा इस प्रकार उत्तर के लोगो को दक्षिण की घटनाओ से अवगत कराने का कुछ काम किया।

उन दिनो द्रमुक और उसकी सरकार का दृढ रवया मनोबल को बहुत बढ़ा

रहा था। यद्यपि समाचारपत्रों मे उनके प्रस्ताव या वक्तव्य नहीं छप सकते थे पर द्रमुक हजारो प्रतियां छापता था जो किसी तरह दूसरे राज्यों मे दूर-दूर तक पहुच जाते थे। यह दुर्भाग्य ही है कि द्रमुक के नेताओ से हमारी अनेक मुलाकातो और उनके वादो के बावजूद द्रमुक नेताओ ने तमिलनाडु की जनता को सगठित करने, उसे श्रीमती गाधी के प्रतिरोध के लिए तयार करने के लिए कुछ नही किया। अपने मुख्यमन्त्रित्व के अंतिम दिनो मे करुणानिधि घटनाक्रम को समझने मे बिलकुल नाकाम रहे और जब श्रीमती गाधी ने उन्हे बरखास्त कर दिया तो उन्होंने समर्पण कर दिया—आपातकाल मे एक चतुर राजनीतिज्ञ की मूर्खता और कायरता की ये जबरदस्त मिसालें हैं।

जुलाई के तीसरे सप्ताह मे स्टेट ट्रेडिंग कारपोरेशन का एक प्रतिनिधिमण्डल रूस से कागज के आयात का सौदा करने मास्को जा रहा था। रूस के साथ व्यापारिक सौदा वार्ता प्राय निरर्थक होती है। पहले मैं ऐसे प्रतिनिधिमण्डलो मे कई बार जा चुका था इसलिए दौरे पर जाने की मेरी कतई इच्छा नही थी और मैंने मनाही कर ही दी होती। पर तभी मैंने सोचा कि विदेशो मे मित्रो से सपर्क करने और विदेशो मे श्रीमती गाधी तथा उनकी तानाशाही के खिलाफ सगठन करने का यह सुनहरी मौका होगा। अत मैंने प्रतिनिधिमण्डल का लाभ उठाया। और जब मास्को मे काम पूरा हो गया तो शेष प्रतिनिधिमण्डल के साथ घर लौटने के बजाय मैं लदन चला गया और वहा से अमरीका जापान तथा दक्षिण पूर्व एशिया होता हुआ दिल्ली आया। इस यात्रा मे मैं अपने साथ जे० पी० का टेप किया हुआ भाषण ले गया जो उन्होंने 25 जून की शाम को रामलीला मदान, दिल्ली मे दिया था। हिन्दी का उनका यह भाषण विदेशो मे कई सभाओ मे सुनाया गया और उसका अग्रेजी अनुवाद भारी सख्या मे बाटा गया। श्रीमती गाधी के एजेण्ट जे० पी० के खिलाफ जो झूठा गदा प्रचार कर रहे थे उसका खण्डन करने मे इससे काफी मदद मिली।

लन्दन मे भारतीय आप्रवासियो का एक दल, जिनमे से अधिकतर समाजवादी थे और जिन्हे मैं बरसो से जानता था फ्री जे० पी० कमिटी (जे० पी० मुक्ति अभियान समिति) के नाम से सगठित होकर सक्रिय थे। यह उत्साहजनक था। कमेटी सारी दुनिया को भारत की घटनाओ से अवगत कराने मे लगी हुई थी। उन्होने भारत के बारे मे समाचार देने तथा उसकी यथासभव अधिक प्रतियां भारत मे चोरी छिपे भिजवाने के लिए एक पत्रिका भी शुरू की थी। स्वराज नामक इस प्रकाशन ने न केवल विदेशो मे, बल्कि भारत मे भी भारतीय घटनाओ के बारे मे व्यापक जानकारी दी। देश मे भयानक सेंसरशिप थी इसलिए स्वराज सूचना सदेश का एक विश्वसनीय वाहक बन गया। भारत मे इसकी 1000 प्रतियां पहुचती होगी, और विदेशो मे भी इसका काफी प्रचार था। मुहजुबानी

बात की रफ्तार तेज और मार दूर दूर तक होती है। मेरे प्रवास के समय फ्री जे० पी० कमिटी टाइम्स (लंदन) में एक पूरे पृष्ठ पर राजनीतिक बंदियों की रिहाई की महत्त्वपूर्ण विश्व-नागरिकों द्वारा अपील का विज्ञापन छपाने की कोशिश में थी। विज्ञापन का खर्च खुद हस्ताक्षरकर्त्ताओं के चंदे से पूरा करना था। अंत में जब 15 अगस्त को वह छह कालम में प्रकाशित हुआ उसमें सारी दुनिया के 700 लोगों के हस्ताक्षर थे। उस सूची में विश्व भर के सभी महत्त्वपूर्ण क्षेत्रों के महत्त्वपूर्ण लोगों के नाम मिल जाएंगे खुद ब्रिटेन के 70 संसद सदस्य शामिल थे।

स्वराज के आयोजन और **टाइम्स** में विज्ञापन के प्रकाशन में मैंने भी थोड़ा बहुत योगदान किया। भारत में **स्वराज** मुख्यतः बंद लिफाफों में भेजा जाता था। *हालांकि हवाई डाक का खर्च बहुत अधिक था पर इस तरीके से यह प्रकाशन* काफी बड़ी संख्या में लोगों तक पहुंच जाता था और बहुत समय तक तो यही जानकारी का एकमात्र साधन था। **स्वराज** का प्रकाशन आपातकाल के अंत तक होता रहा। हालांकि यह अपेक्षा के अनुरूप नियमित और तत्पर नहीं हो सका पर इसमें लगे—सभी स्वेच्छा से सक्रिय—लोगों ने उल्लेखनीय काम किया है।

भारत सरकार चाहे जो निराधार और ऊलजलूल प्रचार करती रही हो पर **फ्री जे० पी० कमिटी** को किसी भी संदिग्ध संगठन से कोई पैसा नहीं मिला। प्रायः सारा धन व्यक्तिगत छोटे छोटे चन्दों से जमा होता था। यही कारण है कि कमेटी अपेक्षित मुस्तैदी या कारगर ढंग से काम नहीं कर पाती थी। अपनी यात्रा के दौरान मैंने कमेटी तथा अन्य संगठनों अखबारों और लोगों से सम्पर्क किया।

उन्होंने भारत में भूमिगत आंदोलन की बहुत मदद पहुंचाई और हमारा मनोबल बनाए रखा। इंटरनेशनल ट्रांसपोर्ट वर्कर्स फेडरेशन के नेता और भारतीय सोशलिस्ट पार्टी के भूतपूर्व सदस्य **सहुल होडा** उस कमेटी के सचिव थे और उसकी गतिविधियों के प्रवर्तक और प्राण थे। कमेटी के सक्रिय सदस्यों में मेरे पुराने सोशलिस्ट मित्र एस० के० सक्सेना और धर्मपाल भी थे।

अमरीका में एक और संगठन बन गया था तथा अमरीका में भारतीय दूतावास के सामने कई प्रदर्शन हो चुके थे। इस आयोजन में मुख्य रूप से भारतीय विद्यार्थी शिक्षक और अन्य बुद्धिजीवी पेशों के लोग थे। बाद में ये अधिकांश संगठन इण्डियन फार डेमोक्रेसी के अंतर्गत एक हो गए। ये अखबार भी छापते थे और श्रीमती गांधी की तानाशाही के विरुद्ध कारगर प्रचार करते थे। इन प्रयत्नों में प्रमुख योगदान करनेवालों तथा जिनके साथ हम लोग भारत से संपर्क रखते थे में श्री *कुमार पोद्दार तथा एस० आर० हिरेमठ उल्लेख्य हैं।*

जापान और दक्षिणपूर्व एशिया में ऐसे कोई संगठन नहीं बने थे न ही मैं कोई संगठन बनवा सका। फिर भी मैं समाचारपत्र संस्थानों और सहानुभूतिशील संगठनों से संपर्क करने में सफल रहा जिन्होंने पूरी शक्ति से भारत में तानाशाही

के समथकों के खिलाफ जबदस्त प्रचार अभियान जारी रखा।

अगस्त के मध्य म मैं दुबारा बगलौर गया, जॉज फर्नांडीस से सपक करन, जिनकी गश्ती चिट्ठिया (सकुलर) तब तक बटने लगी थी और मालूम होता था कि सार देश म वह घूम रहे ह। वहा से मैं ऐसी आशा और विश्वास लेकर लौटा कि ज्यो ही जाज दक्षिण पहुचेंगे और ज्यो ही वे मिलेंगे, मुझे सूचना दे दी जाएगी।

22 अगस्त को मुझे वेंकटराम का सन्देश मिला जो तब मद्रास म थे। उन्होंने मुझे 'जल्दी म तय हुई शादी म शामिल होन' का सदेश दिया। मुझे अगले विमान से मद्रास पहुचकर विवाह के इन्तजाम की चौकसी करनी थी।' जॉज फर्नांडीस से मिलने की यह पूवनिर्धारित सकेत भाषा थी। मैं लन्दन की फ्री जे० पी० कमिटी के प्रमुख सदस्य एस० के० सक्सेना के साथ वहा पहुचा जो सयोग से उन दिनो दिल्ली म थे। तब से लगाकर 28 माच, 1976 को मेरी गिरफ्तारी होने तक मैं और जाज लगातार घनिष्ठ सपक म रहे। मैंने इस अवधि मे प्राय सभी विचार विमर्शों म भाग लिया और इन दिनो अमल मे आई सभी योजनाए बनान म योगदान किया।

3
'हटाओ उस औरत को

जाज फर्नांडीस के नेतत्व म हुए भूमिगत आन्दोलन का, जिसम मेरी प्रत्यक्ष भूमिका रही उद्देश्य वही था जो श्रीमती गाधी और उनके छोटे से गिरोह के खिलाफ जारी अय आदोलनो का था। इसका सीधा सा उद्देश्य था इस गिरोह के निरकुश मनमाने सवशक्तिमान और तानाशाही शासन का अत करना। जसा कि जाज कहते थे इसका सिफ एक-सूत्री कायक्रम था हटाओ उस औरत को लेकिन इस आदोलन की भूमिका और दशन अय सगठनों स खासकर लोक सघष समिति से बिल्कुल अलग थ गो कि वे भी उसी उद्देश्य से काम कर रह थ।

जे० पी० द्वारा सगठित लोक सघष समिति म माक्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के अलावा जिसने कि शामिल हुए बिना अपना समथन दिया था विपक्ष की सभी पार्टिया थी। विपक्ष की सभी पार्टियो की प्रथम पक्ति की पूरी नेतत्व मडली और दूसरी पक्ति की भी प्राय समूची नेतत्व मडली के गिरफ्तार हो जाने से समिति काफी कमजोर हो गई थी। सरकार और श्रीमती गाधी सार देश म जिस तरह की जकडन और आतक फलाने म सफल हो गई थी उस कारण भी समिति की गति विधियों म बाधा आती थी। इसके बावजूद समिति सक्रिय थी और उसने योजना बनान एव उनपर अमल करने के लिए कई बठकें की। उसकी मुख्य पनाहगाह गुजरात था जहा काग्रेस विरोधी जनता मोर्चा सत्तारूढ था। तमिलनाडु म द्रमुक की सरकार हाने से वहा भी समिति को काफी समथन तथा निरापद सक्रियता का अवसर मिला। इसकी गतिविधि का केद्र एक समाचार बुलेटिन था जिसम खबरो के अलावा सघष के लिए अपील और प्रतिरोध सगठन के लिए निर्देश छापे जाते थ। 15 अक्टूबर 1975 स जनवरी 1976 के मध्य तक इसने सत्याग्रह आयोजित किया जिसम सारे देश म 30 000 से अधिक लोग सत्याग्रह करके जेल गए।

लकिन जेल जाने के काम से मनोबल को बहुत थोडा सहारा मिलता था तथा सरकार को जरा भी विचलित नही किया जा सका। आन्दोलन के लिए आवश्यक जन आधार नही बन सका। सरकार के लिए किसी तरह की खास समस्या पदा नही हुई। समिति के क्रियाकलाप स वह कारगर ढग से निबट लेती थी, क्योंकि समिति के फसले गुप्त नही रह पाते थ और गतिविधिया तो बिल्कुल भी नही। सत्याग्रही समूह किसी निश्चित जगह पहुचता उससे पहले ही पुलिस उन्हे धर पकडती थी और जो किसी तरह वहा तक पहुच जात उन्हे इतजार करती हुई पुलिस वहा मिलती। नारा लगान या झडा हिलाने का अवसर भी नहा

मिल पाता था।

सत्याग्रह की पुरानी पद्धति की विफलता का कारण यह था कि उसका पर्याप्त प्रचार नहीं हो पाता था। प्रेस पर पूरी सेंसरशिप थी खबरों पर पक्का नियंत्रण था इसलिए समिति का आंदोलन प्राय अनदेखा रह गया। लोग जानते थे कि दसियों हजार लोग जेलों में बंद हैं, पर बहुत नजदीकी रिश्तेदार और दोस्तों के अलावा शायद ही किसी को पता लगता था कि किसने या कितने लोगों ने श्रीमती गांधी की अवज्ञा का साहस दिखाया है। पुलिस किसी प्रदर्शन या विरोध सभा में बबरता बरतती लेकिन किसी को, बगल के मोहल्ले या गली तक को उसका पता न चलता। जहां समाचार का फैलाव नगण्य हो, वहां यह आंदोलन क्या असर करता?

जेलों में एक समय तो डेढ़ लाख से भी अधिक लोग **मीसा या डी०आई०आर०** में नजरबंद थे या फिर ताजीरात हिंद की मनमानी धाराओं के तहत गिरफ्तार थे। अगर हम यह गौर करें कि 1942 के आंदोलन के चरमोत्कर्ष के समय जेलों में सिर्फ 40 000 लोग बंद थे, तो आपातकाल के दौरान उससे कई गुना लोगों की गिरफ्तारी से तो सरकार की जड़ें हिल जानी चाहिए थीं। लेकिन अब इतने सारे लोगों को जेल भेजने में कामयाब आंदोलन भी कोई खास असर नहीं डाल सका।

इन परिस्थितियों में जार्ज और उनके साथियों को किसी ऐसी युक्ति की तलाश थी जो अधिक कारगर हो और जिसकी सफलता की अधिक संभावना हो। इसका अर्थ यह नहीं है कि हम लोक संघर्ष समिति की नीति या तरीके के विरुद्ध थे। इसके विपरीत, समिति को हमारा पूरा-पूरा समर्थन मिला और हमारा भी प्रयत्न था कि उस आंदोलन में अधिक से अधिक व्यक्ति भाग लें। लेकिन हमने तय किया कि समिति जो कर रही है उसके अलावा हमें कुछ करना, ताकि जनता को अधिक सफलता से जागृत किया जा सके।

हालांकि लोक संघर्ष समिति के और हमारे लक्ष्य एक ही थे अर्थात श्रीमती गांधी तथा उनकी सरकार को जल्दी से जल्दी उलटना, पर हम शुरू से पता था कि सत्याग्रह की पुरानी विधि निहायत निर्मम तानाशाही में सफल नहीं हो सकती। यदि जेलों में बहुत ही बड़ी संख्या में लोग बंद होते तो उसका निश्चय ही असर होता। पर मौजूदा परिस्थितियों में उस काम के लिए लंबा समय, शायद कई बरस लग जाते। और ज्यों-ज्यों बरस बीतते जाते तानाशाह अपनी स्थिति को दृढ़तर करती जाती जिससे उसे उलटना अधिकाधिक कठिन होता जाता। और वैसी स्थिति आ जाने पर शारीरिक रूप से उसे खत्म कर देना ही एकमात्र विकल्प बचता—जो कि अवांछनीय विधि थी। तब हम श्रीमती गांधी को कैसे हटाएं और जनतांत्रिक अधिकार कैसे कायम करें?

हत्या सीधी और आसान है। हरेक तानाशाही राज म इसका इस्तेमाल या प्रयत्न हुआ है। कोई भी एक दृढ़सकल्प दस्ता श्रीमती गाधी को, और उनके साथ साथ उनके उन नजदीकी लोगा को जिन्हें हटाए बिना उस हुकूमत का अत न होता इस दुनिया स रफा कर सकता था। लेकिन हमारी पक्की राय थी कि हत्या समस्या का समाधान नही होगी। उसम किमी व्यक्ति को हटाया जा सकता है लेकिन उस व्यवस्था को नही जिससे कि वह औरत और उसके चद लोगा का गिरोह निरकुश सत्ता हथियाने म कामयाब हुए थे। हत्या से आततायी म भय भी पदा किया जा सकता है पर इसकी कोई गारटी नहीं थी कि तानाशाही किसी अ य रूप म जारी नही रहेगी तथा परवर्ती हुकूमत मौजूदा तानाशाही से भी बदतर व्यवस्था वाली नही होगी। सफल हत्या के बाद सनिक शासन क आ जाने की साफ सभावना दीखती थी। इसलिए हमने इस तरीके को अस्वीकार कर दिया क्योकि हम साफ दीख रहा था कि अपक्षाकृत आसान होने के बावजूद इसस रोग घटने के बजाय बढ़ता ही। कम स कम तानाशाही प्रवत्तियो का थोडे समय के लिए अत हो जाता यह भी इससे सभव नही था।

हत्या को अवाछनीय और अनावश्यक मानने के पीछे हम इसके नतिक पक्ष की भी चिंता था। जॉज और मैं, दानों डाक्टर लोहिया के घनिष्ठ रह हैं। उनसे हमने जो अनेक विचार ग्रहण किए उनम से एक यह भी था—तात्कालिक औचित्य। साध्य के लिए साधन के औचित्य और वधता पर विचार करना यही डाक्टर लोहिया के गढे इस शब्द का अथ था। वह कोई दिखाऊ शाकाहारी या आडबरी गाधीवादी नही थे। फिर भी वह गाधीवादी सिद्धातो के शायद सबसे बडे अनुयायी थे न केवल आस्था रखनेवाले बल्कि उन पर आचरण करने वाले भी। जीवन के प्रति उनका आदरभाव भावुकता के कारण नही सुचिंतित बौद्धिक मा यता के साथ था। वह हत्या से घृणा करते थे—चाहे सरकार करे, या आततायी से लडती जनता। बरसो के साहचय म उन्होने हमारे मन म यह बात बठा दी थी कि हम कभी किसी मानवीय जीवन को समाप्त करने की न सोचें, भले ही वह व्यक्ति दुष्टतम क्या न हो। इसलिए हम केवल कायनीति के लिहाज से हत्या और शारीरिक हमले के विरुद्ध थ ऐसा नही है हम सिद्धातत उसक विरोधी थ।

सबस पहला और आवश्यक काम था जनता क मन से वह भय दूर करना जो उसके मन म सफलतापूवक बठा दिया गया था और जिसस वह पगु हो गई थी। भय दूर करने का सबस अच्छा और कारगर तरीका था सत्ताधारी गिरोह क मन मे भय पदा कर देना। धौंस जमाने वाल दादा लोग आसानी से डर जात हैं, इसलिए तानाशाह और उसके गुर्गे भी अगर जान जाए कि कोई साहसी और सकल्पशील सगठन मौजूद है तो वे भयभीत हो जाएगे। तानाशाही के तिरस्कार

के काम तथा इन कार्यों को समथन जनता की पूरी जानकारी म, उसके सामने प्रदर्शित करना था। ऐसे सभी चमत्कृत करन वाले काम हिंसा की श्रेणी म रखे जा सकत हैं। पर प्रस्तावित कार्यों म न किसी को मारना था, न चोट पहुचानी थी, इन कार्यों से हिंसा विरोधी सवेदना या परपरागत हिंसा विरोध को कोई चोट नही पहुचती। आखिरकार 1942 का आदोलन मुख्यत एक हिंसक आदोलन था। उस आदोलन ने न केवल ब्रिटिश सरकार को विचलित कर दिया था बल्कि जनता म एक नयी स्फूर्ति ला दी थी। वसा ही आन्दोलन सवथा उचित था और उसके तौर-तरीक आपातकाल मे मौजूद स्थिति म उपयुक्त थ।

हमारे आदोलन को शुरू करने और जारी रखन के लिए जरूरी था कि वह कारगर हो और लोकप्रिय भी, उसे न केवल हत्या तथा हमले से दूर रहना था बल्कि आदोलन क निशाने चुनने तथा हिंसा की प्रयोज्य माला के बारे म भी सावधान रहना था। तोडफोड करना एक लक्ष्य निश्चित रूप स था, पर वह ऊलजलूल नही हानी चाहिए उसके कारण जनता पर गभीर दिक्कतें भी नही आनी चाहिए क्योकि उससे वह कारवाई अलोकप्रिय हो जाएगी। माटे तौर पर हमारा उद्देश्य ऐसे खुले काम करने का था जिससे जनता चमत्कृत हो उठे और यह भी स्पष्ट जान ले कि यह भूमिगत आदोलन की करतूत है। यदि रल व्यवस्था भग करनी है तो ऐसे करनी है कि एक भी जान न जाए किसी को चोट न लगे। इस प्रक्रिया म अगर रल क पुल या अन्य सस्थान बारूद से उडान पड़ें या क्षत विक्षत करन पडें तो ऐसी जगहो मे किए जाए जहा लोग खुद दख सकें कि भूमिगत आदोलन ने क्या किया है, और साथ ही कोई मृत्यु भी न हो किसी को चोट न लगे। रेल व्यवस्था म विघ्न डालने के अलावा टलीफोन एक्सचेंज जक्शन बाक्स छाटे बिजली घर तथा ऐसे अन्य निशाने भी तय किए गए थ।

वस्तुत जुलाई 1975 म ही अर्थात् जॉज से मैंन सपक किया उसस एक माह पहले ही, वह तय कर चुके थे कि जबदस्त असर डालन वाला वारदातें डायनामाइट के इस्तमाल से ही हो सकती है। डायनामाइट के इस्तमाल म अगर कोई बहुत बडा विध्वस न करना हो और जो कि हमारी मशा भी नही थी खास हुनर की जरूरत नही हाती। यदि न्यूनतम नुकसान करके अवज्ञा के प्रदशन मात्र करने हैं, तो डायनामाइट के इस्तेमाल म लग लोगा का उसकी सीधी सादी विधि बता देना पर्याप्त है।

पत्थर की खदाना के मालिक सारे देश म डायनामाइट का उपयोग करत हैं और हमारी जरूरत भर का डायनामाइट प्राप्त करना कठिन नही था। गुजरात म एक खदान मालिक स जो अतत हमार मुकदमे म मुखबिर बन गया, हमन काफी माला म डायनामाइट खरीदा। देश क विभिन्न भागो से इस स्टाक म इजाफा करना भी कठिन नहीं रहा। हालाकि हमने बडौदा म खरीद इस माल को अन्य

राज्यो म भिजवाया था पर आगे वह जरूरी नही रह गया, क्योंकि हमने देखा कि अपन कायस्थल के पास ही हम मनचाही मात्रा म यह मिल सक्ता है।

हालाकि बहुत हुनरमदी जरूरी नही थी लक्नि इसका इस्तेमाल करनवालो को थोडा बहुत प्रशिक्षण या कि इसके सुरक्षित तथा कारगर इस्तेमाल के ढग का प्रदशन जरूरी था। पहल कुछ महीनों म बडौदा म तथा आगे देश के अ य भागो म ऐसे प्रदशन आयोजित हुए। जो लाग इसका इस्तेमाल करत उ ह बडौदा या अन्यत्र ले जाया जाता और सही तरीका दिखाया जाता। कुछेक प्रदशनों से सीमित जानकारी दिला देना पर्याप्त साबित हुआ। डायनामाइट लगान के हमारे प्रयत्नों म से बहुत कम बेकार गए। मैं कह सक्ता हू कि 90 प्रतिशत तक हमे सफलता मिली।

बारह महीने जिसम जाज ने भूमिगत काय किया आर उनकी गिरफ्तारी के बाद भी उनकी भूमिगत गतिविधियो के वचारिक आधार तथा तौर तरीको पर गरमागरम बहस चलती रही। सोशलिस्ट पार्टी पर भी जिसक कि वह अध्यक्ष थे यह बहस छा गई। देखने को यह बहस अहिंसा के सिद्धात को लेकर चल रही थी। कुछेक आलोचक ऐसे थे जो ईमानदारी से अहिंसक थे। पर ऐसे लोग अपवाद स्वरूप थ। उनके अधिकाश आलोचक और विरोधी लोग अपनी निष्क्रियता तथा भीरुता छिपाने की खातिर ऊचे ऊचे सिद्धाता की आड ल रहे थे जसा कि अक्सर भारतीय राजनीति म होता है। एक समय ऐसा भी आया कि इस विवाद से सोशलिस्ट पार्टी के विभाजन का खतरा पदा हो गया।

4

भूमिगत आदोलन का गठन

हमारे भूमिगत आदोलन के लक्ष्य मोटे तौर पर तीन थे (1) भारतीय जनता को यह जतलाना कि श्रीमती गाधी का वास्तविक और व्यापक विरोध हो रहा है तथा उसे तानाशाही के खिलाफ सन्नद्ध करना, (2) विदेशो मे व्यक्तियो और सगठनो से निरतर सपर्क बनाए रखना, श्रीमती गाधी पर लगातार आलोचनात्मक प्रहार जारी रखना और व्यक्तियो तथा सगठनो की सहानुभूति हासिल करना और (3) यह प्रमाणित करने के लिए कि श्रीमती गाधी तथा उनकी सरकार को विचलित किए रखने तथा अतत उसे उलटने के उद्देश्य से एक जीवत भूमिगत आन्दोलन जारी है सरकार की अवज्ञा मे जनता को चमत्कृत कर देने वाली कारवाई करना। अतएव आन्दोलन केवल पुलो और अन्य सस्थानो को डायनामाइट से उडा देने तोड फोड करने तक सीमित नही था जसा कि आपात काल मे आम तौर पर माना जाता था और अभी भी काफी लोग यही मानते दीखते है।

जनता को जानकारी देना, खबर देना यह ऐसा काम था जिसका महत्त्व चमत्कारी कृत्यो के आयोजन से भी अधिक था। सेंसर और रखल प्रचारतत्र के जरिए सरकार के तीव्र प्रचार अभियान का मुकाबला करना जरूरी था। लोगों को यह दिखाना था कि श्रीमती गाधी को जो दयालु शासक बताया जा रहा है वह झूठ है उनकी नीयत और दावो का पर्दाफाश करना था। जाज तथा उनके साथी इसी काम मे लग गए इसीलिए शुरू से हम भूमिगत प्रचार साहित्य के प्रकाशन की व्यवस्था पर सोच रहे थे। मुख्यत छपी या साइक्लोस्टाइल की हुई बुलेटिनो के रूप मे यह साहित्य छापा गया। जॉज ने अधिक नियमित रूप से निजी अपीलें और पत्र खद अपने दस्तखतों से भेजना जारी रखा, और इनका प्रसार तथा प्रभाव अधिक व्यापक रहा।

ऐसी साइक्लोस्टाइल की हुई अपीलें और चिट्ठिया देश भर मे एक हजार से अधिक पतो पर तथा मुख्य नगरो मे विश्वसनीय दलो द्वारा व्यापक वितरण के लिए भेजी जाती थी। जनता को मिलने वाली सूचनाओ मे ऐसे पत्र तथा अपीलें जिनमे से अनेक खुद जाज की लिखी होती थी, सबसे अधिक प्रभावशाली भूमिगत सामग्री थी, तथा विदेशो को भी इनसे पता लगा कि यहा एक दृढसकल्प तथा कारगर भूमिगत आदोलन सक्रिय है। पहले ही पत्र का विदेशो मे व्यापक प्रसार हुआ तथा जुलाई 1975 के तीसरे सप्ताह मे टाइम्स (लदन) के पहले पृष्ठ पर वह प्रकाशित हो गया। इन गश्तीपत्रों मे सरकार के इस दावे को खोखला साबित

किया गया कि देश म जन जीवन निर्विघ्न चल रहा है और जनता ने श्रीमती गांधी की तानाशाही को मजूर कर लिया है दूसरी ओर अपीला क माध्यम से जनता को सगठित होने का आह्वान किया जाता था और इस हेतु निश्चित सुझाव दिए जात थ। ये सभी अपील कारगर हुइ इसका प्रमाण यह तथ्य है कि 1975 के अन्त तक ऐसे लोगो स सपर्क करना तथा सहयोग पाना आसान हो गया जो भूमिगत आदोलन म भाग लेन को तयार थे।

हम जानते थ कि विदेशो म हमारे प्रचार का सीमित प्रभाव ही होगा और उसमे अधिकतर मनोबल बढ़ने का ही काम अजाम होगा। फिर भी हमने उस काम म कोताही नही की। विदेशो से हमे जो कुछ समर्थन-सहयोग मिला उसके लिए मुख्य रूप से हमारे द्वारा कुछ सगठनो तथा व्यक्तियो को निरतर सूचना भेजे जाने तथा समर्थन हासिल करन के प्रयत्न ही उत्तरदायी है। 1976 के आरभ म जब सुब्रह्मण्यम स्वामी विदेशो म सक्रिय हुए उसके बाद भी जाज के नेतत्व म जारी भूमिगत आदोलन ही था जो कारगर ढग से विदेशो मे बसे भारतीयो तथा भारतीय स्थिति म रुचि रखने वाले दुनिया के मान्य नागरिको और सगठनो से समर्थन हासिल करता रहा।

आन्दोलन द्वारा प्रकाशित भूमिगत साहित्य बहुत मुस्तद और नियमित तो हो नही सकता था न ही प्रकाशित साहित्य को वितरित करन की कोइ बहुत कारगर व्यवस्था बन पायी पर हमारे द्वारा प्रकाशित बुलेटिनो का काफी प्रचार प्रसार होता था। जेलों म भी वे पहुच जाते थी। नवम्बर 1975 म हम क्रूसेडर नाम से प्रस्तावित पाक्षिक निकालने म कामयाब हो गए। विभिन्न राज्यो म सवाददाता दल बनाना और खबरो को इकट्ठा करके प्रकाशित करन के लिए सपादकीय दल बनान क अलावा एक एस विश्वसनीय छापाखाने की भी समस्या थी जो उसे छापता। भूमिगत होने से इस तरह क काम म जो कठिनाइया आती है और इतने बडे देश म खबरें जुटाने और वितरित करन की जो समस्याए है उन्ह देखते हुए इसम आश्चर्य नही होना चाहिए कि हम इस नियमित और मुस्तद नहा बना सके। इसके बावजूद नवबर 75 और जनवरी 76 क बीच इस पाक्षिक के तीन अक निकले। कहा और कसे यह पत्र प्रकाशित होता था यह बताना मौजूदा परिस्थितियो म भी बुद्धिमानी का काम नही होगा। जहा तक सपादकीय पक्ष का सबध था वह दिल्ली स हो रहा था और मैं खुद उस काम की देखरेख कर रहा था। जाज आल इडिया रेलवेमेन्स फेडरेशन के अध्यक्ष थ अत उनके अनेक विश्वस्त रेलकर्मचारी थ जो इसकी प्रतियो के वितरण म सहयोग देते थे। इस पत्र को डाक स भेजने तथा वितरण करन म सहयोग देन क अलावा इन प्रतिश्रुत रेलकर्मचारियो ने देश भर म सदेशवाहको का भी महत्त्वपूर्ण काम किया है। जनवरी 1976 म पत्र बद हो गया क्योकि देश के कुछ भागो म अचानक

राजनीतिक स्थिति बदल गयी। मुख्य समत आदोलन म शामिल अनेक लोग माच म गिरफ्तार हो गए जिसस पत्र के पुनर्जीवन का सवाल ही खत्म हो गया। लेकिन गिरफ्तारी के बावजूद हमन देश के भीतर और बाहर अपने सपक बनाए रखे तथा खबरो का आदान प्रदान करत रह।

भूमिगत आन्दोलन के गठन मे कई कठिनाइया आती है जो मुख्यत इस कारण होती है कि गोपनीयता रखते हुए भी सगठन को कारगर बनाना पडता है। य कठिनाइया देश भर म प्राय सभी नात राजनीतिक कायकर्त्ताओ की खासकर सरकार के लिए तकलीफदेह साबित हो सकने वालो की, भारी सख्या म गिरफ्तारी के कारण और भी दुरूह हो गइ। जो लोग किसी तरह इस गिरफ्त से बच निकल थे वे भावी परिणामो स भयभीत थे, अत आदोलन म भर्ती नही होना चाहत थे।

जिस तरह मुझे जाज फर्नांडीस स सपक करने म दो महीने का समय लग गया, उसी तरह गिरफ्तारी स बचे और सघष क इच्छुक इन लोगो स सपक करन मे भी काफी समय लगा। अधिकतर सपक हम व्यक्तिगत सदेशवाहको क जरिए ही कर सके, जो कि एक खर्चीला और समय लेने वाला तरीका था। तिस पर हमे गोपनीयता बरतनी थी तथा सदेशवाहको और सभावित समथको की नक्नीयती की जाच पडताल भी करनी थी जिससे यह काम और भी जटिल हो गया। क्योकि इसकी पूण सभावना थी कि हम जिनस सपक करना चाहते हैं व श्रीमती गाधी के समथक निकल आयें और हमारा भेद खोलने लग। लगभग सभी लोगो ने जिनसे हम सपक करने म कामयाब हुए थे खुद जाज फर्नाडीस से मिलन और उन्ही से निर्देश लने का आग्रह किया। यह बहुत खतरनाक प्रक्रिया थी क्योकि दशभर मे सरकार जॉज फर्नांडीस को सबसे अधिक तलाश कर रही थी।

यद्यपि जॉज ने खुद दूर दूर तक सफर किया था, पर वह भर्ती होन वाले सभी लोगो स नही मिल सकत थे। एक साथ दो या तीन से अधिक लोगो के साथ मुलाकात करन म जोखिम था। सपक करन या सभावित रगरूटो की जाच पडताल करने म बहुत ज्यादा सतकता जरूरी थी पर जरूरत से ज्यादा सतकता का मतलब होता विलब, तथा बहुत ही कम लोग भर्ती किए जा पात। थोडा बहुत जोखिम उठाना ही था और हमारे भूमिगत आदोलन क प्रमुख लोगो स्वय जॉज की गिरफ्तारी म पुलिस सफल हो गई उसका कारण शुरु क चरणो म उठाई गई जोखिम म खोजा जा सकता है। जाज समेत सभी लोग पूण सतकता गोपनीयता तथा इस बात की जरूरत से पूरी तरह आगाह थे कि सपक शृखला की निचली कडिया वही ऊपर तक और खुद जाज तक न पहुच पाए पर कुछ खतरे तो अपरिहाय थ। यदि भूमिगत सगठन क सारे ज्ञात सिद्धातो का पालन किया जाता तो आपातकाल म एलान के बाद तीन महीनो के भीतर जितना बडा सगठन

बन गया वह शायद एक वर्ष म भी न बन पाता। परिस्थितियो की बाध्यता म जिसम कि जल्दी स जल्दी कारवाई की दरकार थी, सारे खतर उठाए गए, ऐस खतरे भी जो अब सोचन पर लगता है कि टाल जा सकते थे।

अपनी पहली सावदेशिक यात्रा म जाज ओडिसा के गोपालपुर-आन सी गाव स रवाना हुए जहा वह 26 जून 1975 की सुबह ठहरे हुए थ और वहा स चलकर कलकत्ता पटना उत्तर प्रदेश मध्य प्रदेश राजस्थान के कुछ हिस्सो म होत हुए गुजरात म अहमदाबाद तथा बडोदा पहुचे। इस यात्रा म वह एसे विश्वसनीय लोगो से सपक करते गए जो कि भूमिगत आदोलन क लिए अ य लोगो का पता लगाकर उ हे भर्ती कर सकत थे। गुप्तचर सवा यदि चाहती तो उनके यात्रापथ का आसानी स पीछा कर सकती थी पर जाज का सौभाग्य था कि तब तक विभि न राज्यो म केवल पुलिस को सतक किया गया था और उनम आपस म कोई तालमेल नही था।

बबई म जाज आसानी स सपक और भर्ती कर सकते थे पर बबई म उनका खुद जाना बहुत खतरनाक होता क्योकि वह तुरत प्रचारित हो जाता जहा उ ह बहुत लाग जानते और पहचानत हैं। भूमिगत कारवाई के पूरे एक वष म वह बबई सिफ दो बार गए।

अगस्त के तीसरे हफ्ते म वह बडौदा से हैदराबाद और बगलौर होत हुए मद्रास पहुचे। मद्रास तथा पूरा तमिलनाडु यो तो सुरक्षित माना जा सकता था पर खतरा यह था कि उनका अपहरण करके कर्नाटक या आध्रप्रदेश ले जाया जा सकता था जहा राज्य सरकारें उ ह कोई सरक्षण नही देती। इसलिए तमिलनाडु म भी उनकी गतिविधिया उतनी ही गोपनीय रखनी थी जितनी कि अ य स्थानो पर।

दक्षिण म हमारे दो सबस महत्वपूण सपकसूत्र बगलौर म स्नेहलता रेड्डी तथा उनका परिवार और मद्रास म एम० एम० अप्पाराव तथा उनकी बेटी अमुक्ता थी।

मैं जित ी महिलाओ स मिला हू या कभी मिलूगा उनम स्नेहा सबसे निष्ठावान ईमानदार और स्नेहमयी स्त्रियो म से एक थी। वह जनतत्र और समाजवाद क प्रति प्रतिबद्ध भी थी और उनकी मानवीयता उनके आराध्य डाक्टर लोहिया जसी गहन थी। रगमच काव्य और कलाओ म उनकी गहरी रुचि थी सौम्य और गभीर पट्टाभि उनके पति तेलुगु कवि और प्रसिद्ध फिल्म निर्माता है। उनकी फिल्म सस्कार को जिसम खुद स्नेहा न अभिनय किया है अतर्राष्टीय ख्याति मिली थी। उनकी पुत्री नदना म मा बाप क सारे गुण है और शिशु अवस्था म ही उसकी काव्यात्मक रुझान प्रकट हो गई थी। आज वह फिल्म जगत म एक व्यस्त और कुशल पदाधिकारी है।

पट्टाभि परिवार राजनीति म कभी सक्रिय नही रहा, लेकिन हमेशा समाजवाद

के लिए प्रतिश्रुत रहा है। डॉक्टर लाहिया से उन्हे गहरा लगाव था और उन्हे इस परिवार से असीम स्नेह था। पट्टाभि और स्नेहा को मैं तीस बरस से जानता हू और जाज छठे दशक के अत म सोशलिस्ट के रूप म प्रसिद्ध होन के समय से उन्हे जानते हैं।

अत इसम आश्चय नही कि 26 जून 1975 तथा बाद की घटनाओ स पट्टाभि परिवार को गहरा सदमा लगा और परिणाम की चिंता किए बगैर उन्होने श्रीमती गाधी क खिलाफ लडने का व्रत ल लिया। अगस्त 75 म जब जाज गुप्तरूप से बगलौर पहुच तो उन्होन पट्टाभि परिवार से ही सपक किया। भारतीय सोशलिस्ट पार्टी के भूतपूव सयुक्त सचिव वेंकटराम के साथ साथ वे बगलौर मे जाज के भूमिगत आदोलन क प्रमुख सपकसूत्र थे। अक्तूबर मे वेंकटराम के गिरफ्तार हो जान पर स्नेहा को दक्षिण म हमारी गतिविधियों की देखरेख तथा खबर दन का काम सौंपा गया तथा उन्हे हम लोग देश विदेश म अपनी गतिविधियो से निरतर अवगत करात रहत थे। उन्होने दक्षिण म हुइ सभी गुप्त बठको म भाग लिया और उन्हे हमारी सारी योजनाए मालूम थी। उनकी पुत्री नदना ने एक युवादल सगठित किया जिसन कर्नाटक म अनक कारवाइया की।

जब 1 मई 1976 को स्नेहा को पकड लिया गया पुलिस का यह सदह जायज था कि उसका भूमिगत आदोलन म गहरा हाथ है पर पुलिस पट्टाभि तथा नदना की भूमिका से अपरिचित प्रतीत होती है। स्नेहा न पुलिस दबाव के बावजूद असीम साहस और वफादारी दिखाई। उनसे पुलिस को कुछ भी मालूम न हो सका, और उन्होने उन सकडो लागो का सुराग न लगन दिया जो उनके कारण पकडे जा सकते थे। शायद यही कारण है कि पुलिस न बदले की भावना स उनस अत्यत अमानवीय बर्ताव किया जिससे अतत वह मौत की शिकार हुइ। उनका जीवन उदारता निष्ठा और अनोख साहस स भरपूर था। पट्टाभि, नदना, बटे कोणाक और सैकडो मित्रों को अपने स्नेह, प्रेम और औदाय स वचित कर वह शहीद हो गइ।

एम० एस० अप्पाराव 1942 म एक अग्रणा छात्र नेता थे और आज़ादी के बाद से वह सोशलिस्ट रह है। गहरी प्रतिबद्धता होत हुए भी उन्होने कभी पद या प्रतिष्ठा की कामना नही की। वह उन दुलभ निष्ठावान उदार, विनम्र लोगो मे से है जिनसे हमेशा सहायता और सहयोग की आशा की जा सकती है। जब कभी सकट आए वे उन लोगो म स हैं जो साहस और सकल्प क साथ आग आत रह हैं। जाज को यह पता था और इसलिए अगस्त 75 म मद्रास पहुचत ही वह सीधे उनके यहा पहुचे। तभी से एम० एस० हमारे लिए शक्तिस्रोत हो गए और उनके यहा हम बेहिचक किसी को भी छिपा सकत थे, सपक कर सकत थ तथा दक्षिण म कायक्रम सुचारु रूप से आगे बढेगा यह भरोसा रख सकत थे। उन्हे जो भी

काम सौंपा गया उन्होंने स्वीकार किया। उनकी बेटी अमुक्ता एक अमूल्य सपर्क सूत्र थी और उसने प्रतिबद्ध नौजवानों का एक दल बनाने का जिम्मा अपने ऊपर ले लिया। दोनों ही गिरफ्तार हुए और एम० एम० को जनवरी 77 तक नज़रबंद रखा गया। पर पुलिस ने उन्हें हमारे साथ षडयंत्र में क्यों नहीं शामिल किया यह रहस्य ही है।

5
बहुरूपिया जॉर्ज

26 जून, 1975 को गोपालपुर-आन सी मे गिरफ्तारी से बचकर निकलने के साथ ही जार्ज ने दाढी बढाना शुरू कर दिया। उनकी खुशकिस्मती कि दाढी बढती भी तेजी से थी जिससे दो माह से कम वक्त म उनका चेहरा बदल गया। उससे भी बडी खुशकिस्मती यह कि दाढी म पके बाल काफी निकल आए जिससे वह अपनी उम्र से अधिक के दीखने लगे। चश्मे का फ्रेम बदलकर उन्होने एक अत्याधुनिक बडा धातु का फ्रेम ले लिया। दाढी और चश्मे ने उनका रूप रग इस कदर बदल दिया था कि पुलिस से बचकर निकलने के दो माह बाद, अगस्त 1975 म जब मैंने उन्हे देखा, तो मैं भी न पहचान पाता अगर उस दिन उनसे मिलना निश्चित न रहा होता।

जो लोग उन्हे अच्छी तरह जानते थे और उनके सान्निध्य म काम करने का दावा करते थे वे भी उन्हे इस छद्मवेश म पहचान नही सकते थे। नवम्बर म मैंने एक वरिष्ठ तथा सहानुभूतिशील वकील के साथ जॉर्ज की मुलाकात का प्रबन्ध किया। वह मुलाकात उस प्रसिद्ध वकील के कनिष्ठ सहयोगी के घर हुई। कनिष्ठ वकील को पता था कि बैठक गोपनीय है और उसका सम्बन्ध प्रतिरोध से सबधित योजनाओं से है लेकिन तब भी बैठक खत्म होने के बाद उस कनिष्ठ वकील ने यह कहकर अपना परिचय दिया कि वह सोशलिस्ट पार्टी म काम कर चुका है तथा जार्ज को अच्छी तरह जानता है। और यह कहते समय जार्ज उसकी बगल मे बैठे थे! इससे मुझे इतना आश्चर्य हुआ कि मैं कुर्सी से गिरते गिरते बचा—जरा सी चूक होती और मैं भेद खोल चुका होता!

केन्द्रीय जाच ब्यूरो के भाग्य स उसे मुहमागी मुराद मिल गई। हमारी योजनाए विगड गई थी तथा आपसी समन्वय असभव हो गया था पर हमारे कई दस्त देश म जगह जगह अपने काम म लगे हुए थे। बिहार म एक हिम्मती दस्ता सक्रिय था जहा समय समय पर विस्फोट हो रहे थे। बम्बई म एक दस्ते ने आपातकाल की घोषणा की पहली बरसी पर ज़ोरदार 'आतिशबाज़ी का निश्चय किया। बम्बई महानगर म 26 जून 1976 को रेल लाइनो तथा पुलो पर अनेक विस्फोट हुए। बम्बई की सी० आई० डी० ने पूरे दल का पता लगा लिया। उसम से आठ लोग पकड लिए गए तथा बाद मे लक्षमण जाधव को भी उसम जोड दिया जो पहले ही मीसा म नज़रबन्द थे पर जिन्होंने पिछले दिसम्बर मे ऐसी वारदाता की योजना बनाने तथा उनपर अमल करने म योगदान किया था। बम्बई म ही उनके खिलाफ अभियोगपत्र तयार किया गया। इससे पहल जॉज के अनेक सहयोगियो मे जी० जी० पारीख तथा वीरेन शाह का नाम पुलिस जान गई थी। उन्हे भी षडयन्त्र क अभियुक्तो मे शामिल कर लिया गया।

हम सभी पर विभिन्न कदखानों म एक से आरोप थे। दिल्ली मे दो लोगो और बगलौर की एक अदालत म ऐसे ही आरोपो वाले एम० एस० अप्पाराव तथा स्नेहलता रेड्डी के विरुद्ध मुकद्दमा नही चलाने का निश्चय हुआ। लेकिन उन्ह मीसा म नज़रबन्द रखा गया। स्नेहा की नज़रबन्दी अन्तत मौत म परिणत हो गई, क्योंकि जेल म उनसे बहुत दुर्व्यवहार किया गया था तथा चिकित्सा की सुविधा से महरूम रखा गया।

जुलाई 1976 के अन्तिम दिनो म दिल्ली म जाज समेत हम छह लोग पटना म एक बडौदा म छह और बम्बई म 11 लोग षडयन्त्र के अभियुक्ता के रूप म कद थे। दिल्ली म हमारे दो सह अभियुक्तो पर स ये आरोप वापस ले लिए गए। पालीवाल क बारे म शायद यह सोचा गया कि वह खतरनाक या मुकद्दमे के लायक महत्वपूर्ण शायद नही हैं क्योकि उनकी भूमिका मुख्यत लोगो स सम्पक करन और उनके तथा जाज के बीच मुलाकातें कराने तक सीमित थी। दूसरे व्यक्ति कप्तेन ह्यूलगोल के खिलाफ आरोप शायद इसलिए वापस लिए गए कि उन्ह सरकारी पक्ष का सुरक्षित तथा विश्वस्त गवाह बनाया जा सकता था इसलिए उन्ह अभियुक्तो मे शरीक करना लाभदायक न होता। गवाहो की सूची मे ह्यूलगोल परिवार के दो और सदस्य थे—उनकी बटी डाक्टर गिरिजा ह्यूलगोल और बेटा चन्द्रकुमार। दूसरे अभियुक्त कप्तेन ह्यूलगोल के विरुद्ध आरोप भी वापस ले लिए गए शायद यह सोचकर कि इस्तगास की ओर से वह एक सुरक्षित और विश्वसनीय गवाह बन सकेंगे इसलिए उन्ह अभियुक्त के रूप म रखना बुद्धिमत्ता नहा होगी। इस्तगासे के

गवाहों की सूची मे ह्यूलगोल परिवार के दो अन्य सदस्य और थे—उनकी बेटी डा० गिरिजा ह्यूलगोल, तथा बेटा चद्रकुमार। जाज के घनिष्ठ सपक म होन के कारण ह्यूलगोल परिवार को काफी धमकिया और दबाव सहने पडे। अक्टूबर मे कप्टेन ह्यूलगोल को पैराल पर रिहा करके उन्ह एक तरह से रिश्वत भी दी गई। सभवत सरकारी पक्ष इस बात पर परम प्रसन्न था कि वह तीन महत्त्वपूण गवाह बनाने मे कामयाब हो गया है जिनपर दबाव डालकर जॉज की अनेक गतिविधियो और योजनाओ के बारे मे साक्ष्य दिलवाया जा सकता है। लेकिन गिरिजा ने अदालत म शपथ लेकर एक हलफनामा दाखिल कर दिया जिसम उसने बताया कि उस तथा परिवार को बयान तथा गवाही देने के लिए विवश किया गया है, और इस हलफनामे ने इस्तगासे के मसूबो पर पानी फेर दिया।

अब हम 22 लोग बचे जिनपर अलग अलग अदालतों म मुकद्दमे दज़ किये गए थे पर यह स्पष्ट था कि इन सभी पर दिल्ली म एक सामूहिक षडयन्त्र का मामला चलाया जाएगा। दिल्ली मे हम—कमलश और मैं—अक्तूबर म किसी भी समय कारवाई शुरु होने का अनुमान लगा रह थे। वास्तव म कारवाई कुछ हफ्त पहले शुरू हो गई। जाज जिन्हे हिसार म बिलकुल तनहा रखा गया था, 21 सितम्बर को दिल्ली के तिहाड जेल म लाए गए। कमलेश को और मुझे, जोकि उसी जेल म घुडसाल म पडे थ क्योकि हमने घमडी जेल सुपरिंटेंडेंट बतरा की हा म हा मिलाने से इन्कार कर दिया था जाज वाले वाड म पहुचा दिया गया। विजयनारायण सिंह भी जो तिहाड जेल म ही थे हमारे साथ आ गए। बडौदा के छह तथा बम्बई के सभी साथी 23 सितम्बर को तिहाड भेज दिए गए।

तभी हम समझ गए कि अदालती कारवाई चन्द दिनो म शुरू होन वाली है। अन्तत 24 सितम्बर को दिल्ली के चीफ मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट की अदालत म अभियोगपत्र* पेश हो गया। प्रमुख अभियाग थे—ताजीराते हिन्द की दफा 121 ए के तहत अवध ताकत इस्तेमाल कर कानूनसम्मत सरकार को उलटने की कोशिश, और दफा 120 बी के तहत अवध कार्यों के लिए षडयत्र।

अभियोग के अन्तगत निम्नलिखित विभिन्न विशेष आरोप लगाए गए थे

फर्ज़ी नाम और वेशभूषा म आना जाना,

सरकार के विरुद्ध प्रतिरोध का सगठन, भूमिगत साहित्य का प्रकाशन और वितरण विभिन्न समूहो को बगावत के लिए उकसाना

अपन प्रचार क लिए विदशो से रेडियो ट्रासमीटर आयात करने की कोशिश (विशेष रूप स मेरे बारे म),

तोड फोड तथा सावजनिक सपत्ति को नष्ट करने की योजना बनाने क लिए बैठको का आयाजन

*पूरा अभियोगपत्र परिशिष्ट म देखें

फारस की खाडी और दिएगो गार्शिया (!) म रेडियो ट्रासमीटर लगान की कोशिश और

विदेशी व्यक्तिया तथा एजसियो के साथ सपक और उसे बनाना ।

सरकारी पक्ष ने लगभग 500 दस्तावेज दाखिल किए तथा 575 गवाहो के नाम दिए जिनके सहारे वह आरोप सिद्ध करना चाहता था। जिस तरह मामला तयार किया गया था उससे सकेत मिलता था कि वे हम 20 साल की सजा कराने पर आमादा हैं । न्यायपालिका पहले ही निस्तेज हो चुकी थी, इसलिए हम स्पष्ट दीख रहा था कि सजाए जरूर हागी । हममे से जो लोग चालीस की उम्र पार कर चुके थे उनका जेल से जीवित निकलना प्राय नामुमकिन लगता था ।

इसके बावजूद हमारे मन म कुछ बहुत ही अहम सवाल उठ रहे थे । यदि सरकार सचमुच हम हिंसक तरीका का गुनाहगार साबित करना और हर कीमत पर सजा दिलाना चाहती थी तो उसने हमारे खिलाफ और भी अधिक सगीन और स्पष्ट जुर्मो का अभियोग क्या नही लगाया जबकि उसके पास पर्याप्त सबूत भी मौजूद थ । उन्होने स्नेहलता रेडडी और डाक्टर गिरिजा ह्यूलगोल को अभियुक्ता म शुमार क्यो नही किया, जबकि षडय त्र तथा खास कारवाइयो के आरोप उनक विरुद्ध अधिक आसानी स साबित हो सकते थे और जिनकी पूरे मामले म हमम से अनेक की अपेक्षा अधिक गम्भीर भूमिका थी ? बिहार म बबई स कही अधिक सख्या म और कारगर विस्फोट हुए थ । आरा टेलीफान एक्सचेंज पूरी तरह नष्ट हो गया था तथा बिहार की रेल व्यवस्था बारबार गम्भीर रूप स अस्त व्यस्त हुई थी । कर्नाटक म भी अधिक विस्फोट हुए थे । अकेले बगलौर नगर म रेल पटरिया पर पाच विस्फोट हो चुके थे । दक्षिण म स्नेहा ही हमारी मुख्य सपकसूत्र थी और साथ समर्पित तथा कटिबद्ध लोगो का पूरा दस्ता था जिसने बहुत सफलता से कारवाइया की थी। जाज क सम्पक म आनेवालो म गिरिजा अधिक लोगो को जानती थी और मुनास भी अधिक बठको म शामिल होती रही थी। फिर भी स्नहलता और गिरिजा पर मुकद्दमा नही चलाया गया तथा बिहार और कर्नाटक की असख्य घटनाओ का उल्लेख सिवाय एक साधारण जिक्र के नही किया गया ।

इनका ठीक ठीक उत्तर ता केन्द्रीय जाच ब्यूरो ही दे सकता है पर हम उनका अनुमान आसानी स कर सकत थे ।

अभियुक्ता म स्नेहलता और गिरिजा को शामिल करने से पूरे मामल को एक नया आयम मिल जाता । सरकारी पक्ष ने अपने आप और बिना सोचे समझे लगभग एक ही किस्म के औसत भारतीयो को जिनकी उम्र सामाजिक हैसियत पेशे और राजनीतिक मान्यताए मिलती जुलती थी अभियुक्त बनाया था जो कि उसक लिए यो ही बुरा था । अब शायद उन्होंने सोचा कि षडयत्र क आराप म दा

लडकियो को जोड देने से हमारे दल का रोब-दाब और आकषण बढ जाएगा, इसलिए उन्हें अलग रखना चाहिए। सरकारी पक्ष सिर्फ यह दिखाना चाहता था कि सारा प्रतिपक्ष बहुत ही अलोकतात्रिक तथा हिंसक लोगो से भरा हुआ है। शायद वह यह भी दिखाना चाहता था कि हम लोग निकम्मे और नौसिखुए मात्र थे जिनसे सरकार को कोई खास परशानी नहो है। वे जनता के सामने हमारी दिलेरी नहीं आने देना चाहते थे जोकि हमारे आदोलन का मुख्य उद्देश्य था। यही कारण था कि सरकार न उन वारदातों का आरोप हम पर नही लगाया जिनसे साबित होता था कि जनता ने तानाशाही न तो कबूल की है न करेगी तथा तानाशाही किसी भी सकल्पबद्ध प्रतिरोध पर रोक लगाने म असमथ है।

सरकार ने मूखतावश सोचा था कि वह मामले को महज एक फौजदारी मामला बना देगी जिसका कोई राजनीतिक महत्त्व नही होगा। उसको आशा थी कि वह हम अपने विचार दशन और गतिविधियों का राजनीतिक स्वरूप प्रकट करने का अवसर नही देगी तथा खूब प्रचारात्मक फायदा उठान मे सफल हो जाएगी। वह चाहती थी कि हम राजनीतिक सहानुभूति तथा समथन हासिल करन और प्रतिरोध की चिनगारी जगाये रखने हेतु जनता में इस मुकद्दमे के जरिये साहस भरने का मौका ही न मिले।

24 सितबर को अदालत म जो अभियोगपत्र पेश किया गया उसे देश के सभी अखबारो के मुखपृष्ठ पर विस्तार से छपवाया गया। आकाशवाणी की सभी बुलेटिनों म उसका उल्लख हुआ। बी०बी० सी० वायस आफ अमेरिका तथा अन्य विदेशी प्रचार माध्यमो म भी आरोपों का साराश प्रकाशित प्रसारित हुआ। हम सभी अभियुक्तो को जो अभी भी अपने लक्ष्य से प्रतिबद्ध थे तथा तानाशाही के विरुद्ध अडिग थे, इसस बहुत खुशी हुई। हालाकि अभियोगपत्र मे हमारे सारे कारनामे नही गिनाए गए थे पर वह रोमाटिक मालूम होता था और उससे स्पष्ट हो गया था कि एक सक्रिय दृढसकल्प भूमिगत आदोलन ने बहादुरी से लडाई लडी है और उसने भरसक जनता को जागत करने का काय किया है। इससे जहा हमारे अहम को सतोष मिला वही बचे खुचे प्रतिरोध दलो को भी बल मिला। हम जानते थे, और इसकी पुष्टि भी हुई, कि नौजवानों के हम वीरनायक बन गए हैं। कई नौजवाना को शिकायत थी कि हमने उनसे सपक करके उन्हे शामिल नही किया। मुकद्दमा रातों रात जगत विख्यात हो गया। जबदस्त पुलिस पहरे और जोखिम के बावजूद सैकडों लोग हमे कचहरी म छह महीनों की कारवाई के दौरान देखने के लिए आते थे।

हमारी तरह का काम करने के उत्सुक लोगों को सरकार शायद सबक सिखाना चाहती थी। जाहिर था कि वह अपने इस प्रचार के पक्ष में सबूत देना चाहती थी कि यदि उसने हजारो लोगो को जलो म डालकर और **बुनियादी**

आजादियो पर अकुश लगाकर—गोकि यह खेदजनक' था—कठोर कारवाई न की होती तो हम जसे गैर जिम्मेदार अलोकतान्त्रिक और हिंसक लोग अराजक्ता फला देते तथा देश का अकल्पनीय नुकसान कर बैठते। पर भावी घटनाओ ने साबित कर दिया कि यह उसकी भूल थी। मुकद्दमे ने वस्तुत हम सरकार के विरुद्ध अपना अभियान चलाने और जारी रखने का तथा श्रीमती गाधी एव उनके गिरोह का पर्दाफाश करने का मौका दे दिया। आगे चलकर मैं बताऊगा कि हमने अपने प्रतिरोध दशन की प्रस्थापना म तथा दुष्टता और जोर जुल्म के खिलाफ सघर्ष करने के अपने अधिकार का औचित्य निरूपित करने म किस प्रकार अवसर गढे और उनका उपयोग किया।

अभियोगपत्र अदालत म पेश करने और अखबारो म छपवाने के साथ ही साथ सरकार ने यह गूढ घोषणा भी कर दी कि यह मामला अन्य फौजदारी मामलो की तरह चलेगा। उसने यह भी जताया कि अदालत म सवाददाता तथा जनता आ सकती है। विदेशी सवाददाताओ से खास तौर से कहा गया कि वे चाहे तो अदालत जाकर उसकी कारवाई की खबरे दे सकते हैं। इस घोषणा से तथा प्रेस को आमत्रण देकर सरकार चाहती थी कि उसका पक्ष प्रचारित हो तथा हम जघन्य शत्रु के रूप म चित्रित किया जाए। भारतीय समाचार माध्यमो म एकतरफा किस्सा छपवाने के अपने उद्देश्य म वह सफल रही। अदालतो म हम जो विभिन्न बयान देते थे उनका भारतीय समाचारपत्रो म कोई उल्लेख नही हो पाता था। पर विदेशी सवाददाताओ को सरकार नियत्रित नही कर सकी जो शुरू शुरू म हर सुनवाई म उपस्थित रहते थ, तथा आगे जब कभी हम कोई विशेष बयान देना होता अथवा जिन दिनो हम अदालत के कमरे म कोई नाटकीय काय करने वाले होते उन्हे खबर भिजवा दी जाती। सेंसर इतना निकम्मा और अधा था कि उसे दिल्ली हाई कोट म दाखिल हमारी विभिन्न याचिकाओ और अपीलो म छिपी खबरें नजर नही आ पाती थी जबकि हम ये कारवाई वास्तविक राहत पाने की अपेक्षा मात्र प्रचारात्मक फायदे के लिए करते थे। हाई कोट म हमारी याचिकाए तथा उनपर कोट के आदेश प्रकाशित हो जाते थे तथा भारतीय पाठको को हाल हकीकत का तथा हमारे दृष्टिकोण का थोडा बहुत अदाजा लग ही जाता था।

हमारे मुकद्दमे को साधारण फौजदारी मामला की तरह चलाने की गूढ घोषणा का अथ हम समझ गए थ। न केवल हमारे मामले को राजनीतिक महत्ता से वचित किया जाने वाला था बल्कि हमारे साथ भी आम मुल्जिमो जसा सलूक किया जाने वाला था। ज्योही मौका मिलता सरकारी पक्ष हमारे कथित अपराधो के पहले जघन्य विशेषण जोड देता था मानो हम नतिक रूप से अधःपतित आम खतरनाक मुल्जिमो की श्रेणी म रखा गया है यह स्पष्ट हो जाए।

सरकारी पन की राय मे हम लोग हत्या या बलात्कार के अपराधियो से किसी भी माने म बेहतर नही थे। और हम कसा सलूक मिलेगा इसका आभास हम मजिस्ट्रेट के सामने पेश करन से पहले ही मिन गया था। 26 सितबर को बडौदा से आए अभियुक्तों को एक मजिस्ट्रेट के सामने पेश करके जल मे उनकी हिरासत की औपचारिकता पूरी की जानी थी। उनके दोनो हाथो हथकडी लगाकर तथा जजीर से बाधकर पुलिस पहरे म अदालत म ले जाया गया। उनम म हरेक पर दो-दो सिपाही और एक एक हेड कास्टबिल तैनात था। उसके अलावा बदूकधारी सतरी अलग स थ। उन्हें अदालत म ले जाने और लाने म ही नही मजिस्ट्रेट के सामने पेश करते समय भी हथकडी-जजीर म रखा गया। हत्या के अभियुक्तो को भी यह सम्मान नही मिलता। और मजिस्ट्रेट उनकी अपील पर कान देन को भी तैयार नही था।

हम मालूम था कि चीफ मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट के सामने हम इसी तरह ले जाया जाएगा। हम क्या रवया अपनाए ? क्या हम इसका शारीरिक प्रतिरोध करके कहे कि हम आम मुल्जिमों की तरह कोट नही जाएगे तथा इसपर जबरन घसीटे या पीटे जान का जोखिम उठाए ?

कानून और कानूनी फैसले हमारे पन म थे। गहमत्रालय पुलिस को देश भर म बार बार निर्देश दे चुका था कि हिरासत म किसी भी व्यक्ति पर हथकडी जजीर इत्यादि लगाकर शारीरिक कष्ट न दिया जाए जब तक कि (क) कैदी हिंसक न हो या नियत्रण से छूटने का खतरा न हो या (ख) गारद को यकीन हो कि कदी भागने की कोशिश कर सकता है। हम सभी को और जाज को भी कई बार जगह-जगह तथा अदालतों म ले जाया जा चुका था। कभी भी हम हथकडी नही पहनाई गई। न हमने भागने की कोशिश की थी न ही हिंसक कारवाई का प्रयत्न किया था। यही नही राजनीतिक बन्दियों को हथकडी न लगाने की एक परपरा रही है। हम सभी मीसा बदी थे और हमम से 10 लोगो को अपन मुकद्दमे मे ज़मानत मिल चुकी थी हालांकि मीसा के कारण उस ज़मानत का कोई उपयोग नही था। इन कारणो से हमे हथकडी लगाना नाजायज़ था, और कचहरी म तो यह बिल्कुल नाजायज़ था। अगर पुलिस को अदेशा था कि निकल भागने की कोशिश हो सकती है तो वह आसानी से उस दरवाज़े पर पहरा रख सकती थी जो अदालत क कमरे का था और एक ही था। लेकिन इन कानूनी और ठोस दलीलों को कौन सुनता और हम कौन राहत देता ? अगर हम शारीरिक रूप से विरोध करते तथा इनकार करत तो हमारे साथ मार-पीट की जा सकती थी। हम इसके लिए भी तैयार थ, पर उससे मिलता क्या ? अदालत कोई सुनवाई करेगी इसकी उम्मीद नही थी और सेंसरशिप के कारण उसका कोई प्रचार भी नही हो सकता था।

अत हमने तय किया कि इस बात का लाभ उठाए और हम जलील करने की सरकारी नीयत को नाटकीय मोड दे दें। अदालत म पेश होन से एक दिन पहले जाज तथा मैंने अपनी प्रस्तावित कारवाई पर लबी बातचीत की। उपयुक्त कारणो से हमने तय किया कि हम हथकडी जजीर का विरोध नहीं करेंगे। इसके बजाय हमने मजिस्टेट के सामने एक बयान देकर अपने पक्ष म प्रचार कराने का निश्चय किया। उस बयान क जरिये हमे हथकडी का विरोध तो करना ही था, हम कानूनी मदद से वचित रखने तथा कचहरी मे दिन भर भूखे प्यासे रखने की सरकारी कारवाई का भी भडाफोड करना था।

25 सितबर को अखबारा म हमने ज्यो ही पढा कि अभियोगपत्र दाखिल कर दिया गया है जाज न और मैंने जेल के सुपरिटेंडेंट स अनुरोध किया कि हमारे खच पर पत्र और तार के जरिय अपने वकीलो से सपक करन की सुविधा द। 11 जून को दिल्ली की एक अदालत मे पेश होने के बाद से जब से जाज हिसार म थे उन्ह वकीला स नही मिलने दिया गया था। उनसे मुलाकात की प्राथना का या तो जवाब ही न आता, या रद्द कर दी जाती। अभियोगपत्र क दाखिले के बाद वकील से मिलने की हमारी प्राथना का भी वही हश्र हुआ।

बडौदा के साथियो से हमे मालूम हो गया था कि अदालत म जब जब उन्ह ले जाया गया, जलपान या चाय-काफी लेने तक की मनाही रही। शुरू-शुरू मे हमारे साथ भी यही सलूक किया गया। सुबह 10 बजे हम जल स ले जाया जाता, और शाम तक हम वापस लाया जाता। दिन भर जलपान तो क्या हम चाय पीन तक की मुमानियत थी। कचहरी के बाहर एक नल स सो भी बहुत ननुनच के बाद पानी की इजाजत हम अलबत्ता मिली हुई थी।

हम अपने बयान म इस तरह की अनावश्यक और जानबूझ कर हा रही जलालत का कानूनी सुविधाओ से महरूम रख जान का और अदालत मे पेशी के दिन खाने पीन तक के मामूली हक से वचित किए जाने का विरोध करना था। जो सुविधाए हम कदी के रूप म कानूनी तौर से मिल सकती थी उनसे भी हम वचित करने वाली सरकार की सख्त आलोचना करत हुए स्वय को हम भारत की समस्त अधिकारो से वचित जनता के प्रतीक के रूप मे पेश करना चाहते थे। मैंने बयान का मसविदा बनाया और उस देखकर मुझे खुद काफी खुशी हुई। पहल भी मुझे अपनी निष्ठा तथा गहरी भावना व्यक्त करन वाले बयान लिखने का अवसर मिला है। यह बयान उन्ही की तरह ऐसी परिस्थितियो में लिखे गए उत्कृष्टतम नमूना म गिना जाएगा। मुझे या जी० जी० पारीख या जाज को भी मसविदे म ज्यादा फेर-बदल की जरूरत नही पडी। बयान जाज को देना था और तय हुआ कि सरकारी वकील या मजिस्ट्रेट विराध कर तब भी बयान को पढकर सुना देना है। मैंन अपने हाथ स उस बयान की कई नकलें का ताकि विदशी सवाददाताओं

को वह दिया जा सके, जो भारी सख्या मे आएगे, यह तय सा था।

आशा के अनुरूप, जेल से निकालते समय हम सभी को हथकडी और जजीर पहनाई गई। गारद के इचाज सुपरिटेंडेंट क समक्ष विरोध करने का नाटक मैंने किया। पर जब मैं विरोध कर रहा था तब भी मुझे धुकधुकी हो रही थी कि अगर मैंने बहुत विरोध किया तो कही ये हथकडी लगाने का विचार न छोड दें! हम भारी गारद और तामझाम के साथ ले जाया गया। जॉज, जो कि सबसे खतरनाक थे एक विशेष गाडी म थे। उनके हाथा म हथकडी-जजीर थी, उसके अलावा स्टेनगन लिए हुए एक दजन सिपाही जिनके सिर पर एक इस्पेक्टर बठा था! जी०जी० पारीख तथा वीरेन शाह जो कि बीमार थे, जॉज के साथ ही थे। बाकी हम सब दो काली बद गाडियों मे थे—हरेक पर तीन तीन सिपाही, और सशस्त्र सतरी जो इन गाडिया म आम तौर पर रहते थे। जुलूस के आगे-आगे एक जीप मे इस काफिले का इचाज डी० एस० पी० और दो इस्पेक्टर बठे थे। उनके पीछे सशस्त्र पुलिस का पूरा एक ट्रक। उसके पीछे जाज की गाडी और उनके पीछे दोनो काली गाडिया। सबसे पीछे पुन एक ट्रक भर सशस्त्र सिपाही। क्या ही जोरदार जुलूस था!—मुझे तथा अधिकाश सहअभियुक्तो को इस पर काफी गव महसूस हुआ।

उस मनहूस दिन—26 जून 1975—को हम श्रीमती गाधी को भयभीत करने और उलटने के लिए निकल पडे थे। हम अपनी याजनाए पूरी कर पात उससे पहले ही हमारा अधिकाश सगठन नष्ट हो गया था।

हमने श्रीमती गाधी और उनकी तानाशाही को थोडा सा परेशान भर किया था और वे सचमुच भयभीत हुए हो ऐसा भी नही हो पाया था, लेकिन तब भी उ होंने हमारे सशस्त्र पहरेदारो की लम्बी चौडी गारद भेजकर हमारा सम्मान किया—जसाकि आज़ाद भारत म किसी भी अ य राजनीतिक ग्रुप को नही मिला था! हमे इतना खतरनाक समझा गया यह जानकर हमें खुशी हुई। जेल से मजिस्ट्रेट की अदालत तक के दस मील लम्बे रास्ते मे हम धारा प्रवाह नारे लगाते गए और ये नारे अदालती हवालात से अदालत के कमरे तक के छोटे-से रास्ते भर भी जारी रहे। नारे लगाने से वे हम नहा रोक सके, पर हवालात से अदालत के कमरे तक पैदल ले जाने का अवसर उ होने छीन लिया, क्योंकि इतनी भारी भरकम हथियारबद गारद के साथ बडौदा के विख्यात बारूदबाजो का जुलूस देखने लोग उमड पडते थे—और उनपर उसका असर होता ही था।

पहले दिन हम हवालात मे दो एक घण्टे हथकडी के बिना बद रखा गया। जब एक एक कर हमे बाहर निकाला गया तो यह देखकर मुझे गश आ गया (!) कि पहले वाले कुछेक लोगो को हथकडी नहीं पहनाई जा रही है। तो क्या हमे अपना वक्तव्य सुनाने और रेकाड पर लाने का अवसर भी नही मिलेगा? लेकिन, जब

हम सब बाहर निकाल लिए गए तब हवालात के सामने छोटे स चौकोर बरामदे मे हम हथकडिया पहना दी गइ। मैंने राहत की सास ली और सोचा कि चलो कम से कम हम दुनिया को यह तो बता सकेंगे कि इन हालात का सामना हम किस तरह कर रह है।

अदालत खचाखच भरी थी। बी० बी० सी० वायस ऑफ अमेरिका टाइम्स लन्दन फ्रैंकफुर्टेर एलजेमेन, ल मोद, न्यूयाक टाइम्स वगरह कई विदेशी अखबारों क सवाददाता मौजूद थे। प्रतिनिधि अनेक थे पर वक्तव्य की प्रतिलिपिया बहुत कम। अदालत म घुसत ही मैंने सारी प्रतिया फ्रैंकफुर्टेर एलजेमेन के सवाददाता वेनर ऐडम्स को सौंप दी और कहा कि इन्हें बाट लें। समाचार के सवाददाता पर एक प्रति बर्बाद हो गई क्योकि मैंने सोचा कि शायद समाचार उसे प्रसारित कर ही दे और भारतीय अखबारो म कुछ छप जाए।

ज्या ही कारवाई शुरू हुई जाज फर्नांडीस ने मजिस्ट्रेट से कहा कि मैं एक बयान देना चाहता हू और इसस पहले कि वह या सरकारी वकील रोक पाता, उन्होने बयान पढना शुरू कर दिया। मजिस्टेट ने कई बार टोका कि यह बयान किसलिए लेकिन उसपर कोई ध्यान नही दिया गया। स्थिर और गरजती आवाज म यह किरदार असरदार रहा। और जब उन्होने कहा कि हमारे हाथो म पडी य जजीरें सारे मुल्क की गुलामी की निशानी है तो हम सबने हाथ उठाकर जजीरें खडकाइ। वहा उपस्थित लोग काफी द्रवित हो गए और उस रात बी० बी० सी० क हिन्दी प्रसारण म उस पूरे नाटक का विवरण आया।

बयान इस प्रकार था

महोदय कारवाई को आगे बढाए उसस पहले मैं अपनी तथा अपने साथियो की ओर स एक बयान देना चाहूगा।

हमारे साथियो के दो जत्थे जो पिछले हफ्ते आपके बधु मजिस्ट्रेट क सामने पश किए गए थे तथा आज हम सबको न सिफ अदालत के अहाते म बल्कि अदालत के भीतर भी हथकडी पहनाई गई है। यह बेमिसाल है और परम्परा के खिलाफ है। राजनीतिक बदियो को कभी भी—मौजूदा तानाशाह सरकार के समय म भी—दिल्ली की अदालतो म हथकडी पहनाकर न तो ल जाया गया न अदालत म पेश किया गया। हममे से कुछ लोगों को पिछले छह महीनो म इसी मुकद्दमे के सिलसिले म कइ बार अदालत ले जाया गया है पर कभी भी हथकडी नहा डाली गई। अब अचानक यह कारवाई करने का कोई सुरक्षात्मक कारण भी नही हो सकता।

मैं आपका ध्यान गहमत्री के उस आश्वासन की ओर नही दिलाना चाहता जिसम उन्होने ससद-सदस्यो स कहा है कि पुलिस को राजनीतिक

बदिया को हथकडी लगाने से मना कर दिया गया है, क्योंकि मौजूदा सरकार की यो भी कोई साख नहा रह गई है। फिर भी रेकाड के वास्ते मैं यह कह रहा हू।

यह कारवाइ कोई छोटा मोटा पुलिस अफसर अपनी जिम्मेदारी पर नही कर सकता। हम हथकडी लगाने का फसला किसी बडे ओहदेदार ने किया होगा। जब सुरक्षा सम्बन्धी कारण न हो तब हथकडी लगाने का एकमात्र मकसद हम जलील करना ही है।

एक बार तो हमने सोचा कि इस भर्त्सनाही को रोकना हमारा फज है। पर फिर हमने सिफ विरोध प्रकट करने का निश्चय किया और हम खुशी तथा गव है कि हम **और ये जजीरें जो हम आपके सामने आज ढो रहे हैं, पूरे मुल्क की प्रतीक हैं जिसे हमारे देश में कायम हुई एक तानाशाह हुकूमत ने हथकडी और बेडी मे जकड दिया है।**

अब यह फसला आपको करना है कि आप हमारे ऊपर यह जलालत कितनी देर तक जारी रहने देना चाहते हैं।

आज जो लोग देश पर हुकूमत कर रहे है, जबकि एक आतकित अशक्त या उदासीन न्यायपालिका मूक गवाह बनी देख रही है उनकी नीयत सिफ हमे जलील कर देने की नही है।

वे हम अपने बचाव के लिए भौतिक और कानूनी सुविधाओ से भी वचित करने पर आमादा हैं। जल म हमारे साथ जो बर्ताव हुआ है और हो रहा है यह निहायत असतोषजनक है। हालाकि पिछले कुछ दिनों मे उसम सुधार हुआ है पर राजनीतिक बन्दियो को जैसा बताव मिलना चाहिए यह वसा नही है। चिकित्सा की सुविधा निहायत गैरजिम्मेदाराना और अपर्याप्त रही है। स्वास्थ्य की कोई गम्भीर गडबडी नही हुई (गोकि दो लोगो को दिल के दौरे पडे जिससे उन्ह अस्पताल ले जाना पडा) तो इसलिए नही कि चिकित्सा की सुविधाए थी, बल्कि इसलिए कि हम अपनी इच्छाशक्ति के बूते पर स्वस्थ हैं।

आपको पता होगा कि इस मुकद्दम के अधिकाश अभियुक्तो को जमानत मिल गई है पर सरकार ने अदालत के इस फैसले का तिरस्कार करते हुए उनम स कई को मीसा म नजरबद कर रखा है। मीसाबदियो को देश भर मे कही भी तालाबदी करके नही रखा जाता, यहा तक कि तिहाड जेल म भी नही, जहा हम लोग कई महीनो से रखे गए हैं लेकिन जेल अधिकारियो ने सरकार के आदेश पर हम 23 सितम्बर, 1976 स रात म तालाबद रखना शुरू कर दिया है।

जब स हम गिरफ्तार किया गया है और अदालतो म पश किया गया है,

हम पर लगाए गए अभियोग बदल तथा अधिकाधिक गभीर बनाए जाते रहे हैं लेकिन हम समुचित कानूनी सलाह और सहायता लेने से वचित रखा गया है। मुझे तो 10 जून, 1976 को गिरफ्तार करने के बाद से अब तक लगभग बिलकुल तनहा रखा गया है। ज्यों ही हमने यह एलान सुना कि हम आज आपके यहा पेश किया जाएगा, और यह कि 24 सितम्बर' 76 को हमारे खिलाफ औपचारिक रूप से आरोप पेश किए जा चुके हैं तथा उसके दूसरे दिन हमने उन आरोपो का सक्षिप्त सार समाचारपत्रो म देखा तभी हम कुछ लोगा ने जेल के सुपरिंटेंडेंट से अनुरोध किया कि वह हमारे खर्च से हमारे वकीलो को या तो तार कर दे या फोन पर सूचना दे द कि उनसे कानूनी मशविरा चाहते हैं। न तो ये तार भेज गए हैं न हमारे वकीलो को सदेश मिला।

जाहिर है कि इस मामले म भी सरकारी पक्ष चाहता है कि हम कानूनी सहायता से वचित करके हम सज़ा दिला दे—और आप पुन एक मूक गवाह हैं।

मानो इसस भी उनका मन नही भरा, इसलिए यहा अदालत के भीतर हमसे क्रूर और बबर व्यवहार किया जा रहा है। जिस दिन हम अदालत लाया जाता है उस सारे दिन भूखे रहना पडता है। जेल से हम सुबह नौ बजे बाहर ले आया जाता है जबकि लगभग आठ बजे हम नाश्ता कर पाते हैं। फिर शाम को छ बज जेल वापस ले जाया जाता है। इस दस घण्टे के दरम्यान हम चाय या नाश्ते की भी इजाज़त नही दी जाती। हम गिरफ्तार रखने वाला का यह फ्ज है कि हमारे खान-पान का पूरा और समय पर बदोबस्त करें। जेल के तथा मीसा के नियमों के अतगत भी हमे अपने दोस्ता या रिश्तेदारो से या स्वय अपने खच से भोजन की कमी पूरी करने का अधिकार है। लेकिन हम इसस भी वचित किया जा रहा है और पिछले हफ्ते आपके बधु मजिस्ट्रेट के सामने पेश होने पर हमारी दरख्वास्त अनसुनी रह गई।

हम चाहते तो यह थे कि पुलिस तथा अन्य कई पुलिस अन्वेषण एजेंसियो ने हम सभी के साथ जिस तरह के बबर और घिनौने तरीके बरते है और जिस तरह की शारीरिक तथा मानसिक यातना दी है उसका पूरा ब्यौरा यहा देते, लेकिन हम जानते हैं कि उससे कोई लाभ नहीं होगा इसलिए हम उन ब्यौरो म नही जा रहे हैं। और फिर एक पुलिस राज मे अन्य कोई उम्मीद भी हम कसे करें?

देश म जो हालात हैं और नागरिक को जिस तरह उसकी आजादी तथा स्वय जीवन के अधिकार से घृणित ढग से निरन्तर वचित किया जा रहा है उससे हम यह भी उम्मीद नही है कि हमारे साथ यह अदालत न्याय करेगी,

या कि मुनासिब रवैया भी अपनाएगी। इसके बावजूद हमने आपको बताया है कि हमे किस कदर अपग बनाया गया है और अभी भी अपग बनाया जा रहा है, महज इस हल्की-सी उम्मीद से कि देश की राजधानी के मुख्य न्याय दडाधिकारी होने के नाते शायद आप हमारे वैधानिक अधिकारों का हनन पसन्द नही करेंगे।

आपको अभी भी ये हालात सुधारने और हमारे अधिकार वापस दिलाने का न्यायिक अधिकार है—बल्कि आपका सवधानिक वक्तव्य यही है। हमारा भी यह फर्ज है कि हम आपसे हमारी लाचारिया दूर करने और नीचे लिखे अधिकार दिलाने की माग करें

1 हथकडी न लगाने का हमारा अधिकार।

2 जेल की हिरासत में हमारे साथ सभ्य और समुचित व्यवहार पाने का हमारा अधिकार।

3 अपने वकीलों रिश्तेदारों और दोस्तो के साथ मुक्त और निबध विचार विनिमय करने का हमारा अधिकार—जब हम अदालत म लाए जाए तब, और जेल म भी।

4 सन्तोषजनक तथा निश्चित समय पर खाना पाने का हमारा हक तथा दोस्तो एव रिश्तेदारों से खाना मगाने का हमारा हक।

भारत और दुनिया की आखें आप पर लगी हुई हैं और हमारी विधान सम्मत मागों पर आपकी कारवाई के आधार पर इतिहास आपका मूल्याकन करेगा। यदि हमे जलील करने तथा हम हमारे कानूनी एव बुनियादी हकों से वचित करने मे आप सक्रिय उपकरण बन गए तो हमे सोचना पडेगा कि हम इस मुकद्दमे के स्वाग मे अपनी ओर से शामिल हो भी या नहीं।

हमारी ये जजीरें पूरी कौम की प्रतीक हैं जिसे बेडी और हथकडी मे जकड दिया गया है —इस बात को विदेशी समाचारपत्रो ने प्रमुखता देकर छापा। अदालत म पहले दिन के हर समाचार मे इस उद्वेलक वक्तव्य का स्थान प्रमुख रहा। भारत म यह बयान नही छपने दिया गया। यही उम्मीद थी। पर स्टेटसमन ने जिसने कि इण्डियन एक्सप्रेस की तरह उस दमघोटू सॅसरशिप के दिनों मे काफी साहस दिखाया था अपने साप्ताहिक स्तभ आन द रेकॉर्ड म यह पक्ति छाप दी— 'यूजवीक' से उदधत करके। दिसम्बर म पूरे वष के सबसे उल्लेख्य वक्तव्या मे उसने इसे पुन छापा।

13
कानूनी लडाई

4 अक्तूबर को जब हम पहली बार चीफ मेटोपोलिटन मजिस्ट्रेट के सामने पेश किया गया हमम से हरेक को कोई 'टन' भर कागज दिए गए। ये कागजात थे—अभियोगपत्र तथा दस्तावेज, गवाहो क बयान एव अ य सामा य कानूनी कागज पत्र। कुल मिलाकर कोई 3000 पृष्ठ। सचमुच ही हम कागज म डुबो दिया गया। हमम से जिनका मनोबल गिरने लगा था उ हे इसम सरकार की नीयत साफ नजर आई बदोबस्त हो गया है बल्कि जेल म कई वर्षों के लिए बदोबस्त हो चुका है।

1942 म यानी लगभग 35 वप पहल इससे भी अधिक सगीन षडय त्र के मामले म एक मुल्जिम मैं था। उस समय अभियोग था— सम्राट के खिलाफ युद्ध छेडने का, जिसकी सजा थी सजा ए मौत। हम सभी ऊचे आदर्शों से अभिप्रेरित थे और अग्रेजो का भारत से खदेड देने के लिए निकल थे। हम लोग दक्षिण पूव एशिया से पनडुब्बी से या बर्मा-सीमा पार करके पदल आए—यह यात्रा अपने आपम एक बडा जोखिम थी। लेकिन हमार हौसल बुल द थे 1942 के भूमिगत आदोलन से सम्पक साधने और देश के भीतर के आ दोलन के साथ सुभाप बोस की आजाद हि द फौज का तालमल बैठाने का हमारा सकल्प अडिग था। मगर जब हम गिरफ्तार हो गए और एक विशेष यायालय म पेश किए गए तथा हमपर दड सहिता की सबस गम्भीर धारा के तहत एक विशेष अध्यादेश के जरिए अभि याग लगाया गया तो बहादुर दीखने वाले हमम से कुछ लोग मिट्टी की तरह ढह गए।

दूर से देखें तो जेल कोई खास बुरी चीज नही दीखती। दूर दराज की किसी सभावना पर खासकर एसी सभावना पर जिसका कोई निजी अनुभव न हुआ हो नजर डालने के लिए बडे कलेजे की जरूरत नही पडती। पर जेल म च द घण्टो के भीतर सारा साहस और सकल्प हवा हो जाता है। पढकर या सुनकर कभी भी कदी के वास्तविक अनुभव का अहसास नही हो सकता। सवाल सिफ शारीरिक तकलीफ का नहा होता बल्कि दिल दिमाग पर जो असर होता है, वही मुख्य बात है। जब अनिश्चितता या कि कुछ वर्षों तक जेल म रहने की निश्चितता शारीरिक मानसिक एव आत्मिक आघात को और भी अधिक कठोर बनाती है उस समय कदखान म अपने भविष्य की कल्पना का सामना करने तथा अपने प्रियजनो पर आन वाली भौतिक परेशानियो तथा मानसिक यत्रणाओ का मुका बला करना—इसके लिए बहुत बडी इच्छाशक्ति और साहस की दरकार होती है।

हमम स कुछ लोग जेल से बखूबी परिचित थे। आज अनेक बार जेल आ-जा
के थे। प्रभुदास पटवारी को भी जेल का स्वाद याद था। मैं खुद भी 1942 म
तीन वष से अधिक तथा पुन मसूर म कुछ समय तक जेल म रह चुका था।
वाजपेयी, कमलेश और जसवत भी जल म अजनबी नही थे। पर कुछ ऐस भी थे
जो पहले कभी जल नही गए थे तथा जिनको स्वभावत खौफ मालूम हुआ। कभी
न खत्म होने वाली जल-यात्रा निश्चय ही उन्ह दहला गई होगी। लेकिन ऐसे सिफ
दो एक ही लोग थे अधिक नही, जो साहस खोकर दिन रात जल से निकलन की
धुन में लगे रहत थे।

एक दूसरे की तुलना करना उचित नही है। फिर भी हमम से कुछ लोग
अपने धीरज तथा हिम्मत के लिए शाबासी पाने के हकदार थे। वीरेन शाह
तिहाड जेल म आए उससे पहले तक मुझे चिन्ता थी कि वह इस कठिनाई का कसे
मुकाबला करेंगे जबकि मामूली सुविधाए भी मुहाल हैं। एक बडी कम्पनी के
अध्यक्ष के रूप म उन्ह लोगो को हुकुम दन तथा हर तरह का ऐशो-आराम
जरा-से इशारे पर पान की आदत पडी हुई थी। उन्होने जेल के तमाम कष्टो
और अनुशासन का भार उठाया और जब दिल का दौरा पडा तो वह भी
चुपचाप झेला। जी० जी० पारीख बहुत पुरान प्रतिपद्ध सोशलिस्ट थे अत
वह स्थिति को शान्तभाव स झेल सकत थे। लेकिन जेल म उन्हे जो दिल की
बीमारी लगी उससे बहुत दद और तकलीफ उठानी पडी, जिसे उन्होन तपस्वी
भाव से उठाया—सो भी तब जब उनकी पत्नी मगला भी जेल मे ही थी। बडौदा
मे इण्डियन एक्सप्रेस के सवाददाता किरीट भट्ट की राजनीतिक प्रतिबद्धता नही
थी, पर वह साहस और निर्भीकता के साथ प्रतिरोध म कूद पडे थे। उनकी नौकरी
गई तथा उनकी पत्नी और दो छोटे बच्चो को अकल्पनीय कष्ट उठाने पडे। पर
अपने परिवार की चिन्ता कठिनाइयो और निहायत अधेरे भविष्य की सभावना
के बावजूद उनके चेहरे पर शिकन नही आई। वह निहायत ही सरल और उदात्त
मनुष्य थे। बडौदा के यशवत चव्हाण पटना के महेन्द्र वाजपेयी बम्बई लेबर
यूनियन के एस० आर० राव तथा साथियो वाराणसी के विजयनारायण सिंह
तथा कमलेश के बारे म क्या कहना है! व सभी प्रौढ व्यक्ति थे और जेल उनक
लिए अजनबी जगह नही थी।

जॉर्ज का साथ देन का निश्चय करते समय कुछ लोगो को आजीवन
कारावास की, या कि गिरफ्तारी तक की आशका नही रही होगी। शायद यह
सम्भावना ही मूखतापूण और बचकानी लगी हो। मगर परम प्रौढ लोग भी हमेशा
अपने किए के अजामो पर विचार नही करते। षडयत्र जसे मामल म दो एक एसे
लोग ही सबको मुसीबत म डाल सकते हैं। सरकार इस मामले को एक साधारण
फौजदारी मामला बनाना चाहती थी, और हमारे बीच मनोबल रहित हो चुके

न्यवित भी यही चाहते थे। वे चाहते थे कि हम सिर्फ कानूनी ढग से बचाव करने की सोचें।

लेकिन जार्ज तथा अन्य लोग इसके राजनीतिक स्वरूप को भला कैसे भूल जाते! और राजनीतिक तो यह था ही। हम पर भले ही ताजीराते हिन्द की दफाए लगायी गयी हो लेकिन हमारे मन्तव्य प्रेरणास्रोत लक्ष्य और कार्य सबके सब राजनीतिक थे। और मुकद्दमा भी राजनीतिक ढग से ही लडना था। कानूनी पहलू सिर्फ प्रचार के उद्देश्य से उठाया जाएगा। चाहे बयान देना हो, या बहस म दलीलें पेश करनी हो उन सबका राजनीतिक आधार होना चाहिए। उन प्रश्नो को मानवीय स्वातन्त्र्य और बुनियादी अधिकारो के व्यापक सदर्भ म रखना चाहिए। लेकिन ये दलीलें और बयान तभी पेश हो सकते थे जब हम यह कबूल कर लें कि हम श्रीमती गाधी तथा उनकी सरकार को जिन्हे कि हम आततायी तथा अनिष्टकर मानते थे उलटने के प्रयत्न के अपराधी हैं। जोर देकर यह कहना जरूरी था कि अन्याय एव तानाशाही के विरुद्ध लडना हर नागरिक का फर्ज है, हर नागरिक का हक है। जिस सरकार ने सवधानिक धोखाधडी के जरिये सत्ता पर कब्जा किया हो तथा नागरिको के मौलिक अधिकार छीन लिये हो, उस सरकार को उलटने का हक हर नागरिक को है। राजनीतिक रूप से प्रतिबद्ध लोग, इसके अलावा कोई अन्य दृष्टिकोण अपना ही नहीं सकते थे। हम कोई बच्चे नही थे जिन्हे शरारत करते पकड लिया गया हो और अब माफी मागने लगें या वकील करके कानूनी दाव-पेंच से बच निकलने की कोशिश करें।

फिर भी उन लोगो की राय और हितों का ध्यान रखना था जो इस मुकद्दमे के विरुद्ध कानूनी तौर से लडना चाहते थे। बचाव पक्ष म एकता न रहे यह खतरनाक होता और असमजसकारी भी।

जार्ज तथा मैंने तय किया कि हम श्रीमती गाधी का तख्ता उलटने की कोशिश का आरोप कबूल करेंगे लेकिन हम अन्य विशेष आरोपो को स्वीकार नही करेंगे। ऐसे कई अभियोग थे जिनमे वस्तुत हमने कुछ भी नही किया था। सत्य से थोडी लुका छिपी करनी होगी पर मौजूदा हालात मे वह भी नाजायज या गलत नही कही जा सकती।

हम अतिम रवया जो भी अपनाते कानूनी तयारी तो करनी ही थी। यदि हर कदम का इस्तेमाल सिर्फ प्रचार के लिए ही करना हो तब भी उसके लिए अनुभवी और जानकार वकील चाहिए। हम पुलिस पद्धति का पर्दाफाश करना था गवाहो द्वारा जबरन दिलाये झूठे बयानों का राज खोलना था और इस्तगासे के हर कानूनी दाव पेंच से मुकाबला करना था। मुकद्दमे को कानून और राजनीति दोनों धरातलो पर लडना था, साथ ही प्रचार का कोई अवसर नही छोडना था। यह कोई मामूली बाजीगर का काम नही था। पर हम काफी सफल रहे।

के० के० लूथरा तथा ओ० पी० मालवीय, जो सोशलिस्ट हैं तथा जॉर्ज के
त व्यक्तिगत निष्ठा रखते हैं, जून मे जॉर्ज को अदालत मे पेश किए जाते समय
रवाई शुरू कर चुके थे। उन्हें जॉर्ज के वकील के रूप मे नियुक्त रखा गया।
नुभवी वकील तथा दिल्ली बार एसोसिएशन के अध्यक्ष के० एल० शर्मा ने
फी त्याग करके हमारी वकील-मडली मे शामिल होने की स्वय इच्छा प्रकट
। उनकी तेज़-तर्रार प्रतिभा कुछ ही दिनों की अदालती कारवाई म स्पष्ट
मने आयी। वाराणसी के सागर सिंह भी मडली मे शामिल हुए। पूरी टीम के
ा और बचाव पक्ष को व्यापक निर्देश देने का काम बबई हाई कोर्ट के अवकाश
प्त न्यायाधीश वी० एम० तारकुडे ने सभाला—जोखिम उठाने वाले और त्याग
लिए तत्पर तारकुडे देश के उन गिने चुने प्रसिद्ध वकीलों मे से हैं जो राजनीतिक
दियो की मदद हमेशा करते है। मध्यप्रदेश के भूतपूर्व एडवोकेट जनरल धर्मा-
कारी ने सेशन कोर्ट म मुख्य वकील बनने तथा मजिस्ट्रेट के यहा पेशियो के
रान सलाह मशविरा देने की सहमति द दी। इन सज्जनों की मदद के लिए
वा वकीलों का एक उत्साही जत्था तैयार था, जिसका उद्देश्य इस ध्येय म मन्द
रना मात्र था। वस्तुत बचाव पक्ष को प्रतिभाशाली कानूनी सलाहकारों की
ोई कमी नही थी और उन्ह फीस वगैरह की भी चिंता नहीं थी। मद्रास क
डवोकेट जनरल गोविन्द स्वामीनाथन का मदद का प्रस्ताव मैं कभी नहीं भूल
कता जिन्होंने 1942 मे हमम से कुछ लोगो का 'सम्राट के विरुद्ध युद्ध छेड़ने'
के अभियोग म बचाव किया था। ज्यो ही उन्ह अवसर मिला, वह मुझसे मिलने
अदालत म आए तथा मेरी ओर से वकालत करने को तुरत तैयार हो गए। उनकी
एकमात्र शर्त यह थी कि मैं फीस' शब्द का नाम भी न लू।

आचार्य कृपालानी की अध्यक्षता तथा तारकुडे के संयोजकत्व म एक बचाव
समिति बनाई गयी। जे० पी० ने इस हेतु दान के लिए अपील निकाली। समिति
का उद्देश्य वास्तव म पैसा इकट्ठा करना नहीं, बल्कि प्रचार करना था। पर्याप्त
कानूनी सहायता सुलभ थी और हमारे दोस्त तथा सहयोगी खर्चा उठाने को तैयार
थीं। समिति अधिक से अधिक इस मामले का प्रचार करना चाहती थी जिसके
लिए चदे की अपील के अलावा एक समाचार बुलेटिन भी निकालना था। लन्दन म
भी एक समिति गठित हो गयी जिसमे हमारे परम मित्र हास यानिरतेव, एम०एस०
होडा और सुरेन्द्र सक्सेना मूल प्रेरक थे। उन्होंने विश्वों म इस मामले का प्रचार
करने का बीडा उठाया और यूरोपीय सरकारों ट्रेड यूनियनों तथा अन्य सगठनों
के जरिये यह दबाव डालना जारी रखा कि मुकद्दमा वाजिब ढग से हो और
जनता के लिए खुला रहे। जब सरकारी पक्ष ने देखा कि हम मुकद्दमे को अपने
प्रचार-साधन मे सफलता से इस्तेमाल करने लग हैं तो उन्होंने जेल के भीतर तथा
लगभग गुप्त मुकद्दमा चलाने का विचार किया। लेकिन इस पर विदेशी समाचार

पत्रो म सरकार को आडे हाथो लिया जाता इसलिए शायद यह विचार छोड दिया गया।

अध्यक्ष के रूप म आचाय कृपालानी क होने से समिति की प्रतिष्ठा बहुत थी। वी० एम० तारकुडे ने समिति को अपना अगाध कानूनी अनुभव प्रदान किया। श्रीमती गाधी की अवज्ञा करक अभियुक्त या नजरबन्द हुए लोगा के प्रति तारकुडे की सहानुभूति और चिंता वस्तुत स्वातत्र्य के प्रति उनकी प्रतिबद्धता का फल थी। काम का भार सुरेन्द्र मोहन विनोदप्रसाद सिंह और रवि नायर के कधो पर था। सोशलिस्ट पार्टी के क्रमश महासचिव तथा सयुक्त सचिव होने के नाते सुरेन्द्र मोहन तथा विनोदप्रसाद सिंह समिति को पूरा समय तथा श्रम देने मे असमथ थ। इसलिए अधिकाश भार रवि नायर को उठाना पडा।

रवि एक प्रतिबद्ध युवक है— सिद्धान्तो म अडिग तथा कम म साहसी। नवबर 1975 से मध्य 1976 तक वह तिहाड जेल म नजरबन्द था। छूटने के बाद से उसने हर तरह से हमारी मन्द का जिम्मा उठा लिया। हमारे वकीलो के काम म तालमेल बठाना और कागजात देखना उसके जिम्मे था रोज वह अदालत म हाजिर रहता। हमारी चिटठी पत्री लेकर और हम 22 लोगो को जो कुछ भी छोटी मोटी जरूरत होती उस पूरा करता हमारे खाने पीने, दवा इत्यादि का अदालत म प्रबध करता। मुकद्दमे के प्रचार का काम उसने दक्षतापूवक सभाल लिया। खास कर विदेशी सवाददाताओं से उसके मधुर सबधो ने हम बहुत लाभ पहुचाया जाज के बयान छपवाना या साइक्लोस्टाइल कराना मुकद्दमे की दिलचस्प झलकिया छपवाना और अधिक से अधिक सख्या म वितरित कराना—य ऐसे काम थे जिनसे हम बहुत लाभ हुआ।

हम तरह तरह से मन्द पहुचाने वालो मे एक और व्यक्ति था—सोमदत्त—हजारो सोशलिस्टा का सोम जो बारहा बठको और सम्मेलनो म प्रतिनिधियो के आराम का ध्यान रखता रहा है। दस साल पहले जब डा० लोहिया विलिंग्डन अस्पताल मे मृत्युशया पर थे सोम दिन रात वहा फोन पर हाजिर रहता हर तरह की व्यग्र पूछताछ का उत्तर देता। सोम न हमारी और वकीलो की जरूरतो का ध्यान रखा। वह काफी कार आमद मालूम होता है तथा पुलिस से भी उसने बना रखी है चुनाचे जो हम निषिद्ध और नियम विरुद्ध सताया जाता वह काम भी सोम कर देता। सोम ने 12 अक्टूबर को अदालत म हमारा हथकडियो वाला फोटो खीचने का इतजाम कराया था जबकि पुलिस बदोबस्त अपने चरम रूप म था।

हमारे वकील बहुत अच्छे थ तथा मुझ विश्वास है कि मुकद्दमा चलता तो व डटकर लोहा लते लेकिन उनस यह अपेक्षा नही की जा सकती थी कि वे राजनीतिक सूझबूझ दिखाकर हर अवसर का लाभ उठात और उस राजनीतिक

कोण दे देत यो भी उन्ह सख्ती से कानूनी सीमाओ म रहना था। इसके अलावा, वकीलो की तरह ये भी सुस्त ता होत ही थे। कई बार हमने जब हाई कोट मे दरख्वास्त करने की सलाह दी, उन्होन उसम हफ्ते लगा दिये। उन्हे कानूनी नुक्ता का ध्यान रखकर याचिकाए बनानी थी, और इसी की उन्ह आदत भी थी जिसके लिए वे कई पोथी पतरो की जाच परख करते थे। ऐसे मामला मे उनसे जल्दबाजी नहा करायी जा सकती थी। इसलिए हमने तय किया कि मुझे कोई वकील नही रखना चाहिए तथा मुझे खुद अपनी परवी करना चाहिए।

यह निणय बहुत फायदेमद साबित हुआ। कई साल पहले, 1944 मे मैंने मद्रास हाई कोट के उच्च न्यायाधीश को जेल के भीतर से एक दरख्वास्त भेजी थी तथा उसपर तत्काल ध्यान दिया गया एव मुझे एक मामूली सी मामले म राहत मिल गयी। तभी से मैं अपने आपको शौकिया वकील मानता हू जिसपर न्यायाधीशो का ध्यान जाना लाजिमी है। पर मरे इस अह की तथा जो कुछ भी योग्यता थी उसकी कठोर परीक्षा हुई। कुछ हिचक के साथ ही मैं खुद अपना वकील बना था पर मैंने देखा कि मैं आशातीत ढग से और सफलता से इसके रोल को निभा लूगा। चीफ मेटोपोलिटन मजिस्ट्रेट श्री मोहम्मद शमीम ने, जो एक बहुत शाइस्ता और विनम्र व्यक्ति है बहुत उदार होकर मुझे बधाई दी। असली परीक्षा हाइ कोट मे होनी थी लेकिन वहा भी मुझे आश्चय मिश्रित हष हुआ कि मैं अधिकाश याचिकाओ मे परवी करके जीतता रहा। हमारे बचाव पक्ष के अधिकाश वरिष्ठ वकीलो न खुलकर मेरी तारीफ की, गोकि कुछ अन्य वकील बीच बीच मे मुझे टोक देते थ।

मेरी याचिकाओ और दलीलो का एकमात्र उद्देश्य था इस मामले का प्रचार तथा सरकार एव इस्तगासे की रीति-नीति का भडाफाड। वकील के रूप म अगर इस बीच मेरी कोई ख्याति हुई तो उस बाबत मैं ईमानदारी से कह सकता हू कि यह सयोगमात्र था।

मजिस्ट्रेट ने ज्यो ही निम्न आदेश देने से इनकार करके हमारी प्राथना रद्द की (क) हम हथकडी न लगायी जाए (ख) हमे अन्य अभियुक्तो की ही तरह गापनीयता के साथ कानूनी सलाह मशविरे का अवसर तथा कानूनी मदद की इजाजत मिल और (ग) हमे अदालत म पेश करने के दौरान चाय नाश्त की इजाजत रह —त्यो ही मैंने दिल्ली हाई कोट म दरख्वास्त लगा दी। हालाकि हाई कोट तक पौरुषहीन हो चुके थ फिर भी यह जानकर सतोष हुआ कि व कदियो की दरख्वास्तें सुनने को तयार थे तथा यह आग्रह नही करत थे कि दरख्वास्त बिलकुल कानूनी नुक्ता और तरीका के ही अनुसार हो। माननीय न्यायाधीश वी० डी० मिश्र के यहा मेरी प्राथना पर शीघ्र ही सुनवाई हुई और उन्हान मुझे इनम स हरेक मामल म राहत दी। हथकडी वाल मामले म इस

आधार पर राहत स्वीकार करने मे मुझे झिझक थी कि मैं इस मुकद्दमे मे जमानत पर हू पर अन्य वकीलों ने इसके लिए मुझ पर दबाव डाला। उनकी राय थी कि मेरे मामल म अदालत के फसल से उन्ह जॉज तथा अन्य लोगों की पैरवी मे मदद मिलेगी जो कि जमानत पर नही है। बहरहाल उनकी दरख्वास्तो मे इस कदर देर हुई तथा कानूनी प्रक्रिया का पालन इतना समय ले गया कि 22 माच 1977 तक, जबकि हम रिहा हो गए उन सबको कचहरी मे हथकडी तथा जजीर मे लाया जाता रहा। न्यायाधीश मिश्र ने यह भी आदेश किया कि मुझे अपने वकीलो से मिलने की तथा गोपनीय सलाह-मशविरे को पूरी छूट होनी चाहिए। अदालत मे पेशी के दिन नाश्ता चाय लेने की अनुमति देते हुए उन्होने कदियो के रख रखाव के लिए अदालत की चिंता व्यक्त की। इस पर उन्होने रोष जाहिर किया कि सुबह से शाम तक हम एक कप काफी पीने की भी इजाजत नही है। इन निर्देशो का फायदा मेरे सभी सह अभियुक्तो को भी हुआ।

मैंने गह राज्य मत्री ओम मेहता, सी०बी०आई० के डायरेक्टर और ब्लिटज़ के विरुद्ध मानहानि के मामले म उनके सामने जिरह की। इन्होने हम पर लाछन लगाए थे तथा प्रस्तुत अभियोग का अपराधी करार दिया था। अदालत ने उदारता के साथ मुझे दो घटे जिरह का वक्त दिया और अत मे मुझे बधाई भी दी।

मुझे एक अन्य सुखद अनुभव माननीय न्यायाधीश एफ० एस० गिल के सामने पेश होने म हुआ। उनके यहा मेरी यह दरख्वास्त लगी थी कि मजिस्ट्रेट के यहा जारी सारी कारवाई अवध करार दी जाय, क्योकि कुछ कानूनी अनियमिततायें बरती गयी हैं। उन्होने भी उदारता और सज्जनता क साथ मुझसे कहा कि मेरी परवी काफी दमदार और स्पष्ट रही। उन्होने मेरी प्राथना मजूर नही की परतु भरत पटेल को दुबारा बुलाकर जिरह करने की अनुमति दे दी।

लकिन ऐसा नही था कि देश की सारी अदालतें, सारे यायाधीश स्वतत्रता पूवक भय और दबाव से मुक्त हो कर काम कर रहे थे। यायाधीश भी आखिर इसान ही हैं और देश के वातावरण का प्रभाव उन पर पडना लाजिमी है। आपात काल मे श्रीमती गाधी ने बिल्कुल स्पष्ट कर दिया था कि कानून चाहे जो हो, चलेगा वही जो वह कहेंगी। जा न्यायाधीश स्वतत्रता दिखा रहे थे और श्रीमती गाधी के गरकानूनी काय को सही बताने से इनकार कर रहे थे उनकी नौकरी पक्की नही की गयी तथा कुछेक का दूर दराज स्थानो म तबादला कर दिया गया। हम स्थिति को समझ गये थे तथा उसको सहने के लिए तयार थे। फिर भी दिल्ली हाई कोट के एक न्यायाधीश, प्रकाश नारायण के बारे म मेरा अनुभव बहुत ही अजीब रहा। बेशक वह अपनी समझ से न्याय कर रहे होगे। उन्होंने एक भी राजबदी को किसी तरह की राहत मुहैया नहीं करायी। इस तथ्य का यह अथ नही है न लगाया जाना चाहिए कि वह सरकार को खुश करन के लिए कुछ

बडोदा डायनामाइट केस के अभियुक्त

(खडे हुए) जयराम मोर एम० आर० राव सुरेश वैद्य पदमनाभ शट्टी सोमनाथ दुबे मोतीलाल कनौजिया गोविन्द सोलंकी सुशील भटनागर

(बैठे हुए) कमलेश लाडली निगम सी० जी० के० रेड्डी जार्ज फर्नान्डीस वीरेन शाह लक्ष्मण जादव महेन्द्रनारायण वाजपेयी

आधार पर राहत स्वीकार करने म मुझे झिझक थी कि मैं इस मुकदमे मे जमानत पर हू पर अन्य वकीलों ने इसके लिए मुझ पर दबाव डाला। उनकी राय थी कि मेरे मामल म अदालत के फसले से उन्ह जाज तथा अन्य लोगो की पैरवी मे मदद मिलेगी जो कि जमानत पर नही हैं। बहरहाल उनकी दरख्वास्तो म इस कदर देर हुई तथा कानूनी प्रक्रिया का पालन इतना समय ले गया कि 22 माच 1977 तक, जबकि हम रिहा हो गए उन सबको कचहरी म हथकडी तथा जजीर म लाया जाता रहा। न्यायाधीश मिश्र ने यह भी आदेश किया कि मुझ अपने वकीलों से मिलने की तथा गोपनीय सलाह मशविरे को पूरी छूट होनी चाहिए। अदालत मे पेशी के दिन नाश्ता चाय लेन की अनुमति देते हुए उन्होने कदियो के रख रखाव क लिए अदालत की चिंता व्यक्त की। इस पर उन्होंने रोष जाहिर किया कि सुबह से शाम तक हम एक कप काफी पीने की भी इजाजत नही है। इन निर्देशो का फायदा मेरे सभी सह अभियुक्तो को भी हुआ।

मैंने गृह राज्य मत्री ओम मेहता, सी०बी०आई० के डायरेक्टर और ब्लिटज के विरुद्ध मानहानि क मामले म उनके सामने जिरह की। इन्होने हम पर लाछन लगाए थे तथा प्रस्तुत अभियोग का अपराधी करार दिया था। अदालत ने उदारता के साथ मुझे दो घटे जिरह का वक्त दिया और अत म मुझे बधाई भी दी।

मुझे एक अन्य सुखद अनुभव माननीय न्यायाधीश एफ० एस० गिल के सामने पेश होने म हुआ। उनके यहा मेरी यह दरख्वास्त लगी थी कि मजिस्ट्रेट के यहा जारी सारी कारवाई अवध करार दी जाय, क्योकि कुछ कानूनी अनियमिततायें बरती गयी हैं। उन्होंने भी उदारता और सज्जनता क साथ मुझसे कहा कि मेरी परवी काफी दमदार और स्पष्ट रही। उन्होने मेरी प्रायना मजूर नही की, परतु भरत पटेल को दुबारा बुलाकर जिरह करने की अनुमति दे दी।

लकिन ऐसा नही था कि देश की सारी अदालतें सारे न्यायाधीश स्वतत्रता पूवक भय और दबाव स मुक्त हो कर काम कर रहे थे। न्यायाधीश भी आखिर इसान ही हैं और देश के वातावरण का प्रभाव उन पर पडना लाजिमी है। आपात काल मे श्रीमती गाधी ने बिल्कुल स्पष्ट कर दिया था कि कानून चाहे जो हो, चलेगा वही जो वह कहेंगी। जो न्यायाधीश स्वतत्रता दिखा रहे थे और श्रीमती गाधी के गरकानूनी काय को सही बताने से इनकार कर रहे थे, उनकी नौकरी पक्की नही की गयी तथा कुछेक का दूर दराज स्थानो म तबादला कर दिया गया। हम स्थिति को समझ गये थे तथा उसको सहने के लिए तयार थे। फिर भी दिल्ली हाई कोट के एक न्यायाधीश प्रकाश नारायण के बारे मे मेरा अनुभव बहुत ही अजीब रहा। बेशक वह अपनी समझ से न्याय कर रहे होगे। उन्होने एक भी राजबदी को किसी तरह की राहत मुहैया नही करायी। इस तथ्य का यह अथ नही है न लगाया जाना चाहिए कि वह सरकार को खुश करने के लिए कुछ

बड़ौदा डायनामाइट केस के अभियुक्त
(खड़े हुए) जयराम मोर एस० आर राव सुरेश वैद्य पदमनाभ शेट्टी सोमनाथ दुबे मोतीलाल कनौजिया गोविन्द सोलंकी सुशील भटनागर
(बैठे हुए) कमलेश लाडली निगम सी० जी० के रेड्डी जार्ज फर्नांडीस वीरेन शाह लक्ष्मण जादव महेन्द्रनारायण वाजपेयी
(जमीन पर) देवेन्द्र गज्जर विश्वनाथ शेट्टी गोपाल शरीगर (ऊपर कोने में) विजयनारायण सिंह

स्नेहलता रेड्डी—
आन्दोलन की आहुति

स्नेहलता
पति के साथ

भी करने को तैयार थे। लेकिन उनका रवैया रूखा और सहानुभूतिहीन लगता था।

अन्य प्राथनाओ की सुनवाई के दौरान मैंने माननीय न्यायाधीश प्रकाश नारायण से शिकायत की कि मुझे हाईकोट म पेशी के दिन नाश्ता पानी नही करन दिया जाता। उन्होने टिप्पणी की कि हाई कोट कोई होटल नही चलाता तथा मुझे सरकारी वकील से यह बात कहनी चाहिए। एक न्यायाधीश के मुह से यह बात अप्रत्याशित और अशोभनीय थी। जब मैंने आग्रह किया कि यह काम अदालत का है न कि सरकारी वकील का, तो वह बोले कि लिखित दरख्वास्त दो, हालाकि परपरा यह है कि कोट मौखिक अनुरोध पर ध्यान देता है। पर जब मैंने लिखित प्राथना पत्र पश किया तो वह चाहते थे कि नाश्ते पानी का मेरा बुनियादी हक भी निश्चित वक्त पर कानूनी पेचीदगिया के साथ मुझे मिल। और इस मामूली सी बात के फैसले के लिए उन्होने कई पेशिया डाल दी ताकि सरकार एडीशनल सॉलीसीटर जनरल को, सो भी उसकी सुविधा के अनुसार पश कर सके। महीने भर से अधिक समय बीत गया तब मैंने निराश होकर अपनी दरख्वास्त वापस लेने की दरख्वास्त द दी। उसम मैंने कहा कि अदालत न सरकार को इस मामूली प्राथना पर भी जिरह के लिए इतना समय दे दिया है मानो यह बहुत बुनियादी तथा पेचीदा कानूनी मामला हो। वह कुपित हो गए और तत्काल आदेश दे दिया कि मुझे अदालत की मानहानि का नोटिस दे दिया जाय।

कई दोस्तो और वकीलों का विचार था कि यद्यपि अदालत ने अनुचित आपत्ति उठाई है, पर मुझे क्षमा मागकर मामले को रफा दफा करना चाहिए। मैं इसक लिए तैयार नही था। जब मुझे पेश किया गया तो मैंने बहस की कि अदालत स उम्मीद रखने का मुझे हक है उम्मीद अदालत के प्रति आदर भाव से ही उत्पन्न होती है। जितनी बडी प्रत्याशा होगी निराशा भी उतनी ही बडी होगी। और मुझे निराशा व्यक्त करने का भी हक है। मैंने जिस भाषा म यह व्यक्त किया है उसपर आपत्ति नही की जा सकती। बहस के लिए उठत ही मैं समझ गया था कि उन्हें नोटिस जारी करने म अपनी जल्दबाजी का अहसास हो गया है। और मैंने अदालत की इस मामल म असहिष्णुता तथा अविवेकसगत रवये का नक्शा उघाडने म कोताही नहीं की। अत मे उन्होंने नोटिस वापस ले लिया।

दिल्ली हाईकोट के सभी आदेश, मानहानि के नोटिस को रद्द करने का आदेश भी अखबारो म प्रकाशित हुए। सेंसर ने हमारी शिकायतो को छपन से रोक दिया था पर हाईकोट के आदशों म उनके प्रकाशन से वे नही रोक सके। तानाशाह के आधार-स्तम्भ अभिकरणा की नालायकी का यह हाल था। व जबरदस्ती और दबाव के तरीके अपनाना चाहते थ पर किसी नीति को कारगर ढग स अमली जामा नही पहना सकते थ। कारगर प्रशासन क लिए दक्षता काफी नहीं है समपण भाव भी जरूरी है। श्रीमती गाधी की हुकूमत म समपण भाव के दशन दुलभ थे।

14

विवेक का सवाल

दड प्रक्रिया सहिता म सशोधन करके दडाधिकारी के सभी विवेकाधिकार छीन लिए गए हैं। अब उन्हे सिर्फ अभियोगपत्र के साथ दिए गए दस्तावेजो की छानबीन और मुखबिरो स आरभिक पूछताछ करने का ही अधिकार है। चीफ मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट के समक्ष आरभिक आपराधिक कारवाइया तीन महीने, और मुकदमा दो साल चलगा ऐसी आशा की जाती थी। सामान्यतौर पर ये कारवाई 1979 तक चल सकती हैं यह सहज दीखता था।

कारवाई शुरू करते समय सरकार बहुत जल्दी म थी। हमारी कोशिश थी कि उसे अधिक से अधिक लबा कराया जाय। उसे धीमा करन के लिए पर्याप्त कारण थे। हम देश के विभिन्न भागो से विभिन्न भाषा क्षत्रो स लाया गया था। कुछेक दस्तावेज अपने क्षेत्र की भाषाओ म लिखे हुए थ। कर्नाटक स पुलिस की रपट कन्नड म, महाराष्ट्र से मराठी म, गुजरात स गुजराती म, बिहार से हिन्दी म तथा दिल्ली स उर्दू म थी। हमने माग की कि उन सबका अनुवाद हमारी अपनी अपनी भाषाओ म कराया जाय। उसका अर्थ होता इन दस्तावजो का कम स कम पाच भाषाओ म अनुवाद। इस काम म कई हफ्ते लग जाते। इस्तगास ने दलील दी कि अदालत की मौजूदा कारवाई की भाषा—उर्दू—म ही दस्तावेज होने चाहिए पर यह हास्यास्पद दलील थी क्योकि इसक चलत कोई नागरिक देश म मुक्त रूप से घूम फिर भी नही सकता क्योकि कही भी उसके लिए अज्ञात स्थानीय भाषा म उसपर अदालती कारवाई हो ता वह अपना बचाव नही कर सकता। इस्तगास की बात मान लें तो केवल तमिल जाननवाले व्यक्ति को बगाल में सिर्फ बगला भाषा म दस्तावेज मिलेंगे। तब उस उन दस्तावजो म या कोरे कागज के पुलिदे म क्या फर्क नजर आएगा? मजिस्टट पसोपेश म पड गया तथा उसने केवल आशिक रूप से हमारी प्रार्थना मजूर की। अग्रेजी या उर्दू के अलावा अन्य भाषाओ क सभी दस्तावेजो का अग्रजी अनुवाद होगा यह आदेश दिया। मेरे मामले म मुखबिर रेवतीकात सिन्हा का आत्मस्वीकारोक्ति बयान जो कि हिन्दी म था अग्रेजी म देने का आदश हुआ। मुझे विश्वास है कि उच्चतर न्यायालयों म हमारी पूरी प्रार्थना मान ली जाती पर वसा करने का निश्चय करने से पूर्व ही कई घटनाओ तथा अन्य कारणो स यह कारवाई आवश्यक हो गइ।

किस अदालत म मुकदमा चले यह प्रश्न गुजरात हाईकोर्ट म पेश किया गया। गुजरात के अभियुक्तों की दलील थी कि उनपर बडौदा म केस दर्ज किया गया है अन्य कही नही। यह कोई पुख्ता दलील नही थी, और यह रद्द भी हो गई। पर

इस कारवाई स एक पखवाडे का समय मिल गया। हममे से कुछ का विचार था कि गुजरात मे, जहा हाईकोर्ट ने बहुत स्वतत्रता तथा साहस दिखाया है, हमपरमुकदमा चले तो फायदा रहेगा। अत कुछेक इस मामले को सुप्रीम कोर्ट म ले जाना पसद करते। बहरहाल हमने उ हे ऐसा न करने के लिए राजी कर लिया।

हम अधिकाश लोग सहमत थे कि इस मुकद्दमे को राजनीतिक पुट देकर ही लाभ उठाया जा सकता है। यदि हम सिफ फौजदारी अभियुक्ता की तरह रखा जाना था तो गुजरात म निश्चय ही लाभ होगा। पर हम यदि इसस राजनीतिक प्रचार तथा लाभ कमाना है तो दिल्ली ही आदश स्थान होगा। राजनीतिक गतिविधि जो भी थी, दिल्ली मे केन्द्रित थी। नवबर तक कई राजनीतिक नेता जेल से निकल चुके थे और बडौदा से उनस सपक रख पाना कठिन होता। इसके अलावा, समूचा विदेशी सवाद दल दिल्ली म था। यदि दिल्ली के बाहर कही मुकदमा चलता तो हम विदेशी पत्रो मे सुलभ प्रचार तथा सरकार पर विदेशी जनमत का बढता हुआ दबाव हासिल नही कर सकत थे।

यह भी पाया गया कि कारवाई म विलब या स्थगन होने से हमारे राजनीतिक सपक सूत्र टूट जाएगे। पुलिस सुरक्षा के बावजूद हम मित्रो और रिश्तेदारों के माध्यम से निरतर जीवत सपक कायम रखे हुए थे जो हमे खाने पीन की चीजें लाकर देते थे, और उस बहाने हम उनसे खुलकर बात कर लते थे। बचाव का सगठन करने की दलील देकर बचाव समिति के सदस्य जब तब हमसे मिलने आत थे और उनके माध्यम से हम विदेशो मे प्रचार की व्यवस्था कर लत थे। इन्ही सुविधाओं के कारण हम नवबर 1976 के अतिम दिनो से शुरू हुई राजनीतिक गतिविधियो म भी सक्रिय हिस्सा ले पा रहे थे। उदाहरणाथ, दिसबर के मध्य मे विरोधी दलो ने आत्मसपण के लिए जा बठक बुलाई थी उन्हे जॉज न जबदस्त हस्तक्षेप करके विफल करा दिया।

इन कारणो से मुकद्दमा न केवल दिल्ली मे चलना चाहिए था, बल्कि बिना रोक टोक के आगे बढना चाहिए था। यदि दिल्ली म मुकदमा न चलता तथा अदालत म निरतर कारवाई न होती तो आज लाकसभा के चुनाव म नामांकन पत्र भी न भर पाते। चुनाव अभियान म काई महत्त्वपूण भूमिका वह निश्चय ही अदा न कर पात।

22 दिसबर को हमने डा० गिरिजा हुलगोल से एक हलफनामा दाखिल कराने की व्यवस्था की। उसम सी० बी० आई० पर आरोप लगाया कि उसन गिरिजा तथा उनके पारिवारिक सदस्यो को धमकी देकर तथा दबाव डालकर हमारे खिलाफ गवाही के लिए तैयार किया है। हमने दिल्ली म विदेशी पत्रकारों को सतक कर दिया तथा उनमे से अधिकाश उस दिन अदालत म मौजूद

इस्तगासा और सी० बी० आइ० हक्के बक्के रह गए। विदेशी पत्रों ने सुर्खियां लगाकर उसका बयान छापा जिससे श्रीमती गांधी की सरकार की फजीहत हो गई। हमने सफलतापूर्वक जता दिया कि श्रीमती गांधी निरंकुश तानाशाह हैं तथा अपने विरोधियों को नष्ट करने में अवैध तरीके अपना सकती है।

पूरी कोशिश के बावजूद दस्तावेजों की जांच-पड़ताल करने तथा अभियोग पत्र में दर्ज सभी दस्तावेज़ हमें मिल गए हैं यह बताने में हम जनवरी के पहले हफ्ते से अधिक समय नहीं बचा सके। मध्य जनवरी 1977 में मुखबिर भरत पटेल की गवाही शुरू हुई।

मुखबिरों के प्रयोजन को समझना कठिन नहीं है। बहुत बहादुर लोग भी जो कि किसी षड्यन्त्र में भाग लेते हैं सजा का मौका देखते ही टूट जाते है। वे जितने सपन्न होते हैं उनकी जोखिम भी उतनी ही अधिक होती है। जब तक गहरी निष्ठा ध्येय के प्रति पूरी प्रतिबद्धता, और हर नतीजे का सामना करने का साहस न हो तब तक पक्ष बदलने और अपने भूतपूर्व साथियों के खिलाफ गवाही देकर छूट जाने का लालच दुर्निवार होता है। इसी कारण इस्तगासे को प्रायः मुखबिर मिल जाते है।

हमारे मुकद्दमे में दो मुखबिर थे—भरत पटेल तथा रेवतीकांत सिन्हा। भरत पटेल का राजनीति से कोई खास लेन देन नहीं था। उसने नवनिर्माण आन्दोलन को समर्थन दिया था तथा जनता मोर्चा को चुनाव में मदद की थी। अब प्रतीत होता है कि यह समर्थन भी खास प्रयोजन से दिया गया था। अधिकांश व्यापारी हवा का रुख देख लेते हैं। हवा तेज़ हो उससे पहले ही वे अपनी राह बदल लेते हैं और उसका पुरस्कार मांगते तथा पा लेते हैं। पटेल ने व्यापारी होने के नाते गुजरात में हवा का रुख पहचान लिया होगा और इसलिए खुलकर विरोध पक्ष के साथ आ गया होगा। जार्ज फर्नांडीस से संबंध जोड़ने के पीछे भी उसका प्रयोजन यही रहा होगा पर इस बार उसका हिसाब गलत हो गया।

अतएव जब बाबूभाई पटेल की सरकार गिरी तथा बड़ौदा षड्यन्त्र का राज खुल गया तो भरत पटेल को लगा होगा कि अब तो इन्दिरा गांधी हमेशा राज करती रहेगी। इसलिए हमारे खिलाफ गवाही की रजामंदी देकर न केवल वह अपनी चमड़ी बचा रहा था बल्कि अपना भविष्य भी सुरक्षित कर रहा था।

रेवतीकांत सिन्हा का मामला आश्चर्य और खेद का विषय था। वह राज्य सभा के सदस्य रह चुके थे बिहार की विधान परिषद के भी। कोई राजनीतिज्ञ कितना ही वर्तमान या दागी हो, उसकी कोई न कोई निष्ठा अवश्य होती है—विचारधारात्मक भी तथा अंजाम के खतरे व भय से उत्पन्न भी—जिसके कारण कोई भी जाना माना राजनीतिज्ञ सार्वजनिक तौर पर गद्दारी करने से हिचकेगा। अपने साथियों के खिलाफ, सो भी अपनी ही पार्टी के अध्यक्ष के खिलाफ सरकारी

गवाह बनने को तैयार हो जाना न सिर्फ निहायत शर्मनाक गद्दारी थी, बल्कि चरित्रहीनता की निशानी भी। रेवतीकांत सिन्हा ऐसे माटी के पुतले निकले जिनकी न कोई निष्ठा है न जिन्हें अपना दसियों वर्ष पुरानी पार्टी में काम करने तथा आगे बढ़ने, उसके कारण आजीविका, सम्मान और प्रतिष्ठा का पद पाने, के बावजूद दगा करने में संकोच नहीं होता। राजनीति के अन्य कई लोगों की तरह उन्होंने भी सोचा होगा कि इंदिरा राज सदैव कायम रहेगा—कम से कम इतना लंबा जरूर चलेगा कि उन्हें अपनी गद्दारी का जवाब नहीं देना पड़ेगा।

पटेल की गवाही जनवरी के मध्य से 10 फरवरी 1977 तक जारी रही। एक छोटी व्यापारी के नाते शायद कोमल भावनाओं का कोई महत्त्व उसकी निगाह में नहीं था, न ही कोई शर्म थी। फिर भी हमने सोचा था कि गवाही देते हुए उसे कुछ हिचक होगी। पहले दिन शायद वह काफी परेशान और दहशतजदा भी था। पर पहली पेशी के बाद उसे सुनते हुए ऐसा लगा मानो वह किसी के साथ विश्वासघात करके उसे लंबे समय के लिए जेल भिजवाने का काम नहीं कर रहा है बल्कि व्यापारिक सौदा कर रहा है। असमंजस का एकमात्र संकेत यह मिला कि वह हमसे आंख नहीं मिला पाया। क्रूर से क्रूर व्यक्ति भी शायद अपने शिकार का सीधा सामना नहीं कर सकते। कसाई भी शायद छुरी चलाते वक्त बकरे की ओर देखने में झिझक जाता है।

मुखबिरों से प्रारंभिक चरण में जिरह नहीं की जाती क्योंकि बचाव पक्ष इस्तगासे को यह नहीं बतलाना चाहता कि बचाव की कौन सी दलील या रीति अपनाई जाने वाली है। शुरू में अपनी दलील को जाहिर कर देने से सरकारी पक्ष को हमारी कमजोरी से फायदा उठाने का मौका मिल जाता। पर भरत पटेल की गवाही के दौरान हमने लगातार प्रकट किया कि हम उससे जिरह करना चाहेंगे। यह इसलिए कि हमारी कठोर पूछताछ की संभावना से उसमें दहशत बनी रहे और वह संतुलित न हो पाए। पर पटेल को पुलिस ने ऐसी पट्टी पढ़ा रखी थी कि लगता था वह एक अक्षर भी इधर उधर नहीं बहक रहा है।

जब गवाही हो चुकी तो हमने अदालत को वह कारण बताने का निश्चय किया जिसके तहत हम भरत पटेल से जिरह नहीं करना चाहते थे और कारण बताने की प्रक्रिया में हम प्रचार करना चाहते थे। 10 फरवरी को जब भरत पटेल अदालत में जिरह के लिए लाया गया जार्ज ने एक बयान देकर बताया कि हम क्यों जिरह नहीं करना चाहते।

जार्ज ने इस अवसर का फायदा उठाते हुए कहा कि आततायी सरकार से लड़ने के लिए हर नागरिक को किसी भी तरह के साधन का प्रयोग करने का अधिकार है। बयान पढ़ने में काफी समय लगा और मजिस्ट्रेट तथा इस्तगासे के एतराजों के बावजूद उन्होंने कुछ कानूनी तथा नैतिक नुक्तों पर प्रकाश डाला तथा

सरकार के हम पर मुकद्दमा चलाने के ढग एव हर सूरत म हम सज़ा दिलाने की कोशिश का पर्दाफाश किया। उन्होने लक्ष्य किया कि जाच अधिकारी ने भरत पटेल को क्षमा दिलाने की प्राथना करत समय मजिस्ट्रेट के सामन कबूल किया था कि भरत पटेल को अगर यह आश्वासन नही दिया गया और इस्तगास का गवाह नही बनने दिया गया, तो इस षडयत्र मे उनके पास इसके अलावा कोई दूसरा सीधा सबूत नहा है।

हुआ यह कि भरत पटल ने इन्ही मोहम्मद शमीम की अदालत म इकबाली बयान दिया था जिसक आधार पर उस क्षमा प्रदान की गई थी। मजिस्ट्रेट द्वारा निरूपित निष्कर्षों क उद्धरण दे दे कर जाज न बताया कि मजिस्ट्रेट ने यह माना था कि हमारे खिलाफ गवाही देने को आनेवाला मुखबिर षडयत्र म भागीदार था तथा वह अभियुक्तो की विभिन्न गतिविधियो के बारे म एव प्रस्तुत अभियोगो के बारे मे गवाही देने की स्थिति म है। जिस मजिस्ट्रट के सामने इकबाली बयान दिया गया एव जो इस बाबत सतुष्ट था वही मजिस्ट्रेट मौजूदा प्रारभिक न्यायिक कारवाई का सचालन कर रहा था। जाज ने अपने बयान म लक्ष्य किया कि हम चीफ मेटापोलिटन मजिस्टेट से गवाही के मूल्याकन म निष्पक्षता को आशा शायद नही कर सकते क्योकि मजिस्ट्रेट पहल ही मुखबिर के सत्य-कथन की योग्यता के बारे म खुद आश्वस्त हा चुके हैं।

अपने बयान म जाज ने मजिस्ट्रेट का ध्यान डा० गिरिजा ह्यूलगोल द्वारा पश हलफनामे की आर खीचा तथा बताया कि उसे तथा उसके परिवार को हमारे खिलाफ बयान देने क लिए धमकी दी गई एव दबाव डाला गया था। उ होंने अपने भाई लारेंस फर्नांडीस को पुलिस द्वारा दी गई यातना के बारे म भी मजिस्ट्रट का ध्यान आकृष्ट किया। श्रीमती स्नेहलता रेड्डी की मौत तो लगभग पुलिस तथा जेल अधिकारिया के हाथो हुई थी क्याकि उन्ह उचित चिकित्सा नही दी गई। इस घटना का जिक्र करते हुए जाज ने मजिस्ट्रेट से कहा कि सरकार इस क्रूरता के साथ हम पर मामला चला रही है तथा हम सजा दिलाने पर आमादा है इस विषय पर वह गहराई से विचार करें। जाहिर है कि यह सारा प्रयत्न श्रीमती गाधी की तानाशाही के विरुद्ध हमारे अडिग विरोध की सज़ा देन के लिए हो रहा था।

सरकारी प्रचार तत्र तथा सेंसर बद प्रेस के माध्यम से जिस तरह का प्रचार चलाया जा रहा है उसके उदाहरण देत हुए जाज ने कहा कि श्रीमती गाधी दुनिया तथा देश की जनता से कह रही हैं कि भारतीय जनता ने उनकी तानाशाही स्वीकार कर ली है तथा वह इसम खुश है। सरकार मुकद्दमे की कारवाई की भी विकृत रपट छपवा रही है जिसके बारे म हम बार बार शिकायत कर चुके है।

अत म इन हालात म मजिस्ट्रट के सामने हम चाहे जो तर्क दें या अपने बचाव मे हम चाहे जो दस्तावज़ पेश करें अतिम फसला पहल ही हो चुका है।

इसीलिए हमने पहले मुखबिर से जिरह करने से मना किया है, और इस अधिकार का त्याग करने के जो भी नतीजे हों उनका सामना करने को हम तयार है।

जाज के बयान के तुरत बाद मैंने अपना यह बयान पढ सुनाया

आज श्री जाज फर्नांडीस ने आपके सामने बयान म जो कहा है उसके प्रत्येक विचार और लगभग प्रत्येक शब्द स मैं सहमत हू तथा उसे मानता हू। मुझसे पूछा गया है कि 25 वष तक सक्रिय राजनीति स अलग रहने के बाद अचानक अपने सक्रिय जीवन क अतिम दिनो म तानाशाह से लडने क्यों निकल पडा? वस्तुत मित्रों ने, और पुलिस अ वेषकों ने मुझस सवाल किया है कि म आराम तथा शांति की जिंदगी छोड कर लडाई म क्यो कूद पडा?

यह सही है कि गाधीजी के निधन के बाद से हमारी जनता के हिस्से म अन्याय और बुराई ही आई है पर 25 जून, 1975 को जो कुछ हुआ वह ऐसी खतरनाक विपदा है जिसकी कल्पना इस देश म किसी न नहीं की थी। न केवल अन्याय और बुराई बढ गई बल्कि हमारी जनता के तमाम अधिकार—आजादी खुशी जीवन जीने के अधिकार तक—एक यक्ति ने, उसके परिवार न, तथा उसके महल के गिरोह न छीन लिए। मुझे यह भी समझ म आ गया कि जो कुछ घटित हुआ है उसका विरोध केवल राजनीतिक लोग नहीं कर सकत। यह हरेक का, खास तौर स बुद्धिजीवी का फज है कि उस औरत को हटाने के लिए अपन भरसक हर प्रयत्न कर, जिसने कि सत्ता, सम्मान और पद के लोभ म हमारी जनता की हालत जानवरो-सी कर दी है जिन्ह पहले भी हक के नाम पर सिफ पेट भरने का हक हासिल था सो भी तब जब उन्ह कुछ खाने को नसीब हो जाए।

मेरी अतरात्मा और मेरा विवेक अपन देश और लोगो का यह बलात्कार बर्दाश्त नहीं कर सका। और मेरा विश्वास था तथा अभी मेरा विश्वास है कि देश तथा जनता क प्रति किए गए अन्याय को जबतक दूर नहीं किया जाता और इतिहास म अभूतपूव निरकुश अधिकारो वाली रानी की तरह जिसने खुद का स्थापित कर लिया है उस औरत को जब तक हटाया नहीं जाता, तब तक मेरा भविष्य मेरा आराम मेरा स्वास्थ्य, मेरा जीवन भी कोई मानी नहीं रखता। और मैंने स्वय को इसी कत्तव्य मे लगा दिया। इस काय मे यदि तानाशाह या उसके गुर्गे मुझे सजा देना या मेरी जान लेना चाहते हैं, तो मैं उसके लिए भी तयार हू और इस मैं अपना सौभाग्य मानूगा, क्योकि मुझे विश्वास है कि मैं जिस ध्येय के लिए लड रहा हू वह है हमारी जनता की आजादी का ध्येय। यह मैं पहले भी कर चुका हू जब 35 वष पहले मैं नौजवान था। उस समय मुझ पर सम्राट् के विरुद्ध युद्ध छेडने का अभियोग

लगाया गया था, और मैंने उसके नतीजे भोगे। आज मैं महारानी के खिलाफ लडने को कृतसकल्प हू और अपना सवस्व अपना जीवन भी अपने देश की खातिर बलिदान करने म मुझे प्रसन्नता होगी।

इस काय म मुझे अपनी पत्नी से अपन परिवार से और दोस्तो से बल मिला है जो मरा सौभाग्य है जिन्होने कि स्वय मरी गतिविधिया म हिस्सा नही लिया पर मेरी आतरिक विवशता को समझा है जिसके कारण मैं जाज फर्नांडीस क पक्ष म अडिग रूप से आया हू—जिन्हाने 25 जून, 1975 से हमार देश म जारी घिनौनी तानाशाही के मुकाबल म बहादुरी तथा पक्के इराद के साथ लडाई की अगुवाई की है।

भरत पटेल की गवाही समाप्त होने के एक हफ्ते बाद दूसरे मुखबिर रेवती कात सिहा ने गवाही के कटघरे म पर रखा। रेवतीकात एक बिल्कुल अलग किस्म के व्यक्ति थे। प्रकट था कि उ ह अभियुक्त के रूप म नतीजे भोगने का साहस नही था अत मुखबिर बन गए थे। उन्हे पुरस्कार का लालच भी दिया गया होगा। एक विश्वसनीय सी अफवाह थी कि उन्ह 25 000 रुपय दिए जा चुके है गवाही के बाद 25 000 और दिए जाएगे तथा सशन कोट मे भूमिका निभा लेने के बाद 50 000 रुपये पुन दिए जाएगे। उन्होंने खुद कबूल किया कि उनकी आमदनी बहुत कम थी और परिवार बहुत बडा था। एक लाख रुपये न उनकी आत्मा का काटा निकाल ही दिया होगा जसा कि बहुता के साथ हो सकता है।

फिर भी कटघरे म वह दया के पात्र दीखे। पढाई गई पट्टी के अनुसार बयान देने म तो उन्ह अधिक कठिनाई नहा हुई पर उनकी मानसिक स्थिति बेचन नजर आती थी। पतिततम यक्ति भी अतरात्मा से कभी न कभी पीडित होता होगा। सिन्हा तक को अपनी पार्टी के अध्यक्ष जाज फर्नांडीस का—जिसने कि उनपर विश्वास किया था और जि हें वह अपनी गवाही से सजा दिलाने मे मदद करने जा रहे थ—सामना करना कठिन लगा होगा।

उन्होने अपना बयान सिफ पाच बठको म समाप्त कर दिया। उस समय लोक सभा के चुनाव की चरम सरगर्मी चल रही थी। स्वाभाविक था कि हम लोग उत्तजित थे तथा बाहरी दुनिया स निरतर सपक रखना चाहते थे। अतएव आवश्यक था कि जाज लोगो से मिल सक हालात पर विचार विनिमय कर सकें और जहा तक सभव हो चुनाव अभियान म निणय करने तथा दिशा निर्देश करने म हिस्सा ले सकें। जाज उम्मीदवारो के चयन म बयान जारी करने म विदेशी पत्रकारो को इटरव्यू देने म जनता पार्टी के नेताओ से मिलने म और चुनाव म आम तौर पर अपनी बात मनवान मे सफल रह इसका श्रेय कचहरी म कारवाई को निरतर जारी रखन म हम लोगो की पहल तथा सूझ बूझ को ही है।

अब अपनी सुविधा के लिए मुकद्दमे की कारवाई म विलब कराने और हर मौके का फायदा उठाने की प्राय सारी तरकीबें मैं जान गया हू। सबसे आसान और निश्चित तरकीब है बीमारी का बहाना। हम 22 लोग थे और सामान्य हालत म भी जेल म कोई भी महीन म एक बार तो बीमार पड ही सकता है। इस तरह पूरे एक महीन की देर कराई जा सकती थी। पर यह बहुत जाहिर युक्ति हो जाती, तथा मजिस्ट्रेट विशेष अधिकार क द्वारा हमारी इस निहायत हास्यास्पद चालबाजी को समझकर अभियुक्तो की गैरहाजिरी म भी कारवाई जारी रखवा सकता था। हमे ऐसी राह नही चलना पडा जिस कारण मजिस्ट्रेट हम अडगेबाज कहे। सौभाग्य से सिन्हा खुद ही मददगार हो गया—बीमारी के कारण या उसका बहाना करके। दो बार मैं बीमार हुआ, तथा चूकि मेरा कोई वकील नही था, इसलिए मेरी अनुपस्थिति को नजरअदाज नही किया जा सकता था। तीन मौको पर जाज को तथा मुझे हाइकोट म पेश होना था। हम कोई एक तरकीब कई बार नही अपनानी पडी जिससे कि मजिस्ट्रेट को भी पेशी बढाने से इनकार करने का मौका नही मिला।

इस्तगासे ने विरोध म बहुत शोर नही मचाया। एक कारण यह भी हो सकता है कि वकील का हर पेशी का पसा मिलता था इसलिए खुद उसके हित म यह नहीं था कि बहुत सख्त विरोध करे। जब मुझे पता लगा तो मैं गभीरता से सोचने लगा कि उससे कहू कि वह मेरी अनेक याचिकाओ के दौरान हाईकोट मे हाजिर होने की जो फीस पाता है, उसका आधा पैसा मुझे दे दे। मैं बहुत मेहनत करता था कभी-कभी वकीलो स भी ज्यादा ताकि मेरी दरख्वास्तें विचाराथ मजूर हो जाए तथा मेरी परवी काफी लबी होती थी जिसकी सुनवाई म एक दिन से अधिक समय लगता था—उस हालत म सरकारी वकील से उक्त सौदा क्या बुरा था।

कचहरी की प्रक्रियाओ से मुझे अहसास हो गया कि न्याय को टालना कितना आसान है। देरे आयद इसाफ इसाफ नही रह जाता। चालाक वकील चाहे तो कयामत के दिन तक टालमटोल कर सकता है तथा गरीब मुकद्दमेबाजो की फजीहत हो सकती है। हाईकोट म मैंने देखा कि मशहूर हो चुके, तथा न्यायाधीशों से सौहाद रखने वाले वकील आसानी स अपने मुवक्किलो के लिए स्थगन आदेश पा लते हैं। इस परपरा को रोकने के लिए क्या कुछ नही हो सकता?

हमारी तमाम तरकीबो के बावजूद सिन्हा ने अपनी गवाही माच के पहले हफ्त म खत्म कर दी। यदि हमने उनस जिरह करने का अधिकार छोड दिया होता तो आरभिक कारवाई समाप्त हो जाती। सेशन कोट म कई हफ्तो बाद मामला आता। इस बीच जनता की नजर स मुकद्दमा दूर हो जाता। निहायत जरूरी था कि कारवाई चलती रहे ताकि हम बाहर की दुनिया स सपक रख

लगाया गया था और मैंने उसके नतीजे भोगे। आज मैं महारानी के खिलाफ लड़ने को कृतसंकल्प हूं और अपना सर्वस्व अपना जीवन भी, अपने देश की खातिर बलिदान करने मे मुझे प्रसन्नता होगी।

इस काय मे मुझे अपनी पत्नी से, अपने परिवार से और दोस्तो से बल मिला है जो मेरा सौभाग्य है जिन्होंने कि स्वयं मेरी गतिविधियो म हिस्सा नही लिया पर मेरी आतरिक विवशता को समझा है जिसके कारण मैं जाज फर्नांडीस क पक्ष म अडिग रूप से आया हू—जिन्होन 25 जून, 1975 से हमार देश म जारी घिनौनी तानाशाही के मुकाबल म बहादुरी तथा पक्के इरादे के साथ लडाई की अगुवाई की है।

भरत पटेल की गवाही समाप्त होने के एक हफ्त बाद दूसरे मुखबिर रेवती कात सिन्हा ने गवाही के कटघर म पर रखा। रेवतीकात एक बिल्कुल अलग किस्म के व्यक्ति थे। प्रकट था कि उन्हें अभियुक्त के रूप म नतीजे भोगने का साहस नहा था अत मुखबिर बन गए थे। उन्हे पुरस्कार का लालच भी दिया गया होगा। एक विश्वसनीय सी अफवाह थी कि उन्हें 25 000 रुपय दिए जा चुके है गवाही के बाद 25 000 और दिए जाएगे तथा सशन कोट म भूमिका निभा लने के बाद 50 000 रुपये पुन दिए जाएगे। उन्हान खुद कबूल किया कि उनकी आमदनी बहुत कम थी, और परिवार बहुत बडा था। एक लाख रुपये ने उनकी आत्मा का काटा निकाल ही दिया होगा जसा कि बहुधा के साथ हो सकता है।

फिर भी कटघर म वह दया के पात्र दीखे। पढाई गई पट्टी के अनुसार बयान देने म तो उन्हें अधिक कठिनाई नही हुई पर उनकी मानसिक स्थिति बेचन नजर आती थी। पतिततम व्यक्ति भी अतरात्मा स कभी न कभी पीडित हाता होगा। सिन्हा तक का अपनी पार्टी के अध्यक्ष जाज फर्नांडीस का—जिसने कि उनपर विश्वास किया था और जिन्हें वह अपनी गवाही से सज़ा दिलाने मे मदद करने जा रहे थे—सामना करना कठिन लगा होगा।

उन्होंने अपना बयान सिफ पाच बठको म समाप्त कर दिया। उस समय लोक सभा के चुनाव की चरम सरगर्मी चल रही थी। स्वाभाविक था कि हम लोग उत्तजित थ तथा बाहरी दुनिया से निरतर सपक रखना चाहते थे। अतएव आवश्यक था कि जाज लोगो से मिल सक हालात पर विचार विनिमय कर सकें और जहा तक सभव हो चुनाव अभियान म निणय करने तथा दिशा निर्देश करन म हिस्सा ल सकें। जाज उम्मीदवारो के चयन म बयान जारी करने म विदेशी पत्रकारो को इटरव्यू दने म जनता पार्टी के नताओ से मिलने म और चुनाव म आम तौर पर अपनी बात मनवाने म सफल रह इसका श्रय कचहरी मे कारवाई को निरतर जारी रखने म हम लोगो की पहल तथा सूझ बूझ को ही है।

अब अपनी सुविधा के लिए मुकद्दमे की कारवाई म विलब कराने और हर मौके का फायदा उठाने की प्राय सारी तरकीबें मैं जान गया हू। सबस आसान और निश्चित तरकीब है बीमारी का बहाना। हम 22 लोग थे और सामा य हालत म भी जेल म कोई भी महीने म एक बार तो बीमार पड ही सकता है। इस तरह पूरे एक महीन की देर कराई जा सकती थी। पर यह बहुत जाहिर युक्ति हो जाती, तथा मजिस्ट्रेट विनेप अधिकार क द्वारा हमारी इस निहायत हास्यास्पद चालबाजी को समझकर अभियुक्तो की गरहाजिरी म भी कारवाई जारी रखवा सकता था। हमे ऐसी राह नही चलना पडा जिस कारण मजिस्ट्रेट हम अडगेबाज़ कहे। सौभाग्य से सि हा खुद ही मददगार हो गया—बीमारी के कारण या उसका बहाना करके। दा बार मैं बीमार हुआ, तथा चूकि मेरा कोई वकील नही था इसलिए मेरी अनुपस्थिति को नज़रअदाज नही किया जा सकता था। तीन मौका पर जाज को तथा मुझे हाइकोट म पेश होना था। हम कोई एक तरकीब कइ बार नही अपनानी पडी जिससे कि मजिस्ट्रेट को भी पेशी बढाने स इनकार करने का मौका नही मिला।

इस्तगासे ने विरोध म बहुत शोर नही मचाया। एक कारण यह भी हो सकता है कि वकील को हर पेशी का पसा मिलता था इसलिए खुद उसके हित म यह नही था कि बहुत सख्त विरोध करे। जब मुझे पता लगा तो मैं गभीरता स साचने लगा कि उसम कहू कि वह मेरी अनेक याचिकाआ के दौरान हाईकोट मे हाजिर होने की जो फीस पाता है, उसका आधा पसा मुझे दे दे। मैं बहुत मेहनत करता था कभी कभी वकीलो स भी ज्यादा ताकि मेरी दरख्वास्तें विचाराथ मजूर हो जाए तथा मेरी परवी काफी लबी होती थी जिसकी सुनवाई मे एक दिन से अधिक समय लगता था—उस हालत म सरकारी वकील से उक्त सौदा क्या बुरा था ?

कचहरी की प्रक्रियाआ से मुझे अहसास हो गया कि याय को टालना कितना आसान है। दरे आयद इसाफ इसाफ नही रह जाता। चालाक वकील चाहे तो कयामत के दिन तक टालमटोल कर सकता है तथा गरीब मुकद्दमेबाजो की फजीहत हो सकती है। हाईकोट म मैंने देखा कि मशहूर हो चुके, तथा यायाधीशों से सौहाद रखने वाले वकील आसानी से अपने मुवक्किलो क लिए स्थगन आदेश पा लेत हैं। इस परपरा को रोकने के लिए क्या कुछ नही हो सकता ?

हमारी तमाम तरकीबो के बावजूद सि हा ने अपनी गवाही माच के पहले हफ्ते म खत्म कर दी। यदि हमने उनस जिरह करने का अधिकार छोड दिया होता तो आरभिक कारवाई समाप्त हो जाती। सेशन कोट म कई हफ्तो बाद मामला आता। इस बीच जनता की नज़र से मुकद्दमा दूर हो जाता। निहायत ज़रूरी था कि कारवाई चलती रहे ताकि हम बाहर की दुनिया से सपक रख

सक । यह भी जरूरी था कि चुनाव अभियान के दौरान बड़ौदा षड़यंत्र लोगों को याद दिलाता रहे कि अभी तानाशाही बरकरार है और ऐसे लोग मौजूद हैं जो उसके खिलाफ सवस्व दाव पर लगा रहे हैं। हम चाहते थे कि इस मुकदमे का उपयोग हम जनता से वोट द्वारा तानाशाह को हटवाने में करें।

अतएव तय पाया गया कि सिंहा से जिरह की जाएगी। पर जिरह सामान्य रूप से नहीं हो सकती थी क्योंकि हम नहीं चाहते थे कि इस्तगासे को मुखबिर के बयान के वे कमजोर अंश मालूम हो जाएं जिनका उपयोग करके हम अभियोगों की धज्जियां उड़ाना चाहते थे। वह काम सेशन कोर्ट में ही होना चाहिए ताकि मुखबिर को सिखाने पढ़ाने या दस्तावेज गढ़ने का अवसर उन्हें न मिले। इसलिए जिरह ऐसी होनी चाहिए जो मुखबिर की मुख्य गवाही में आए साक्ष्य के इर्द गिर्द ही रहे। यह काम राजनीतिक आधार पर करना था तथा संभव हो तो सिन्हा का चरित्र खोखला साबित करना था। हम अपने राजनीतिक दर्शन की स्थापना करने तानाशाही के अत्याचार और असत से लड़ने में असंवैधानिक तरीकों के इस्तेमाल के अपने अधिकार को उचित ठहराने में भी इस मौके का लाभ उठाना था। तय पाया गया कि इस तरह की जिरह मैं ही ठीक तरह से कर सकूंगा।

पांच दिनों तक मैंने सिन्हा को गवाह के कटघरे में रखा। 22 मार्च को जब चुनाव के नतीजे आ गए और हमें जमानत पर रिहा कर दिया गया सिन्हा से जिरह पूरी नहीं हुई थी। कचहरी में खुशी से पागल भीड़ उमड़ पड़ी थी और उसके कारण सिन्हा पर शारीरिक खतरा तक आ सकता था पर वह भीड़ न होती तो मैं सिन्हा से सवाल कर करके उनकी हुलिया बिगाड़ देता।

मैं सिन्हा के चरित्र को नेस्तनाबूद करने में, तथा गवाह के रूप में उनकी साख कम करने में सफल रहा। उनसे मैंने कहलवा लिया कि वह शर्मिन्दा हैं कि वह डरपोक हैं कि उन्होंने अपने पार्टी अध्यक्ष जॉर्ज फर्नांडीस के साथ विश्वास घात किया है। स्वाभाविक था कि उन्होंने इससे इनकार किया कि उन्हें रिश्वत दी गई है तथा इनाम का वादा किया गया है पर उन्होंने सत्य कथन की शपथ के साथ कहा कि वह अपने साथ 1500 रुपए दिल्ली लाए थे जबकि उनकी वार्षिक आमदनी केवल 2000 रुपए है तथा परिवार में एक दर्जन से अधिक आश्रित सदस्य हैं। इस असामान्य तथ्य की सफाई में उन्होंने कहा कि जब कभी मुझे आर्थिक कष्ट होता है भगवान मेरी मदद करता है। गांधी जी और जे० पी० के प्रति श्रद्धा तथा आदर से वह मुकर नहीं सके पर बोले कि उनकी देशनिष्ठा तथा देशभक्ति के बारे में किंचित संदेह है। उनके माध्यम से मैं गांधीजी के प्रसिद्ध गाकि प्रायः विस्मृत परामर्श को सामने ले आया जिसमें गांधीजी ने भारतवासियों को सलाह दी थी कि कायरता और हिंसा में से अगर एक चीज चुननी हो तो जनता हिंसा को चुने। सिन्हा एक चालाक तथा सतर्क गवाह थे पर आततायी

के विरुद्ध हर नागरिक का किसी भी साधन के ज़रिए बगावत करने का अधिकार है इस प्रस्थापना का परोक्ष रूप से वैध ठहराने की दृष्टि से मैंने उनसे जो सवाल जवाब किए उसके आगे वह ठहर नहीं सके।

जिरह का मुख्य उद्देश्य अपने तथा अपने ध्येय के लिए प्रचार का अवसर जुटाना था। लेकिन समाचार जो कि अभी तक सरकार की मुट्ठी में था, इन कारवाइयों की खबर नहीं देना चाहता था। सिर्फ अंतिम पेशी 18 मार्च को थोड़ी-बहुत खबरें छपी। पर यह कमी हमने जिरह की कारवाई साइक्लोस्टाइल करके और उसे बटवा कर पूरी की। अदालत की कारवाई का पक्षपातपूर्ण ब्यौरा देना अदालत की मानहानि करना है, पर हम जानते थे कि इस्तगासे की गवाही का पूरा ब्यौरा देने वाले तथा बचाव पक्ष द्वारा जिरह होने पर उसे खबर को दबा देने वाले समाचार पर मुकद्दमा चलाकर हम कोई लाभ उस समय नहीं होगा। आगे चलकर हम इस बारे में कुछ कर सकते थे। उस समय हमारा उद्देश्य मुख्यतः वक्त हासिल करना जिरह को जारी रखवाना और मुकद्दमे को जनता की नज़र से न हटने देना ही था।

22 मार्च को ज़मानत पर रिहा होने और 26 मार्च को मुकद्दमा वापस ले लिए जाने से सिंहा को आजीवन सार्वजनिक श्रम और धिक्कार से अगर पूरी मुक्ति नहीं तो कुछ राहत अवश्य मिल गई। यहां उस नाटक का भी अंत हो गया जिसमें मेरी छोटी सी भूमिका थी। जार्ज फर्नांडीस के भूमिगत आंदोलन में शरीक हुए सैकड़ों लोगों को भारत के करोड़ों लोगों की तरह आज़ादी और आत्मसम्मान का जीवन उपलब्ध हो गया।

15

विद्रोह का अधिकार

25 माच 1977 को आधी रात म सी० बी० आई० के सुपरिंटेंडेंट रामिन्द्र सिंह ने मुझे फोन करक अनुरोध किया कि मैं अगली सुबह 9 30 बजे चीफ मेटोपालिटन मजिस्टेट की अदालत म हाजिर रहू। सरकार हमारे खिलाफ मामला वापस लने की दरख्वास्त दे सके इसलिए मैं वहा मौजूद रहू इसकी उसे बहुत व्यग्रता थी। 22 को जमानत पर अपनी रिहाई के बाद से ही मैं एस सदेश की उम्मीद कर रहा था सरकार इस अपरिहाय काय के लिए व्यग्र थी यह मैं समझ रहा था क्योकि जाज फर्नांडीस को 26 की सुबह केंद्रीय मत्रिमडल के सदस्य के रूप मे शपथ दिलाई जाने वाली थी।

मजिस्ट्रेट के सामने सुनवाई के दौरान पहल मैं एक बार कह चुका था कि इस मामले को वापस लन की इस्तगास की कोशिश का मैं विरोध करूगा। उन्होने सोचा था कि मैं मजाक कर रहा हू। पर मैं बहुत गभीर था। मेरा विश्वास था कि इस मामले म *निहित बुनियादी प्रश्नो पर पूरी बहस होनी चाहिए तथा उनपर* फसला किया जाना चाहिए।

बहरहाल जब 26 माच को सरकार ने मजिस्ट्रेट के सामने इस मामले को *उठाने की दरख्वास्त दी तो मैंने इसका विरोध नही किया, क्योकि उस दरख्वास्त* पर मर विरोध से जनता सरकार बहुत असमजस म पड जाती। पर बाद म सोचने पर मुझे पश्चात्ताप होता है कि मैंने मामले का आगे बढ़ाने का आग्रह क्यो नही किया। उस दशा म वह विवाद न उठता जो अब उठाया जा रहा है।

मामला वापस होने के कुछ दिन बाद सारे देश के अखबारो म पत्रा तथा बयानों की झडी लग गई। मद्रास के दनिक हिन्दू म सबसे अधिक ऐसे पत्र और बयान छपे जो यदि दक्षिण के लोगो के विचार प्रतिबिंबित न भी करते हो तो हिन्दू के विचार जरूर स्पष्ट करते हैं।

मुझे दो चरणो म इन पत्रों का जवाब देना पडा। अपने पहल पत्र म मैंने बताया कि जाज फर्नांडीस ने तथा मैंने अदालत म कबूल किया था कि हम श्रीमती गाधी की हुकूमत का उलटने के प्रयत्न के अपराधी हैं तथा एक दुष्ट और आततायी सरकार का उलटने म हर तरह के सुलभ साधनों का प्रयोग करना हर नागरिक का अधिकार है, अतएव पूरे मुकद्दमे की प्रक्रिया स गुजरने का कोई अथ न होता। उसी पत्र म मैंने लक्ष्य किया कि भारत की जनता न अपने विराट मत निणय क द्वारा हमारे दष्टिकोण के कारणा तथा आधार का अनुमोदन कर दिया है। इस पत्र के जवाब म हिन्दू म पत्रों की दूसरी बाढ आई जिसम कहा गया कि

कानून क राज तथा न्यायपालिका की स्वाधीनता को नजर म रखते हुए सरकार द्वारा मुकद्दमा वापस लना अनुचित था। मैंने एक दूसरा पत्र लिखा जिसम इन दलीलो के परखचे उडाए।

मामला वापस लेने का औचित्य तथा सरकार को उसका अधिकार है इसकी विवेचना हिन्दू मे छपे मेरे पत्रो म स्पष्ट रूप से की गई है। उन्ह यहा पुनमुद्रित किया जा रहा है।

मेरा 5 अप्रैल का पहला पत्र इस प्रकार था

बडौदा डायनामाइट केस

उपयुक्त शीषक स दो पत्रो म (30 माच) पाठको ने राय जाहिर की है कि अभियुक्तो की निर्दोषिता अथवा अनिर्दोषिता स्थापित हाने देने के बजाय सरकार द्वारा मुकद्दमा वापस ले लेना अनुचित है। निस्सदेह दोनो सज्जनो के मन मे कानून के राज' को कायम रखने का वडा मोह है हालाकि उनम से किसी ने या अन्य किसी ने भी जो कानून के राज म यकीन करत हैं 21 महीनो के जगली राज के दौरान कुछ लिखने या कहने का विचार नही किया जबकि वधानिकता या वधता का ढकोसला तक खत्म हो चुका था और सत्ता का नग्नतम दुरुपयोग सबके सामने हो रहा था।

एक मुख्य अभियुक्त के नाते मुझे आप यह कहन की इजाजत दें कि वास्तव म दोष या निर्दोषिता स्थापित करने की कोई जरूरत ही नही रह गई थी। श्री जाज फर्नाडीस ने तथा मैंन सरकार को उलटन क प्रयत्न के अपराध को कबूल कर लिया था। मजिस्ट्रेट के समक्ष अपने बयान म मैंने कह दिया था मेरी अतरात्मा तथा विवक अपने देश और लोगो का बलात्कार बर्दाश्त नही कर सका। और मेरा विश्वास था तथा मैं आज मानता हू कि हमारे देश तथा जनता के साथ जो अन्याय हुआ है उस जब तक दूर नही किया जाता तथा इतिहास म बेमिसाल निरकुश अधिकारो के साथ जो औरत रानी बन बठी है उस नहीं हटाया जाता, तब तक मेरे भविष्य मेरे आराम मेरे स्वास्थ्य और मेरे जीवन का भी कोई अथ नहीं है। मैं इसी कत्तव्य म लग गया। यदि तानाशाह तथा उसके गुर्गे इसक लिए मुझे दड देना चाहत हैं या मेरी जान लना चाहत हैं तो मैं तयार हू और इस में अपना सौभाग्य मानूगा कि जनता की आजादी के लिए लडते हुए मैंने कष्ट सह।'

शायद इन पत्र लखको को मालूम नही है कि 22 माच को जमानत पर हमारी रिहाई एक न्यायास्त के आधार पर हुई थी, जिसम कहा गया था

अभियुक्त प्रार्थियों पर सरकार को उलटन क षडयत्र का आरोप लगाया गया है। उन्होंने दलील दी है तथा अभी भी दावा करत हैं कि दुष्ट

तथा आततायी सरकार का उलटने का हर नागरिक को अधिकार है। श्रीमती गाधी ने कानूनी छल करके खुद को तानाशाह के रूप म कायम कर लिया था और प्रधानमत्री पद पर उनकी वधता तथा साख खत्म हो चुकी थी। जनता भी यही सोचती है इसका प्रबल प्रमाण उसने श्रीमती गाधी उनके अधिकाश मत्रिमडलीय सदस्यो तथा उनके छोटे से गिरोह को तथा उनकी पार्टी को इतिहास के कूड़े मे डालकर दे दिया है। अतएव श्रीमती गाधी तथा उनकी सरकार को उलटने का उनका सकल्प, जिनके लिए उन पर दड सहिता तथा अन्य अधिनियमो के तहत विभिन्न आरोप लगाए गए है भारत की जनता ने अनुमोदित कर दिया है। जनता से बढकर कोई अदालत नही हा सकती। प्रार्थियो को आशा थी कि श्रीमती गाधी तथा उनकी सरकार को जनता ने जिस जबदस्त ढग से तिरस्कृत किया है, उस मद्देनज़र रखकर यह बदनाम प्रधानमत्री तथा उनकी सरकार जिन्हे अभी भा सत्ता मे रहने दिया गया है उनके खिलाफ मुकद्दमा वापस ल लेगी। सभवत अध पतित तानाशाह औचित्य तथा शिष्टता भी नही बरत सकती इसी कारण प्रार्थियो को अभी भी हथकडियों म कचहरा लाया जाता है। यदि तिरस्कृत तथा सत्ताच्युत सरकार कुछ नही करना चाहती तो इस अदालत का कत्तव्य है कि वह जनता के निणय का सम्मान करे।

जाहिर है कि जमानत देने समय अदालत ने और हमारे विरुद्ध मुकद्दमा वापस लेते समय नई सरकार न जनता के निणय का मम्मान मात्र किया है। जनतत्र कोई अमूत्त कानूनी राज नही है बल्कि जनता की इच्छा का जीवत आलेख है। बडौदा डायनामाइट केस के अभियुक्तो क सौभाग्य से—और *मेरी राय म इस देश के सौभाग्य से—जनता का फसला जबदस्त ढग से* हमारे विश्वासो के अनुरूप रहा।

16 अप्रैल को मेर दूमरे पत्र मे मैंन लिखा

आपने इस मामले म पत्र यवहार बन्द कर दिया है, पर मैं आपके समाचारपत्र के स्तम्भो क माध्यम से कुछ नय और बुनियादी प्रश्नों का जवाब देने की अनुमति चाहता हू जो कि आपके पत्रलेखको न उठाए हैं क्योकि मैं इस मामल म प्रत्यक्ष रूप से जुडा हू।

एक लोकतत्रवादी क नात मैं आपके पाठको के 5 1 के निणय क आगे सिर झुकाता हू पर पुन एक लोकतात्रिक के ही नात मैं यह अधिकार चाहता हू कि अपने विरुद्ध मत वाला को अपन मत के पक्ष मे लान का प्रयत्न करू। यह करत समय मुझे यह खुशी जरूर है कि मुझे वापस जेल भेजन की न तो उनके पास शक्ति है न ही शायद उनकी यह इच्छा है। आपके अधिकाश

पत्रलखक जिस सतही और सस्त ढग से कानून राज की धारणा को समझते है उसे ठीक करन का प्रयत्न मैं नही करूगा। जो लोग आजादी से गहरी प्रतिबद्धता रखते है और अपनी जान की बाजी लगाकर भी उसके लिए लडने को तयार है केवल वही कानून तथा न्याय प्रक्रिया को ऐसे धरातल पर उठा सकत है जहा उनम सार और अथ आ जाए।

पत्रलेखक जिस हिंसा की धारणा से विचलित है उसपर कुछ कहने का मुझे अवसर द। क्या उन्हाने पिछल 21 महीना म आपातकाल क दौरान जनता पर की गई हिंसा के प्रति अपनी घणा व्यक्त की थी या कि अब करते है? श्रीमती गाधी क राजनीतिक विरोधियो पर जानबूझकर बबर व्यवहार के बार म उनकी क्या राय है? हजारो हजार लोग जिस मानसिक तथा शारीरिक घावो को आजीवन ढोते रहगे उनके प्रति सवेदना उनके मन म जागती है या नही? या कि वे यह सोचत है कि सरकारी हिंसा तो जायज है इसलिए क्षम्य है पर दुष्टता तथा अत्याचार के खिलाफ हिंसक प्रतिक्रिया को कानून की सामान्य प्रक्रिया से गुजरना ही चाहिए? गाधी जी की शिक्षा समझे या मान बगैर उनका उद्धरण देना फशनेबल है। पर क्या इन पत्रलेखको को गाधी जी की यह सलाह मालूम है कि अगर हम हिंसा और कायरता म से एक चीज चुननी हा तो हम हिंसा चुनें—जो उन अधेरे महीनो म हमारे सामन एकमात्र विकल्प थी और उसे हमन चुना? शायद उन्ह पता नही है या भूल रहे हैं कि गाधी जी न भी जे० पी० और लाहिया द्वारा अग्रेजा के खिलाफ हिंसक भूमिगत आन्दोलन चलाए जान का परोक्ष समथन किया था। और हम हत्या रहित आघात रहित' हिंसा के हामी थ। सरकारी पक्ष कितनी ही कोशिशा के बावजूद हम पर एक भी शारीरिक आघात या हत्या का आरोप नही लगा सका।

आपके पत्र लखका ने यह भी कहा है कि सरकार म कोई भी तबदीली सवधानिक तरीकों से ही होनी चाहिए। क्या उन्होने क्षण भर यह भी सोचा कि जब जनता के सवधानिक अधिकार ही न रह तब किस तरह एक सरकार को सवधानिक तरीके से बदलेंगे? जब कोई व्यक्ति या समूह सवधानिक छल करक सारी सत्ता हथिया ल और फिर सविधान को बदल द ताकि सवधानिक रूप से उस उलटा ही न जा सके तब कोई क्या करे? याद रहे कि हिटलर भी सविधान की मदद स सत्तारूढ हुआ था और फिर उसन इतिहास की क्रूरतम तानाशाही कायम कर दी थी। 12 जून 1975 का जब उनका चुनाव अवध करार दिया गया था श्रीमती गाधी के पास क्या वधता रह गई थी? उन्होंने कानून का पिछली तारीखा स बदलकर अपने गुनाहा की माफी पा ली जबकि वह निर्वाचित पद क अयोग्य थी और इस तरह

वैधता' हासिल की। उन्होंने संविधान को इतना बदल दिया कि पहचान में ही न आए और संसद की आयु 5 से बढ़ाकर 6 और फिर 7 वर्ष कर दी। वह चाहती तो रबड़ संसद तथा खुद का शासनकाल हमेशा चलाए रखती। उन्हें चुनाव कराने की जरूरत नहीं थी जो ऐसी भूल है जिसके लिए वह आजीवन पछताएंगी। उन हालात में जनता को कौन-सा संवैधानिक साधन उपलब्ध था, जिनमें गांधी जी ने दुष्टता तथा अत्याचार को डरकर स्वीकार करने की बजाए हिंसा अपनाने की सिफारिश की है?

मुझे खुशी है कि मैंने संविधानेतर तरीके अपनाए, बजाए इसके कि 'संविधानसम्मत उपचार' की प्रतीक्षा करता रहता और यह करके मैंने श्रीमती गांधी तथा उनके गुर्गों तक के जीने के अधिकार का सम्मान किया, जबकि उन्होंने भारत की जनता को इस अधिकार से वंचित कर दिया था—सुप्रीम कोर्ट ने इसपर संविधान की मुहर लगा दी थी। हम यह न भूलें कि आपातकाल में अगर अवैध ढंग से मेरी जान ले ली गई होती तो मेरे परिवार के सामने इसके अलावा कोई चारा न होता कि आपातकाल खत्म होने का इंतजार करें और दीवानी मुकद्दमा चलाकर क्षतिपूर्ति का दावा करें! जनता को इस किस्म के संवैधानिक और कानूनी अधिकार हासिल थे इन 21 महीनों में! यदि अहिंसा और संविधान के नाम पर मैं उस स्थिति में चुपचाप बैठा रहता तो इससे बढ़कर कायरता नहीं हो सकती थी।

अखबारों में यह विवाद उठने के बाद दिल्ली हाई कोर्ट में दो दरख्वास्तों के जरिए हमारे खिलाफ मुकद्दमा वापस लेने की सरकारी कारवाई की वैधानिकता को चुनौती दी गई है। दिल्ली हाई कोर्ट इन प्रार्थनाओं पर क्या फैसला करेगा उसका कयास लगाना न तो जरूरी है न उचित। मामले को दुबारा शुरू किया जाए या नहीं पर जरूरी है कि इस बारे में सार्वजनिक रूप से खुलकर पूरी बहस हो।

सफल क्रांतियां खुद अपने तक, खुद अपने कानून बनाती हैं। गैरकानूनी और आपराधिक समझे गए क्रांतिकारी कार्यों को वे वैध करार देती हैं। हम पर मुख्य आरोप यह था कि हमने श्रीमती गांधी की कानूनी ढंग से गठित सरकार को उलटने की कोशिश की थी। चूंकि हम जिस सरकार को उलटने की कोशिश में थे वह अपने-आप उलट गई इसलिए यदि हमारे कार्य अगर पवित्र न भी माने जाएं तो क्षम्य हो ही गए।

सारे इतिहास में राजसत्ता के विरुद्ध अपराध के अभियुक्त क्रांतिकारियों को क्रांति के बाद आरोपों से मुक्त करके सम्मानित किया गया है। हमारे अपने देश में 1946 में सैकड़ों लोग जेलों में हिरासत में थे या सजा काट रहे थे—ब्रिटिश सरकार के खिलाफ कारवाई के कारण। देश की स्वाधीनता निकट देखते ही

ब्रिटिश लोगो ने खुद उन सभी देशभक्तो को रिहा कर दिया। जिन सनिको ने आजाद हिन्द फौज म शिरकत करके अग्रेजो के खिलाफ लडाई लडी थी, उनकी सजा थी मौत। पर उन्ह भी छोड दिया गया। यदि कोई कानून की दुहाई देकर कहता कि उन सब पर मुकद्दमा चला कर सजा दो तो इसस बीभत्स कोई बात न होती। श्रीमती गाधी तथा उनकी सरकार स्वदेशी थी इससे कोई फक नही पडता। वस्तुत स्थानीय तानाशाह स्थानीय आततायी विदेशी आततायी से भी अधिक दुष्ट होता है। अग्रेजो ने भी श्रीमती गाधी की तरह निममता से नागरिक अधिकार नष्ट नही किए थे।

ऐतिहासिक उदाहरणो की कमी नही है पर हमारे आपराधिक' कार्यों को सराहना न सही उन्ह क्षमा करने मे भी जो हिचक है वह आहत वकीलो तथा कानूनी राज के पडितो तक सीमित नही है। खुद जनता सरकार पसोपेश मे दिखाई देती है—ऐसा पसोपश जिसम यह भय है कि हमारे अपराधो' को साफ-साफ माफ कर देने से उन्ह नक्सलवादियो तथा दूसरे लोगो के भी इसी प्रकार के कथित कार्यों को माफ करना पडेगा। हील हुज्जत की यही वजह है, इसीलिए वे जताना चाहते हैं कि यह सारा मामला हम पर झूठ मूठ आरोपित था। इस तरह हीले हवाले का राजनीतिक औचित्य नही हो सकता। सरकार को सीधे सीधे इस सवाल का सामना करना पडेगा दुष्टता और अत्याचार को समाप्त करने हतु किसी भी उपलब्ध साधन का उपयोग करनेवाले हम तथा हमारे जसे अन्य लोग सही थे या गलत ?

डाक्टर लोहिया ने एक बार कहा था कि क्राति के इतिहास म ऐसा कभी नही हुआ था कि उत्तराधिकारी क्राति के गभ को ही लात मारें जैसा कि नेहरू तथा उनके साथियो ने सिविल नाफरमानी को सामाजिक परिवतन का कारगर तथा वध उपकरण मानने से इनकार करके किया। पर उन्हें भी जे० पी० डाक्टर लोहिया अच्युत पटवधन अरुणा आशफअली की उनके हिंसक उपायों के लिए भत्सना करन का साहस नही हुआ। 1942 के भूमिगत आन्दोलन के इन नेताओ तथा नेताजी सुभाष बोस की बहादुर आजाद हिन्द फौज की मुक्त कण्ठ से सराहना हुई थी। यदि जनता सरकार हम पर लगाए गए अभियोगो के कार्यों को उचित ठहराने म हिचकती है तो बहुत शमनाक बात होगी।

कानून का मुख्य उद्देश्य व्यवस्था बनाए रखना है। कानून और व्यवस्था स्पष्टत निहित स्वार्थों और यथास्थिति के पक्ष म रहती हैं। कानूनी राज की कठोर व्याख्या और उसपर अमल का नतीजा केवल यथास्थिति बनाए रखने मे होगा। कानून की दीवारों के बाहर यदि जनता की इच्छा व्यक्त नही हुई तो कोई प्रगति नही हो सकती और इतिहास म तमाम क्रातियों न यही किया है—उन्होंने आततायी सरकारो को उलटकर मनुष्य का भाग्य बदला है। खुद कानूनई जोदि

मनुष्य की ही सष्टि है, इसी प्रकार लगातार परिवतन प्रक्रिया से गुजरता रहा है। मानवजाति के महान नेता तथा चिंतक मानवजाति के सम्मान आजादी और जीवन की रक्षा के लिए ही क्रातियो का प्रचार और नेतत्व करते रह हैं। उन्होने यदि कानून की चहारदीवारी म काम करना चाहा होता या सविधानेतर कानूनतर तरीके अपनाने म आनाकानी की होती तो इतिहास म कभी किसी आतताई का तख्ता न उलटता न किसी कौम या देश को कभी आजादी मिलती।

सक्षेप म यही हमारा दशन था। क्राति के सामान्य हिस्सेदारो की भाति ही हम भी कानून के राज को भग करने के नतीजे भोगने को तयार थ। हम कोई पश्चात्ताप नहा है। इसके विपरीत हम उचित ही गव है कि हमने एक ऐसी ताना शाही के खिलाफ लडाई लडी जो निहायत दुष्ट और आतताई थी। हम अपने काय का फैसला कानूनी अदालत पर छोडने को तयार थ। बल्कि हम चाहग कि सर्वोच्च अदालत भारत की जनता इसपर फैसला दे।

परिशिष्ट-1
अभियुक्त

अनजाने ही श्रीमती गाधी ने बडौदा डायनामाइट षडयंत्र मे ऐसे अभियुक्तो की सूची बनाई जो भारत के विभिन्न वर्गो और क्षेत्रो के प्रतिनिधि थे।

अभियुक्त बिहार उत्तरप्रदेश दिल्ली मध्यप्रदेश, गुजरात, महाराष्ट, कर्नाटक केरल और आध्रप्रदेश के निवासी थे। उनकी आयु भी अलग-अलग थी। सबसे छोटे पद्मनाभ शेट्टी 21 वष के थे जबकि सबसे बुजुग प्रभुदास पटवारी 68 वष के। उनके सामाजिक वग भी विभिन्न थे मिल मजदूर (मोतीलाल कनोजिया), पत्रकार (विक्रमराव किरीट भट्ट विजयनारायण कमलेश शुक्ल), वकील (प्रभुदास पटवारी), एक बडी उद्योग कम्पनी के अध्यक्ष (वीरेन शाह), छात्र (पद्मनाभ शेट्टी) उनकी राजनीतिक पार्टिया भी अलग-अलग थी, और प्राय सभी पार्टियो के लोग उसम थे कुछ व्यक्ति किसी भी राजनीतिक पार्टी म नही थे।

अभियोग पत्र म दी गई क्रमवार सूची के अनुसार अभियुक्त इस प्रकार थे

1 जाज फर्नांडीस—सोशलिस्ट पार्टी के अध्यक्ष तथा आल इडिया रेलवेमेन्स फेडरेशन के अध्यक्ष।

2 के० विक्रम राव—1960 70 म उत्तरप्रदेश मे युवजन तथा छात्र नेता तथा टाइम्स ऑफ इडिया के बडौदा स्थित सवाददाता।

3 किरीट भट्ट—इडियन एक्सप्रेस के बडौदा स्थित सवाददाता।

4 प्रभुदास पटवारी—काग्रेस (सगठन) के प्रमुख नेता महात्मा गाधी के साबरमती आश्रम एव अन्य सस्थाओ के प्रबधक न्यासी (मनजिंग ट्रस्टी)।

5 डॉ० जी० जी० पारीख— जनता' साप्ताहिक के भूतपूव सपादक तथा बबई की सोशलिस्ट पार्टी के अध्यक्ष।

6 जसवतसिह चौहान—प्रमुख समाजवादी युवजन नेता, बडौदा नगर पालिका के सदस्य।

7 गोविंदभाई सोलकी—बडौदा के सोशलिस्ट कायकर्त्ता।

8 मोतीलाल कनोजिया—बडौदा के सोशलिस्ट कायकर्त्ता।

9 महेन्द्रनारायण वाजपयी—ईस्टन रलवेमेन्स यूनियन, पटना के शाखा सचिव।

10 विजयनारायण सिंह—भूतपूव पत्रकार उत्तरप्रदेश सोशलिस्ट पार्टी व सयुक्त सचिव।

11 सी० जी० के० रेड्डी—मसूर राज्य सोशलिस्ट पार्टी के भूतपूव अध्यक्ष, राज्यसभा के भूतपूव सदस्य, तथा दनिक 'हिंदू' क प्रबधक।

12 कमलश शुक्ल—कवि तथा पत्रकार सोशलिस्ट पार्टी क भूतपूव सयुक्त सचिव, 'प्रतिपक्ष' साप्ताहिक के सपादक।

13 सुशीलचद्र भटनागर—आल इडिया रेलवमेन फडरेशन के प्रमुख कायकर्ता।

14 वीरेन ज० शाह—मुकद आयरन ऐंड स्टील वक्स लि० के चेयरमन एव मनेजिंग डायरेक्टर, तथा राज्यसभा के सदस्य।

15 एस० आर० राव—बम्बई लेबर-यूनियन के उपाध्यक्ष।

16 लक्ष्मण जाधव—बम्बई लबर यूनियन के उपाध्यक्ष।

17 सोमनाथ दुबे—बम्बई लेबर यूनियन के उपाध्यक्ष।

18 गोपाल शेरिगर—छात्र तथा बम्बई लेबर-यूनियन कायालय के कमचारी।

19 पद्मनाभ शेट्टी—छात्र, तथा बम्बई लेबर यूनियन कार्यालय के कमचारी।

20 विश्वनाथ शेट्टी सन्ट्रल रेलव एम्पलाइज को-आपरेटिव सोसायटी के कार्यालय के कमचारी।

21 जयराम मोरे—मध्य रेलवे के इलेक्ट्रीशियन।

22 देवेन्द्र मोहन गूजर—बम्बई नगरपालिका क जूनियर ऑडीटर।

23 सुरेश वैद्य—लिपिक, नासिक पुलिस अधीक्षक कार्यालय।

24 लाडली मोहन निगम—य मध्यप्रदेश के हैं। पर अपने सतत कार्यों तथा ज़िम्मेदारियों के लिहाज स यह सार देश के हैं देश म सोशलिस्ट पार्टी का शायद ही कोई आदोलन है जिसम लाडली न हिस्सा न लिया हो। लाडली की आदतें मसलन सुवह तैयार होन म लगनवाला समय उनक साथियो का चिढा भले ही दती हो और पार्टी म उसे लेकर कई चुटकुले भ[illegible] लेकिन उनकी निष्ठा, सहभाव [illegible] । के बारे म[illegible] न विरोधी तक शका नहीं क[illegible] ाटों म वह उन जिन्होंने डा[illegible] हैं।

लाडली [illegible] शुरू करते ह तभी से ला[illegible] उनके और [illegible] । म वह बहुत [illegible] भूमिगत [illegible] होती थी, [illegible]

इतनी प्रगाढ़ और व्यापक है कि उन डरावने दिनो मे जब पुराने सोशलिस्ट भी फरार लोगो को शरण देते डरते थे, लाडली का हर घर म स्वागत होता था। इसलिए हमारे खिलाफ मुकद्दमा हटाए जाने के दिन तक फरार रहने म उन्हे खास कठिनाई नही हुई।

25 अतुल पटेल (फरार)—बडौदा के एक व्यापारी तथा मुखबिर भरत पटेल के भतीजे। उनका नाम भरत पटेल की मुखबिरी को विश्वसनीय बनाने के लिए शामिल किया गया। वह आराम से दुबाई म बैठे थे और अपने व्यापार को चला रहे थे। उनके परिवार को उनके पास जाने की इजाज़त दे दी गई थी। वह नाम मात्र के लिए 'फरार' थे।

परिशिष्ट 2

अभियोग पत्र

थाना केन्द्रीय अन्वषण ब्यूरो (ए)
जिला के स्प/के अव्यू
अभियोग पत्र मख्या दिनाक
नाम पता और पेशा
शिकायत कर्त्ता या सूचनादाता श्री एम० जी० रिजसिघानी पुलिस इस्पेक्टर थाना रावपुरा बडौदा।
प्रथम सूचना रपट स० आर० सी० 2/76 सी० आइ० यू० (ए)
दिनाक 23 8 1976
अभियुक्तो के नाम और पते
मुकद्दमे के लिए भेजे गए व्यक्ति सूची सलग्न है
हिरासत म जमानत या मुचलके पर सूची सलग्न है
अभियुक्तो के नाम और पते
वे व्यक्ति जिन पर मुकद्दमा नही चलाया गया सूची सलग्न है
गिरफ्तार या न गिरफ्तार किए गए व्यक्ति
जिनम फरार शामिल है सूची सलग्न है
सपत्ति (हथियार सहित) जो बरामद की गई
कहा कब और किसके द्वारा
तथा क्या उस मजिस्ट्रट क पास भेजा गया सूची सलग्न है
गवाहो के नाम और पत सूची सलग्न है

अपराध के नामो तथा उससे सबद्ध परिस्थितियो और अभियोग कानून की किस धारा के तहत लगाया गया है इसके बारे म अभियोग या सूचना सक्षेप म

8 9/3/1976 की रात म बडौदा नगर म पुलिस को जब यह विश्वसनीय सूचना मिली कि राज्य क बाहर भेजे जाने के उद्देश्य से कुछ विस्फोटक पदाथ मेसस रोड लिक आफ इडिया की बडौदा स्थित गोदाम म रखा हुआ है तो उसने उक्त परिवहन कपनी के कार्यालय की तलाशी ली जिसम इडियन एक्सप्लोसिन्ज लिमिटेड गोमिया म निर्मित टाच मार्का एस० जी० 80 की 836 नाइटोग्लिसरीन छडों से भरी लकडी की सात पटिया तथा फ्यूज वायर के 85 गोले बरामद हुए। तलाशी के बाद थाना रावपुरा म एक मामला दज किया गया तथा आगे चलकर 23 3 76 को इसकी तहकीकात का जिम्मा केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो ने

गुजरात की राज्य सरकार क अनुरोध पर ले लिया और नई दिल्ली के स्पेशल पुलिस सस्थान की सी० आई० यू० (ए) शाखा म एक मामला (आर सी 2/76) दज किया गया। जब केन्द्रीय अन्वषण ब्यूरो की तहकीकात जारी थी उसी दौरान दिल्ली पुलिस न भी दो मामले दज किए।

इनम मे एक मामले का सबध 37 डायनामाइट छडो, 49 डिटोनेटर और सफ्टी फ्यज वायर के 8 गोला की बरामदगी से था। यह पाया गया कि दिल्ली पुलिस द्वारा अन्वेषित दोना मामलो का बडौदा म बरामद की गई डायनामाइट छडा स सबद्ध मामले से सबध है अतएव इन दो मामलो की तहकीकात का काय भी दिल्ली प्रशासन के अनुरोध पर केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो को सौंप दिया गया।

(2) 26 6 76 को बबइ मे क्रिग्ज सर्किल रेलवे स्टेशन के समीप रेलवे पुल पर विस्फोट होने के बाद डी० सी० बी० सी० आई० डी० बम्बई ने एक मामला सख्या 281/76 दज किया तथा कुछ अभियुक्तो को गिरफ्तार किया। इन अभियुक्तो स पूछताछ से प्रकट हुआ कि अभियुक्तो ने ये डायनामाइट छडें और अन्य विस्फोटक सहायक सामग्री बडौदा से उपलब्ध की थी। यह सूचना पाते ही केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो का अन्वेषण दल आगे तहकीकात के लिए बम्बई पहुचा और उसने पाया कि बम्बई वाले मामले के अन्वेषणाधीन तथ्य बडौदा मे डायनामाइट की बरामदगी के मामले स बहुत अधिक सबद्ध हैं अतएव इन तीनो मामलो, अर्थात बम्बई का उक्त 281/76 रेलवे पुलिस थाना बाद्रा का 3457/75, और रेलवे पुलिस थाना बम्बइ सेंट्रल का 3376/75 को भी महाराष्ट्र सरकार की सहमति से भारत सरकार ने केन्द्रीय अन्वषण ब्यूरो को सौंप दिए और स्पेशल पुलिस सस्थान की ई० आइ० यू० (ए) शाखा मे तीन मामले (आर सी 6/76 से 8/76) दज किए गए। हालाकि केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो द्वारा चार मामले दज किए गए थे पर तहकीकात से पता लगा कि चारो मामलो की सकेतित घटनाए तथा, अपराध उसी षडयत्र को आग बढाने म अभियुक्तो द्वारा किए गए अवैध कार्यों से सबद्ध हैं जिसकी तहकीकात आर० सी० 2/76 सी० आइ० यू० (ए) वाले मामले म हो रही थी, अतएव चारा मामलो का एक सयुक्त अभियोग पत्र प्रस्तुत किया जा रहा है।

(1) अभियुक्त जाज मथ्यू फर्नांडीस (आग जाज फर्नांडीस अ० 1 के नाम स अभिहित) भारत की सोशलिस्ट पार्टी का अध्यक्ष है तथा आल इडिया रेलवे मेन्स फेडरेशन का भी अध्यक्ष है।

(2) अभियुक्त के० विक्रम राव और अभियुक्त किरीट भट्ट (आग क्रमश अ 2 और अ 3 क नाम स अभिहित) बडौदा क दो पत्रकार हैं। अ २ बडौदा म टाइम्स आफ इडिया का स्टाफ सवाददाता तथा आल इडिया फेडरेशन आफ

वकिंग जनलिस्टस का उपाध्यक्ष था। अ० 3 अहमदाबाद के इंडियन एक्सप्रेस का बडौदा स्थित संवाददाता तथा यूनियन आफ बडौदा जनलिस्टस का अध्यक्ष था।

(3) अभियुक्त प्रभुदास पटवारी (आगे अ 4) गुजरात म काग्रेस (सगठन) का प्रमुख समथक था और खुद को समाज सेवक कहता है।

(4) अभियुक्त जी० जी० पारीख (आगे अ 5) बम्बई की नगर सोशलिस्ट पार्टी का अध्यक्ष है।

(5) अभियुक्त जसवतसिंह चौहान (आगे अ 6) बडौदा सोशलिस्ट पार्टी का सयुक्त सचिव है तथा नगर पाषद भी है और जनता मोर्चे के समथन स निर्वाचित हुआ है।

(6) अभियुक्त गोविन्द भाई सोलकी तथा अभियुक्त मोतीलाल कनोजिया (आगे अ 7 और अ-8) सोशलिस्ट पार्टी की बडौदा शाखा के सक्रिय कायकर्त्ता हैं।

(7) अभियुक्त महेन्द्रनारायण वाजपेयी (आगे अ 9) उत्तरप्रदेश सोशलिस्ट पार्टी का सयुक्त सचिव है।

(8) अभियुक्त विजयनारायण सिंह (आगे अ 10) उत्तरप्रदेश सोशलिस्ट पार्टी का सयुक्त सचिव है।

(9) अभियुक्त सी० जी० के० रेड्डी (आगे अ 11) हिन्दू का प्रबध सलाहकार है और जाज फर्नांडीस (अ 1) का घनिष्ठ सहयोगी। 1952 म मैसूर राज्य के वह सोशलिस्ट पार्टी के उम्मीदवार के तौर पर राज्य सभा के लिए निर्वाचित हुआ था।

(10) अभियुक्त कमलेश शुक्ल (आगे अ 12) अखिल भारतीय सयुक्त सोशलिस्ट पार्टी का एक भूतपूव सयुक्त सचिव है। वह जाज फर्नांडीस अ 1 के हिन्दी साप्ताहिक प्रतिपक्ष का सपादन कर रहा था।

(11) अभियुक्त सुशीलचद्र भटनागर (अ 13) उत्तर रेलवे के स्पेशल टिकट एक्जामिनस का एक सीनियर ग्रुप इस्पेक्टर है।

(12) अभियुक्त वीरेन जे० शाह (आगे अ 14) मुकन्द आयरन ऐंड स्टील वक्स लिमिटेड के निदेशक मडल का अध्यक्ष है। अगस्त 1975 म जनता मोर्चा के समथन से वह गुजरात से राज्य सभा क लिए निर्वाचित हुआ था।

(13) अभियुक्त एस० आर० राव, अभियुक्त सोमनाथ दुबे और अभियुक्त लक्ष्मण मुरारि जाधव (आगे अ 15, अ 16 अ 17) बम्बई लेबर यूनियन के उपाध्यक्ष है जिसका नियत्रण जाज फर्नांडीस अ 1 अध्यक्ष के रूप म करता है।

(14) अभियुक्त गोपाल शेरीगर और पद्मनाभ शेट्टी (आगे अ-18 और अ 19)

बम्बई लेबर यूनियन के कमचारी है।

(15) अभियुक्त विश्वनाथ शट्टी (आग अ 20) जो बम्बई लेबर यूनियन के परेल कार्यालय मे रहता रहा है, परेल म सेंट्रल रेलवे एम्प्लाईज को आपरटिव कज्यूमस सोसायटी कैंटीन म एक कटीन वेंडर है।

(16) अभियुक्त जयराम नाना मोरे (आग अ 21) मध्य रेलव के ट्रेन लाइटिंग डिपाटमट मे इलक्ट्रीशियन है और बम्बई वी० टी० के लोको शेड म नियुक्त है।

(17) अभियुक्त देवेन्द्र मोहन गूजर (आगे अ 22) बम्बई नगरपालिका मे जूनियर ऑडीटर है।

(18) अभियुक्त सुरेश वद्य (आग ए 23) नासिक म पुलिस अधीक्षक कार्यालय म जूनियर क्लक है।

(19) अभियुक्त लाडली मोहन निगम (आगे अ 24) इदौर म सोशलिस्ट पार्टी का एक प्रमुख और सक्रिय कायकर्त्ता है।

(20) अभियुक्त अतुल पटेल (आग अ-25) भरत सी० पटेल का भतीजा है जो बडौदा का एक प्रमुख उद्योगपति है। बडौदा के निकट हलोल म हिन्दुस्तान क्वरी वक्स हलोल के नाम से उसके पिता की एक पत्थर की खदान है।

अ 24 और अ 25 अभी तक फरार है।

(3) तहकीकात स मालूम हुआ कि 25 6 75 को देश म आपातकाल की घोषणा हाने पर जाज फर्नांडीस अ 1 भूमिगत हो गया और इसके खिलाफ प्रतिरोध जागत करने तथा अवध शक्ति क इस्तेमाल तथा प्रदशन के जरिये सरकार को आतकित करने का निश्चय कर लिया। जुलाई 1975 के शुरू म वह पटना पहुचा और रेवतीकात सिन्हा एम० एल० सी० (सोशलिस्ट) के घर पर अभियुक्त 9 समेत अपन अनक चुनिदा अभियगिया के साथ गुप्त बठकें की और उनसे कहा कि मुझे ऐसे विश्वस्त तथा प्रतिबद्ध कायकर्त्ताओ की तलाश है जो केन्द्र की निरकुश सत्ता को समाप्त करने की मेरी योजनाओ को कायरूप देने को तैयार हो। इसी तलाश मे जॉज फर्नांडीस अ 1 जुलाई 1975 के मध्य के दिनो मे अहमदाबाद पहुचा और अ 5 तथा अ 24 के साथ डा० देवेन्द्र महासुखराम सूरी के घर गुप्त सभाए की। जाज फनाडीस अ 1 उसक बाद बडौदा पहुचा जहा अ 2 और अ 3 न उपयुक्त भरत सी० पटेल के घर उसके रहन का इतजाम कराया, जिसे कि अब क्षमा प्रदान की जा चुकी है। भरत सी० पटेल क यहा निवाम के दौरान जाज फर्नांडीस अ 1 ने उसको अ 2 को और अ 3 को अवध शक्ति का प्रदशन करके तथा तोडफोड की कारवाई करके केन्द्र सरकार को आतकित करने क उद्देश्य से अवध षडयत्र म शामिल होने क लिए राजी करा लिया और गैरकानूनी काय करन के लिए सहमत करा लिया। योजना बनाई गई कि भरत सी० पटेल के माध्यम से डायनामाइट छडें और डिटोनेटर तथा फ्यूज

वायर जसी सहायक विस्फोट सामग्री हासिल की जाए। विस्फोटको को हासिल करने स पहल भरत सी० पटेल न विस्फोटको की प्रयोग विधि का प्रदशन आयोजित किया और उसके कहने पर उसक भतीजे अतुल पटेल अ _5 जाज फर्नांडीस अ 1 विक्रम राव अ 2 किरीट भट्ट अ 3 और बडौदा के एक अय पत्रकार श्री सतीश पाठक को हलोल म पत्थर की खान म उस प्रदशन को दिखाने ले गया। विस्फोटको की विनाशक क्षमता देखन क बाद जाज फर्नांडीस अ 1 ने सतोषपूवक कहा कि उस वह चीज मिल गई जिसकी उस तलाश थी। तय किया गया कि पुलो और महत्त्वपूण रल पटरिया तथा सडको को विस्फाट से उडाकर भय तथा अराजकता पदा की जाए जिसका अतिम लक्ष्य, केद्र की स्थापित सरकार को उलटना है।

(4) बडौदा म निवास के समय जाज फनाडीस अ 1 ने भरत सी० पटेल को विदेशो म एक प्रसारण रेडियो स्टेशन कायम करने की योजना पर काम करन का भार सौंपा उसने मदद तथा समथन की माग वाले अपने (जाज फर्नांडीस अ 1) पत्र कुछ विदेशी महत्त्वपूण व्यक्तियो तथा सस्थाओ यथा सोशलिस्ट इटरनशनल, को पहुचान के वास्त गुप्त रूप से अपन साथ विदेश ल जाने का भी काम सौंपा। इनम स एक पत्र म उसने उन लोगो से अपन दूत (भरत सी० पटल) को एक सशक्त प्रसारण इकाई कायम करने म मदद की माग की जो कि पूरे देश म प्रसारण कर सके। उसने बी० बी० सी० विश्व बक और अय स वही रुख अपनाने की दरख्वास्त की जो वे दक्षिण अफ्रीका रोडशिया और अया के प्रति अपनाते है।

(5) इस सहमत योजना क अनुसार भरत सी० पटेल और उसके रिश्तदारो की टिम्बा रोड स्टोन क्वरी से 10 बोरी डायनामाइट छडें और 200 डिटोनटर तथा 8 गोले फ्यूज वायर मेसस वासुदेव ऐंड कपनी हलोल स मसस हिदुस्तान क्वरी वक्स हलोल क खात म प्राप्त की जो कि अ 25 क पिता की कपनी है, अ 2 और अ 3 21 7 1975 को माही गेस्ट हाउस टिम्बा रोड क्वरी स 2 मोटर-कारो म इस ल आए और प्रभुदास पटवारी अ 4 क घर अहमदाबाद म पहुचा दिया। जाज फर्नांडीस अ 1 ने पहल ही अ 4 से मिलकर विस्फाटको को रखन का इतजाम तय कर लिया था और अ 4 न अपन गराज से लगे एक कमर म डायनामाइट की छडें रखवा दी।

